RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित


# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net | वर्ष 33 ■ अंक 241 ■ मुंबई, सोमवार 24 मार्च 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00 | संरक्षक : आरएन सिंह



दाम्पत्य जीवन को बिगाड़ रहा सोशल मीडिया

पेज-4



राणा सांगा का अपमान, औरंगजेब का गुणगान, यही सपा की असली पहचान : मौर्य

पेज-6



रहस्यों से भरा हम्पी का विट्ठल मंदिर

पेज-8



सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को 44 रनों से हराया

पेज-9

संभल हिंसा में बड़ा ऐक्शन

# जामा मस्जिद के सदर गिरफ्तार

**महानगर नेटवर्क**

**संभल**

संभल शाही मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष जफर अली को यूपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। संभल की शाही जामा मस्जिद के सदर जफर अली को उत्तर प्रदेश पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने रविवार को संभल हिंसा से जुड़े मामले में 4 घंटे की लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं शाही जामा मस्जिद के सदर जफर अली की गिरफ्तारी के बाद संभल CO अनुज चौधरी ने कहा शांति व्यवस्था के लिए पहले से ही पर्याप्त बल लगाया गया था और अभी भी क्षेत्र में पर्याप्त बल मौजूद है। एसआईटी ने पूछताछ के बाद जफर अली को गिरफ्तार किया है, जिसका वकीलों ने गलत गिरफ्तारी का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। उन्हें मेडिकल जांच और जमानत की कार्रवाई के लिए चंदौसी ले जाया जा रहा है। इस मामले को लेकर एडवोकेट शकील अहमद ने कहा-'उन पर आधिकारिक रूप से आरोप लगाए गए हैं और अब उन्हें चंदौसी ले जाया जा रहा है। मेडिकल जांच के बाद हम जमानत के लिए आवेदन करेंगे और उन्हें जमानत मिल जाएगी। पुलिस प्रशासन ने एक निर्दोष व्यक्ति को गलत तरीके से गिरफ्तार किया है। उन्हें उसे गिरफ्तार करने का कोई अधिकार नहीं था।' इसके साथ ही चंदौसी कोर्ट के बाहर सुरक्षा कड़ी की गई, क्योंकि जामा मस्जिद सदर प्रमुख और शाही मस्जिद कमेटी प्रमुख जफर अली को उनके बेटे के साथ यहां लाया जाएगा। बता दें कि संभल हिंसा से जुड़े मामले में जामा मस्जिद सदर प्रमुख और शाही मस्जिद कमेटी के प्रमुख जफर अली को उनके बेटे के साथ पूछताछ के लिए संभल पुलिस स्टेशन बुलाया गया था। जफर अली के भाई एडवोकेट मोहम्मद ताहिर ने पहले ही दावा किया था कि उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा. शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाली में पीएसी और आरआरएफ समेत भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। इसके बाद फ्लैग मार्च भी किया गया। बता दें कि शाही जामा मस्जिद में 24 नवंबर 2024 को हुई हिंसा की जांच कर रहे त्रि-सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग ने शाही जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट, मसूद अली फारूकी एडवोकेट और कासिम जलाल एडवोकेट को 11 मार्च 2025 को लखनऊ में पेश होने का आदेश दिया था, लेकिन वे उपस्थित नहीं हुए। इस पर आयोग ने फिर से समन जारी कर 20 मार्च को उपस्थित होकर साक्ष्य अंकित कराने के निर्देश दिए थे।





### ये है पूरा मामला

24 नवंबर 2024 को संभल की शाही जामा मस्जिद में दूसरे दौर के सर्वे के दौरान हिंसा भड़क उठी थी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी और 29 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। हालात को काबू में करने के लिए भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया था। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए न्यायिक जांच आयोग का गठन किया। न्यायिक जांच आयोग की अध्यक्षता हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज देवेंद्र अरोड़ा कर रहे हैं। उनके साथ पूर्व डीजीपी ए.के. जैन और रिटायर्ड अपर मुख्य सचिव अमित मोहन सदस्य हैं। आयोग ने अब तक कई अहम साक्ष्य जुटाए हैं और जल्द ही इस घटना की पूरी रिपोर्ट सार्वजनिक की जा सकती है।

# IPL में ईशान की सेंचुरी




राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हैदराबाद के मैदान पर ईशान किशन ने शानदार खेल दिखाते हुए नाबाद 106 रन जड़े जिससे उनकी नई टीम सनराइजर्स हैदराबाद ने 6 विकेट खोकर 286 रन बनाया। यह किशन का पहला आईपीएल शतक रहा, जिसे उन्होंने 45 गेंदों पर पूरा किया। यह हैदराबाद के लिए सबसे तेज शतक रहा। इससे पहले साल 2017 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ डेविड वार्नर ने 47 गेंदों में शतक बनाया था।

## Short News एक नजर

### धार्मिक जुलूस के दौरान गिरे रथ, दो की मौत

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के एनेकल में वार्षिक हुस्कुर मद्दुरम्मा देवी यात्रा महोत्सव के दौरान 100 फुट ऊंचा रथ अचानक गिर गया। इस हादसे में दो लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए। यह घटना मंदिर के पास हुई, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ भरी हुई थी जो इस भव्य जुलूस को देखने के लिए जमा हुए थे। पुलिस के मुताबिक, महोत्सव के दौरान दो रथ गिरे।

### कतर में भारत का इंजीनियर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** गुजरात के रहने वाले एक इंजीनियर अमित गुप्ता हो कतर में हिरासत में ले लिया गया है। किसी आपराधिक मामले की जांच के सिलसिले में अमित गुप्ता को हिरासत में लिया गया है। वहीं सूत्रों ने बताया कि कतर स्थित भारतीय मिशन हिरासत में लिए गए भारतीय नागरिक को हरसंभव सहायता प्रदान कर रहा है। भारतीय दूतावास ने कहा है कि वे अमित के परिवार से संपर्क बनाए रखेंगे। अमित गुप्ता टेक महिंद्रा में काम करते हैं।

### देश में जगह-जगह नाम बदलने से VHP खफा

**नई दिल्ली।** देशभर में इन दिनों औरंगजेब की कब्र को लेकर राजनीतिक घमासान जारी है। इसी बीच अब विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के दिल्ली प्रांत मंत्री सुरेंद्र गुप्ता ने ऐतिहासिक स्थलों के निरीक्षण और विवादों पर अपनी राय रखी है। सुरेंद्र गुप्ता ने हुमायूं का मकबरा देखने के दौरान कहा कि वे यहां इसलिए आए हैं ताकि यह समझ सकें कि यह स्थान कितना बड़ा है। उस कालखंड की कौन-कौन सी गतिविधियां के बारे में बताया गया है।

# औरंगजेब विवाद पर RSS की दो टूक

**'जो गंगा-जमुनी तहजीब की बात करते हैं, उन्होंने औरंगजेब को आइकॉन बनाया...'**

**महानगर नेटवर्क**

**बेंगलुरु**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने वक्फ संशोधन बिल से लेकर औरंगजेब और परिसीमन के मुद्दे पर बयान दिया है। होसबोले ने औरंगजेब विवाद पर दो टूक कहा, हमें यह सोचना होगा कि बाहर से आने वालों को आदर्श बनाना है या स्थानीय को सम्मान देना है। वक्फ बिल पर उन्होंने कहा, वक्फ पर क्या होगा? सरकार क्या करेगी... उसे देखेंगे। सरकार सही दिशा में काम कर रही है।

औरंगजेब के मुद्दे पर दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि समाज कोई भी विषय उठा सकता है। औरंगजेब मार्ग को अब्दुल कलाम रोड किया। जो लोग गंगा जमुनी तहजीब की बात करते हैं, उन्होंने औरंगजेब को आइकॉन बनाया, उनके भाई के बारे में कुछ नहीं बोलते हैं। बाहर से आने वाले किसी व्यक्ति को आदर्श बनाना है या यहां के लोगों का सम्मान करना है- ये मसला है। स्थानीय इंवेडर के साथ रहने वाली मानसिकता के बारे में सोचना होगा।



### 'जातिगत आरक्षण देती हैं सरकारें'

होसबोले ने आगे कहा कि जातिगत आरक्षण सभी राज्य सरकार देती हैं, पर धर्म पर आधारित रिजर्वेशन के पक्ष में डॉ. अंबेडकर भी नहीं थे। अंतरराष्ट्रीय मसलों पर देश अच्छा काम कर रहा है। हम रोज सरकार के काम का आकलन नहीं करते हैं, चुनाव के समय जनता आकलन करती है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में 1443 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। नॉर्थ ईस्ट से लेकर कन्याकुमारी और जम्मू कश्मीर से कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। पिछले एक साल के कार्यकाल की समीक्षा की गई। विजयदशमी के दिन 100 साल पूरे हो जाएंगे। संघ के विस्तार और कार्यकुशलता पर फोकस किया जाएगा। RSS ने कभी भी वर्षगांठ नहीं मनाई, लेकिन 100 साल आत्मचिंतन का समय है। दत्तात्रेया होसबोले ने कहा, हमारा काम समाज तक पहुंचे, इसकी जरूरत है।

# मेहुल चोकसी को भारत लाने की तैयारी

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के मुख्य आरोपी और गीतांजलि जेम्स के पूर्व मालिक मेहुल चोकसी को भारत लाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। वह इस समय अपनी पत्नी प्रीति चोकसी के साथ बेल्जियम के एंटवर्प शहर में रह रहा है, जहां उसने 'F रेजीडेंसी कार्ड' के जरिए निवास लिया हुआ है। भारत सरकार ने बेल्जियम सरकार से औपचारिक प्रत्यर्पण प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है. 2018 में देश छोड़ने के बाद चोकसी पहले एंटीगुआ-बारबुडा में रहा और अब बेल्जियम में छिपा हुआ है। भारतीय एजेंसियां अब बेल्जियम सरकार के साथ संपर्क में हैं और चोकसी को भारत लाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। घोटाले से जुड़े कानूनी पहलुओं पर चर्चा जारी है और संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही उसे भारत लाकर न्याय प्रक्रिया का सामना करने के लिए मजबूर किया जा सकता है। मेहुल चोकसी और उसके भतीजे नीरव मोदी पर पंजाब नेशनल बैंक की मुंबई स्थित ब्रेडी हाउस ब्रांच में 13,850 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले का आरोप है।



# छह दिनों बाद नागपुर के सभी इलाकों से हटा कर्फ्यू

### संवेदनशील इलाकों में जारी रहेगी गश्त



**महानगर संवाददाता**

**नागपुर**

हिंसा के बाद नागपुर के कोतवाली, गणेशपेठ, तहसील, लकड़गंज, पांचपावली, शांति नगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामबाड़ा, यशोधरा नगर और कपिल नगर थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगाया गया था। हिंसा सोमवार रात नागपुर के मध्य क्षेत्रों में उस समय भड़क उठी, जब अफवाहें फैलीं कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा मुगल सम्राट औरंगजेब की समाधि को हटाने की मांग को लेकर किए गए विरोध के दौरान एक धार्मिक शिलालेख वाली 'चादर' जला दी गई।

हालांकि अधिकारियों ने बाद में स्पष्ट किया कि ये अफवाहें पूरी तरह झूठी और भ्रामक थीं। इससे पहले, 20 मार्च को नंदनवन और कपिल नगर थाना क्षेत्रों से तथा 22 मार्च को पांचपावली, शांति नगर, लकड़गंज, सक्करदरा और इमामबाड़ा इलाकों से कर्फ्यू हटा लिया गया था। रविवार को नागपुर पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंघल ने आदेश जारी कर कोतवाली, तहसील, गणेशपेठ और यशोधरा नगर थाना क्षेत्रों से भी दोपहर 3 बजे से कर्फ्यू हटाने का निर्णय लिया। एक अधिकारी ने बताया कि संवेदनशील इलाकों में पुलिस की गश्त जारी रहेगी और स्थानीय पुलिस बल तैनात रहेगा। 17 मार्च को हुए उपद्रव में बड़े पैमाने पर पथराव और आगजनी की घटनाएं हुई थीं।

# कार दुर्घटना में महाराष्ट्र की दो महिला डॉक्टरों की मौत



**महानगर नेटवर्क**

**शिवपुरी**

शिवपुरी जिले के फोरलेन हाईवे पर लुकवासा के पास एक अर्टिगा कार पलट गई। हादसे में कार सवार दो महिला डॉक्टरों की मौत हो गई है, जबकि चार अन्य डॉक्टर घायल हो गए। कार सवाल महिला डॉक्टरों की टीम महाराष्ट्र से तीर्थ यात्रा पर निकली थी। अयोध्या दर्शन के बाद सभी उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन करने के लिए जा रहे थे। इस दौरान जिले के लुकवासा चौकी के अंतर्गत शिवपुरी-गुना फोरलेन हाईवे पर उनकी कार बेकाबू होकर पुलिया से नीचे उतर गई। कार चला रहे डॉ. अतुल आचार्य ने बताया कि उनकी टीम दस दिन पहले महाराष्ट्र से तीर्थ यात्रा के लिए निकली थी। वे अयोध्या दर्शन के बाद उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर जा रहे थे। शिवपुरी जिले में एनएच-46 पर कवासा बायपास पर उनकी कार बेकाबू होकर पुलिया से नीचे गिर गई। हादसा में दो महिला डॉक्टरों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य डॉक्टर घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही कोलारस थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस के अनुसार हादसे में डॉ. तन्वी आचार्य (50) पत्नी डॉ. अतुल आचार्य की मौके पर ही मौत हो गई।

# जस्टिस यशवंत वर्मा के घर में मिले अधजले नोट

सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक की जांच रिपोर्ट

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ कैश कांड की जांच में नया मोड़ आ गया है। रविवार को उनके आवास के बाहर से जले हुए नोटों के अवशेष मिलने से पूरे मामले ने तूल पकड़ लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की प्रक्रिया को और तेज कर दिया है। अब सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने इस मामले में एक तीन सदस्यीय समिति गठित की है जो जस्टिस वर्मा के खिलाफ लगे आरोपों की जांच करेगी। रविवार को जब NDMC की टीम तुगलक रोड पर सफाई करने पहुंची तो उन्होंने जस्टिस वर्मा के आवास के बाहर जले हुए नोटों के अवशेष पाए। इन नोटों में 500 रुपए के कुछ जले हुए नोट साफ तौर पर देखे गए। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की रिपोर्ट सार्वजनिक करते हुए जले हुए नोटों के फोटो और वीडियो भी जारी किए थे, जो अब चर्चा का विषय बन चुके हैं। मामले की जांच में यह साबित हुआ कि जस्टिस वर्मा के घर के अंदर एक स्टोर रूम में बोरियों में जले हुए नोटों के बंडल मिले थे। हालांकि जस्टिस वर्मा ने आरोपों को साजिश बताया है और इसे अपनी छवि खराब करने की कोशिश करार दिया है।



**आग की घटना और उसके बाद की जांच**

14 मार्च को जस्टिस वर्मा के आवास में आग लग गई थी, जिसके बाद फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। आग उस स्टोर रूम में लगी थी जहां अधिकारियों को नोटों के बंडल मिले थे। लेकिन इस घटना के तुरंत बाद फायर ब्रिगेड के प्रमुख अतुल गर्ग ने बयान दिया था कि आग बुझाने के दौरान कोई नकदी नहीं मिली थी। इस बयान के बाद जब सुप्रीम कोर्ट ने अपनी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की तो उसमें जले हुए नोटों के कई बंडल दिखाई दिए थे।

# अनुप्रिया पटेल की पार्टी के विधायक पर FIR दर्ज

**महानगर नेटवर्क**

**प्रयागराज**

केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की पार्टी अपना दल के चर्चित विधायक वाचस्पति के खिलाफ प्रयागराज में गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। वाचस्पति पर माफिया अतीक अहमद गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर मनमाने तरीके से लोगों की जमीन खरीदने-बेचने, गरीबों व ग्राम सभा की जमीन पर कब्जा करने, पुलिस में शिकायत करने पर लोगों के घरों पर बमबाजी कराने, रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोपों में नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। प्रयागराज की बारा सुरक्षित सीट से अनुप्रिया पटेल की पार्टी अपना दल (एस) के विधायक वाचस्पति के खिलाफ एफआईआर कोर्ट के आदेश पर प्रयागराज कमिश्नरेट के धूमनगंज थाने में दर्ज की गई है। विधायक पर पहले भी माफिया अतीक अहमद और उसके गिरोह के लोगों के साथ मिलकर काम करने के आरोप लगते रहे हैं। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के करीबी कहे जाने वाले वाचस्पति और माफिया अतीक के गिरोह के करीबियों के खिलाफ यह एफआईआर प्रयागराज के ही पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के रसूलपुर मरियाडीह निवासी शाह फैसल ने दर्ज कराई है।



# पाकिस्तानी गुब्बारा मिलने से हड़कंप

## बॉर्डर से 400 KM अंदर कैसे पहुंचा बैलून, पुलिस हैरान



**महानगर नेटवर्क**

**हनुमानगढ़**

राजस्थान के हनुमानगढ़ के संगरिया उपखंड क्षेत्र के ग्राम नाथवाना की रोही चक तीन एमएमके में पाकिस्तानी गुब्बारा मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने गुब्बारा जब्त कर जांच शुरु की है।

### चर्चा का विषय बना गुब्बारा

पुलिस मौके पहुंची और गुब्बारे को अपने कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है, लेकिन उसके अंदर कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इस दौरान खेत मालिक सुशील जाखड़, ग्राम विकास अधिकारी मनदीप सिंह, सोसायटी सदस्य सुभाष कड़वासरा, उप सरपंच सुरेंद्र कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे। गुब्बारा चर्चा का विषय बना है और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### कैसे यहां तक पहुंचा गुब्बारा, जांच जारी

एएसआई राजाराम के अनुसार पुलिस ने इस गुब्बारे को अपने कब्जे में ले लिया है। यह कहां से आया, बना और किस मकसद से आया, इन सभी बिंदुओं पर पुलिस जांच करेगी। हालांकि यह कोई पहला मामला नहीं है। इस प्रकार के गुब्बारे पहले भी कई जगह मिल चुके हैं। अक्सर संदिग्ध सामग्री का गुब्बारे या ड्रोन के जरिए आने के मामले पाकिस्तान से लगे बॉर्डर इलाकों में अधिकतर सामने आते हैं, लेकिन इतनी दूर पाकिस्तानी गुब्बारा आना, जांच का विषय है। बता दें कि हनुमानगढ़ से पाकिस्तान बॉर्डर की दूरी करीब 400 किलोमीटर है।

# UGC ने फर्जी डिग्री को लेकर जारी किया नोटिस

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) ने स्टूडेंट्स और उनके पेरेंट्स को गैर-मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों द्वारा जाली डिग्रियों को लेकर सावधान किया है। यूजीसी ने एक अधिसूचना जारी कर बताया है कि कई संस्थान अवैध रूप से डिग्रियां प्रदान करके यूजीसी अधिनियम का उल्लंघन कर रहे हैं। यूजीसी के अनुसार, केवल राज्य अधिनियम, केंद्रीय अधिनियम या प्रांतीय अधिनियम के तहत स्थापित विश्वविद्यालय या यूजीसी अधिनियम, 1956 के तहत विशेष रूप से निवेशित संस्थान ही डिग्री प्रदान करने का अधिकार रखते हैं। गैर-मान्यता प्राप्त संस्थानों द्वारा दी गई डिग्रियां एडवांस्ड स्टडी या नौकरी के लिए अमान्य होंगी। आयोग ने बताया कि कुछ संस्थान ऐसे हैं जो बिना प्राधिकरण के डिग्री दे रहे हैं। नोटिस में कहा गया, 'यूजीसी को पता चला है कि कई संस्थान यूजीसी अधिनियम में किए गए प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए डिग्री प्रदान कर रहे हैं। ऐसे संस्थानों द्वारा जारी की गई डिग्रियां स्वीकार नहीं की जाएंगी या उच्च अध्ययन और रोजगार के उद्देश्यों के लिए उन पर विचार नहीं किया जाएगा।'

उत्तराखंड चारधाम यात्रा

# तीन दिन में 5 लाख से ज्यादा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

**महानगर नेटवर्क**

**देहरादून**

उत्तराखंड चारधाम यात्रा के कपाटों के खुलने की तारीखों का ऐलान हो चुका है। चारों धामों के कपाटों की तारीखों के खुलने के ऐलान के साथ ही उत्तराखंड सरकार की तैयारियां भी पूरी जोरों पर चल रही हैं। चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन का आंकड़ा 5 लाख के पार पहुंच गया है। पर्यटन विकास परिषद की ओर से जारी डेटा के अनुसार यमुनोत्री के लिए 93,803, गंगोत्री के लिए 96,445, केदारनाथ के लिए 1 लाख 66 हजार 576 और बदरीनाथ धाम के लिए 1.55 लाख 46 के रजिस्ट्रेशन हुए है। हेमकुंड साहिब के लिए 5151 यात्रियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। शुरुआती तीन दिनों में चार धाम यात्रा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की संख्या 5.17 लाख पहुंच गई है।



### 25 मई को खुलेंगे कपाट

उत्तराखंड चारधाम यात्रा के लिए धामों के कपाट खुलने की तारीखों का ऐलान हो चुका है। भगवान 'भोले' को समर्पित केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को खोले जाएंगे, जबकि चमोली जिले में स्थित बदरीनाथ धाम के कपाट 4 मई को खुलेंगे। उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री और यमुनोत्री धामों के कपाट 30 अप्रैल को दर्शनार्थ खोले जाएंगे, जबकि श्री हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खुलेंगे।

# बस चलाते हुए क्रिकेट मैच देख रहा था ड्राइवर

## यात्री ने वीडियो बनाकर मंत्री को भेजा, चालक बर्खास्त

महानगर संवाददाता

मुंबई

मुंबई-पुणे मार्ग पर बस चलाते समय मोबाइल पर क्रिकेट मैच देखने वाले बस ड्राइवर को महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (MSRTC) ने रविवार को नौकरी से बर्खास्त कर दिया। रिपोर्ट के मुताबिक यह मामला तब सामने आया जब बस में यात्रा कर रहे एक यात्री ने चालक का वीडियो बनाकर राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सर्णाइक को भेज दिया। यात्री ने इस वीडियो को सोशल मीडिया पर भी साझा किया और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सहित अन्य मंत्रियों को टैग किया। दरअसल यह घटना 22 मार्च को शिवनेरी बस सेवा में हुई,जो मुंबई और पुणे के बीच संचालित होती है। वीडियो में चालक को मोबाइल पर क्रिकेट मैच देखते हुए बस चलाते हुए देखा गया, जिससे यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई।



### परिवहन मंत्री ने दिए सख्त कार्रवाई के आदेश

जैसे ही मंत्री प्रताप सर्णाइक को इस मामले की जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत MSRTC के वरिष्ठ अधिकारियों को सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उनके आदेश पर स्थानीय अधिकारियों ने चालक को सेवा से हटा दिया।

### बस ऑपरेटर पर भी लगा जुर्माना



यह बस सेवा एक निजी ऑपरेटर द्वारा संचालित की जा रही थी। MSRTC ने न केवल चालक को बर्खास्त किया बल्कि संबंधित निजी कंपनी पर 5,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

इसको लेकर मंत्री सर्णाइक ने कहा, 'शिवनेरी सेवा मुंबई-पुणे मार्ग पर एक महत्वपूर्ण बस सेवा है और अब तक यह सेवा दुर्घटनामुक्त रही है. ऐसे लापरवाह चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जरूरी है, जो यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करते हैं।'

उन्होंने यह भी कहा कि MSRTC के तहत काम करने वाली निजी कंपनियों के ड्राइवरों को नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि वो यातायात नियमों का पालन करें।

### नए नियम लागू करने की योजना

मंत्री ने यह भी बताया कि ऑटो रिक्शा और टैक्सी चालकों के खिलाफ भी लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि वो मोबाइल पर मैच या फिल्में देखते हुए वाहन चलाते हैं। इसके लिए परिवहन विभाग जल्द ही नए नियम लागू करेगा ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# मंगलवार से शुरू होगी नाला सफाई

## मीठी नदी की सफाई का अभी भी नही मिला मुहूर्त

## नाला सफाई की होगी वीडियो ग्राफी, एआई से होगा विश्लेषण

महानगर संवाददाता

मुंबई

मानसून पूर्व नाला सफाई की शुरुआत मंगलवार से होगी। मुंबई के छोटे और बड़े नालों की सफाई का काम 23 ठेकेदार के मार्फत किया जाएगा जिसके लिए ठेकेदार को वर्क ऑर्डर दिया जा चुका है। मीठी नदी की सफाई का अभी मुहूर्त नहीं हुआ है । नाला सफाई के कामों की निगरानी रखें के लिए वीडियो ग्राफी और नालों पर सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी।पहली बार नाला सफाई का वीडियो और सीसीटीवी के फुटेज की जांच एआई से होगी। बता दें कि मुंबई के छोटे और बड़े नालों की सफाई का काम हर साल मानसून के पूर्व किया जाता है। इस साल नाला सफाई के काम की शुरुआत में देरी हुई है। वहीं मीठी नदी की सफाई का काम अभी अगले सप्ताह से शुरू होने की जानकारी मनपा प्रशासन ने दी है।



### तीन चरणों में निकाला जाता है कीचड़

हर साल मानसून से पहले बड़े नालों का कीचड़ निकालने का काम मनपा के सेंटल एजेंसी द्वारा किया जाता है। जबकि छोटे नालों का कीचड़ निकालने की जिम्मेदारी वार्ड की होती है। कीचड़ निकालने से बारिश के मौसम में पानी की निकासी तेजी से होती है। हर वर्ष नालों से कितना कीचड़ निकालना है इसका अध्ययन कर लक्ष्य तय किया जाता है। नालों से कीचड़ निकालने का कार्य तीन चरणों में किया जाता है। इस वर्ष अप्रैल और मई में कुल कीचड़ का 80% हिस्सा निकाला जाएगा,जबकि मानसून के दौरान 10% और मानसून के बाद शेष 10% कीचड़ निकालने की योजना बनाई गई है। कार्य की गुणवत्ता पर निगरानी रखने के लिए इस वर्ष ठेकों में अधिक कठोर नियम और शर्तों को शामिल किया गया है। कीचड़ निकालने से पहले और बाद में फोटोग्राफ प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया है। साथ ही प्रत्येक कार्य का 30 सेकंड का वीडियो भी प्रस्तुत करना होगा। छोटे नालों के मामले में कीचड़ निकालने से पहले और बाद में सीसीटीवी से चित्रीकरण अनिवार्य होगा ।

मुंबई में 24 घंटे के भीतर साइबर अपराध के 100 मामले

# पुलिस ने 1.49 करोड़ रुपए किए सीज

**मुंबई।** मुंबई पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। मुंबई पुलिस ने हेल्पलाइन 1930 के माध्यम से दर्ज साइबर धोखाधड़ी की 110 शिकायतों में 24 घंटे के भीतर लगभग 1.49 करोड़ रुपए जब्त किए। एक पुलिस अधिकारी ने ये जानकारी दी। मुंबई पुलिस के साइबर हेल्पलाइन नंबर को निवेश घोटाले, शेयर ट्रेडिंग घोटाले और ऑनलाइन शॉपिंग घोटाले सहित धोखाधड़ी के विभिन्न मामलों की 110 शिकायतें मिलीं. प्रत्येक मामले में, अपराध शाखा ने तेजी से कार्रवाई की और पैसे के आगे हस्तांतरण को रोकने के लिए संबंधित बैंक से संपर्क किया, इस प्रकार कुल लगभग 1.49 करोड़ रुपए जब्त किए। अधिकारी ने कहा कि अगर लोग साइबर धोखाधड़ी का शिकार होते हैं तो उन्हें तुरंत 1930 हेल्पलाइन से संपर्क करना चाहिए। इससे पहले मुंबई के वर्ली इलाके में एक दर्दनाक हिट एंड रन की घटना सामने आई है,जिसमें एक तेज रफ्तार बाइक ने 85 वर्षीय बुजुर्ग बलराज परमानंद मेहरा को टक्कर मार दी।

शहरी बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित

# ठाणे जिले में कुपोषण का बढ़ता संकट

महानगर संवाददाता

ठाणे

ठाणे जिले में कुपोषण की समस्या गंभीर होती जा रही है। खासतौर पर शहरी क्षेत्रों में यह संकट और भी गहरा नजर आ रहा है। सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, जिले में कुल 10,697 बच्चे कुपोषण से प्रभावित हैं, जिनमें से 9,735 मध्यम (एमएएम) और 962 गंभीर (एसएएम) कुपोषित हैं। बता दें कि सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र ठाणे, कल्याण, उल्हासनगर और भिवंडी हैं, जहां कुपोषित बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है।



रिपोर्ट के अनुसार, 8,696 बच्चे शहरी इलाकों से हैं,जबकि 1,039 बच्चे ग्रामीण क्षेत्रों में कुपोषण का शिकार हैं।

### शहरीकरण बना बढ़ती समस्या का कारण

आंकड़ों के अनुसार, ठाणे में 4,782 बच्चे कुपोषित हैं, जबकि भिवंडी में 1,466, उल्हासनगर में 1,334 और कल्याण में 427 बच्चे इस समस्या से जूझ रहे हैं। मुंबई के पास स्थित ठाणे जिले में शहरीकरण की रफ्तार तेज़ है। लेकिन इसके साथ ही कुपोषण की समस्या भी गंभीर होती जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि आर्थिक असमानता, पोषण की कमी और सही आहार की अनुपलब्धता इसके पीछे मुख्य कारण हैं। गांवों की तुलना में शहरों में महंगाई ज्यादा होने के कारण गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए पौष्टिक आहार जुटाना मुश्किल हो रहा है।

**आंगनवाड़ियों में हुआ सर्वे, चिंताजनक नतीजे**

2024 में आंगनबाड़ियों में पंजीकृत 2,34,310 बच्चों में से 93% (2,17,409 बच्चों) का वजन किया गया। इनमें से 2,06,712 बच्चे सामान्य वजन के थे, लेकिन 10,697 बच्चे अब भी कुपोषण की चपेट में हैं। शहरी क्षेत्रों में बढ़ते कुपोषण को देखते हुए बेहतर पोषण योजनाओं, जागरूकता अभियानों और खाद्य सुरक्षा कार्यक्रमों की सख्त जरूरत है। सरकार और सामाजिक संस्थाओं को मिलकर इस समस्या का समाधान निकालना होगा ताकि आने वाली पीढ़ी को कुपोषण से बचाया जा सके।

# मैथिल विकास प्रतिष्ठान द्वारा 7वां मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन

**मीरा रोड।** मैथिल विकास प्रतिष्ठान द्वारा भक्तिलोक हॉस्पिटल, मीरा रोड के प्रांगण में 7वां मेगा मेडिकल कैंप सफलता पूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विक्रम प्रताप सिंह ने भाग लिया और संस्था के इस समाज सेवा - कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने बताया की परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक मैथिल समाज के गौरव और सम्मान के प्रतीक के रूप में "मिथिला -भवन" का निर्माण करवा रहे हैं, जो अगले 6 महीनों में पूरा होगा। विक्रम प्रताप सिंह ने घोषणा की कि वर्ष 2026 का मेडिकल कैंप "मिथिला भवन" में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर पश्चिम चंपारण के पूर्व विधायक सचिन्द्र सिंह भी उपस्थित थे, जिन्होंने बिहार में भी ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया। इस कैंप में लगभग 400 लोगों ने भाग लिया, जिनमें से 200 लोगों को मुफ्त चश्मा वितरित किया गया और शेष लोगों ने विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षणों का लाभ उठाया। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने अपनी सेवाएँ प्रदान की जिनमें फिजिशियन, जनरल सर्जन, ऑर्थोपेडिक सर्जन, गायनाकोलॉजिस्ट, डर्मटोलॉजिस्ट, नेत्र सर्जन, डेंटिस्ट, होम्योपैथ, फिजियोथेरेपिस्ट और डाइटिशियन शामिल थे।

# विधायक राजहंस सिंह ने किया समाजमंदिर का भव्य उद्घाटन

महानगर संवाददाता

मुंबई

भाजपा उपाध्यक्ष और दिंडोशी के कार्यसम्राट विधायक राजहंस सिंह ने रविवार को दिंडोशी विधानसभा क्षेत्र में विधायक निधि से निर्मित नूतन शौचालय व समाजमंदिर का भव्य उद्घाटन और लोकार्पण किया। कुरार पुलिस स्टेशन के बगल में, शांताराम तालाब, कुरारगांव, मालाड (पूर्व) में भव्य नूतन शौचालय तथा पाल नगर, मावले नगर, रानी सती मार्ग, मालाड (पूर्व) में समाजमंदिर व शौचालय का निर्माण विधायक निधि से किया गया है। इस विकास कार्य से स्थानीय जनता में हर्ष और प्रसन्नता का माहौल था। लोगों ने



ढोल-ताशे और पटाखों के साथ विधायक महोदय का भव्य स्वागत कर अपना आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन में राजहंस सिंह ने कहा "मैं जनसेवा का काम करते समय कभी कार्यों की गिनती नहीं करता, केवल कार्य करता हूं। यही मेरी जनसेवा के प्रति भावना है।" इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजन सिंह सहित दिंडोशी के जिला, मंडल, वार्ड, मोर्चा व आघाड़ी के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री लाडकी योजना

# 2100 का वादा सरकार करेगी पूरा:अदिति तटकरे


**मुंबई।** मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिण योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रति महीने 1500 रुपए उनके खाते में सरकार जमा कर रही है,लेकिन विधानसभा चुनाव में महायुति ने सरकार बनने के बाद 2100 रुपए देने का वादा किया था उसे कब पूरा करेगी। इस सवाल पर राज्य महिला व बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने जवाब दिया है। तटकरे ने कहा कि लाडकी बहिण योजना के तहत 1500 की जगह 2100 रुपए देने का महायुति ने जो वादा किया है उसे जरूर पूरा करेगी। सही समय



पर 2100 रुपए देने का फैसला लिया जाएगा। उन्होंने आगे बोलते हुए कहा कि लाडकी योजना पर शुरू से ही विरोधियों की नजर में रही है। लागू होने के बाद से विपक्ष ने कभी इस योजना की तारीफ नहीं की. तटकरे ने विपक्ष को निशाने पर लेते हुए कहा कि इस योजना पर अपना अवसाद निकाल रहे हैं।

# सारे सबूत मिटाने के बाद केस सीबीआई को सौंपा : राम कदम

**मुंबई।** सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में भाजपा नेता राम कदम ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने उद्धव ठाकरे पर निशाना साधा है। राम कदम ने कहा कि सारे सबूत मिटाने के बाद उद्धव ठाकरे की सरकार ने वो केस सीबीआई को सौंपा। अपने लोगों को बचाने के लिए ऐसा किया गया। अगर सबूत मिटने के पहले सीबीआई को केस सौंपा होता तो जरूर सुशांत के परिवार को न्याय मिलता। राम कदम ने कहा कि बिहार की पुलिस जब मुंबई जांच करने गई तो उनको तक रोका गया। क्या कारण था। अपने लोगों को बचाने के लिए सार सबूत मिटाए गए। यहां तक की सुशांत का जो घर



था। घर का फर्नीचर हटाया गया। कलर किया गया। मूल मालिक को घर लौटा दिया गया। जब आप सारे सबूत मिटाओगे। रिया चक्रवर्ती के साथ उनके नेता प्रवक्ता बनकर खड़े होंगे। इन सारे प्वाइंट्स का क्या अर्थ है?

### उद्धव सरकार न्याय नहीं दे सकी

उन्होंने आगे कहा कि क्या कारण है दिशा सालियन के पिता को लगता है उनको भी उद्धव सरकार न्याय नहीं दे सकी।

विधायक ने प्रश्न किया की आखिर किसे बचा रहे हैं उद्धव ठाकरे? और सुशांत की तड़पती आत्मा का क्या? राम कदम ने कहा कि अगर सुशांत सिंह राजपूत के परिवार को न्याय नहीं मिला उसके लिए उद्धव ठाकरे जिम्मेदार हैं। सही समय पर सीबीआई को केस सौंप दिया जाता तो सुशांत सिंह राजपूत को न्याय मिल जाता।

# पूर्व नगरसेवक संदीप देशपांडे को मिली मुंबई शहर की जिम्मेदारी

महानगर संवाददाता

मुंबई

विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे आगामी मनपा चुनाव को देखते हुए पार्टी के संगठन में बड़ा बदलाव किया है। राज ठाकरे अपने करीबी पूर्व नगरसेवक संदीप देशपांडे को मुंबई शहर का अध्यक्ष बनाया है। संदीप देशपांडे के बाद 3 जिला उपाध्यक्ष होंगे,उसके नीचे विभाग अध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी।

एमएनएस ने अब तक मुंबई के लिए कभी कोई अध्यक्ष नियुक्त नहीं किया था। पार्टी की स्थापना होने के बाद पहली बार मुंबई अध्यक्ष की सीधी नियुक्ति की गई है। संदीप देशपांडे की नियुक्ति करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने कहा कि आने वाले अप्रैल महीने में पूरे प्रदेश संगठन का बदलाव किया जाएगा। साल 2024 में हुए लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद मनसे



अध्यक्ष राज ठाकरे मनपा चुनाव को लेकर एक्शन मोड में हैं। ठाकरे पार्टी को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। पार्टी के संगठन में बदलाव की शुरुआत कर दी है। एमएनएस ने अपने पार्टी संगठन का पूरा ढांचा ही बदल दिया है। मनसे के मुंबई अध्यक्ष पद का पहला पद संदीप देशपांडे को सौंपा गया है,तो वहीं नितिन सरदेसाई के पास केंद्रीय कमेटी में विभाग अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। अमित ठाकरे के पास शाखा अध्यक्ष की जिम्मेदारी होगी। बाला नंदगांवकर के पास गुट अध्यक्ष केंद्रीय समिति की जिम्मेदारी है।

# नालासोपारा पूर्व में सिलेंडर ब्लास्ट,लगी भीषण आग

**नालासोपारा।** नालासोपारा पूर्व के बिलालपाड़ा क्षेत्र में एचपी गैस सिलेंडर फटने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। वहीं सिलेंडर ब्लास्ट के कारण भीषण आग लग गई और आग की लपटे काफी दूर तक देखी गई। आग लगने की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम और वसई -विरार शहर महानगरपालिका फायर ब्रिगेड की गाड़ियां और पानी के टैंकरों को मौके पर भेजा गया,जिसके बाद आग पर काबू पा लिया गया। महानगरपालिका के फायर विभाग ने बताया कि,यह घटना रविवार को सुबह 6 बजे के आसपास साई धाम वेलफर सोसायटी, बिलालपाड़ा नालासोपारा पूर्व में घटी थी। उन्होंने बताया कि,उक्त स्थान पर दुकान क्रमांक 8 पर शख्स जगीलाल गयाप्रसाद यादव (उम्र 45 वर्ष) घरेलू उपयोग की एचपी कंपनी



की 5 किलो की बॉटल एवं घरेलू बर्तन बेचने का व्यवसाय करता था। उक्त स्थान पर आज सुबह उनकी दुकान में रखी कुल 6 बॉटल में स्पॉटिंग के कारण आग लग गयी। फायर ने बताया कि, सूचना पर फायर ब्रिगेड के गाड़िया घटनास्थल पर पहुंची और लगभग डेढ़ घंटे में आग पर काबू पा लिया गया है। यद्यपि उक्त अग्निकांड में आर्थिक नुकसान हुआ तथा कोई जनहानि नहीं हुई, परन्तु यह पाया गया कि उक्त व्यक्ति बिना किसी अनुमति के अवैध बोतलें बेच रहा था।

# भिवंडी में बढ़ती बिजली चोरी पर टोरेंट पावर की सख्त कार्रवाई

महानगर संवाददाता

भिवंडी

गर्मी बढ़ते ही भिवंडी में बिजली की मांग में जबरदस्त इजाफा हो रहा है, लेकिन इसके साथ ही बिजली चोरी के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। टोरेंट पावर कंपनी इस समस्या से निपटने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है और अवैध रूप से बिजली इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठा रही है। हाल ही में टोरेंट पावर की टीम ने पिंपलनेर गांव के पॉईनर फाउंडेशन इंजिनियर प्रा. लिमिटेड, डोंगर अली में छापेमारी कर 14,392 यूनिट बिजली की चोरी का मामला पकड़ा, जिससे बिजली कंपनी को 3,33,710.84 रुपये का नुकसान हुआ। बिजली चोरी के इस मामले में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत कार्रवाई की गई। आरोपियों ने बिजली उपभोक्ता उत्तम मोतीलाल गायकवाड़ और बिजली चोरी कर रहे



आसिक गनी खान के टोरेंट पवार कंपनी के सहा.व्यवस्थापक श्रीकांत राघोलु गणपुरपू ने शांतिनगर पुलिस थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है।

गौरतलब हो की पिछले कुछ दिनों से टोरेंट पावर कंपनी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में कई स्थानों पर छापेमारी की गई है, जिसमें अवैध कनेक्शन और मीटर से छेड़छाड़ के कई मामले सामने आए है। कंपनी ने साफ किया है कि बिजली चोरी को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी।

# शहीद दिवस पर महान स्वतंत्रता सेनानियों को भावभीनी श्रद्धांजलि



महानगर संवाददाता

कल्याण

महान स्वतंत्रता सेनानियों भगत सिंह,राजगुरु, सुखदेव के स्मृति दिवस को उनकी याद में शहीद दिवस के रूप में जाना जाता है। शहीद दिवस पर रविवार को भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। सूचना व जनसंपर्क विभाग के उपायुक्त संजय जाधव, मनपा सचिव किशोर शेलके, सूचना व जनसंपर्क अधिकारी माधवी पोफले ने कल्याण-डोम्बिवली मनपा मुख्यालय में क्रमशः भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कर्मचारियों, संपत्ति कर विभाग के कर्मचारियों, सुरक्षा विभाग के कर्मचारियों और बिजली विभाग के कर्मचारियों ने भी भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# भिवंडी पालिका में शहीद दिवस पर अमर क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि

महानगर संवाददाता

भिवंडी

भिवंडी निजामपुर शहर महानगर पालिका में आज रविवार को शहीद दिवस के अवसर पर देश के महान क्रांतिकारी भगत सिंह,राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पालिका मुख्यालय के भूतल पर आयोजित इस कार्यक्रम में उपायुक्त (कर) बालकृष्ण क्षीरसागर, कार्यकारी अभियंता (जल आपूर्ति) संदीप पटनावर,आंतरिक लेखा परीक्षक नंदकुमार चौधरी ने महान क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु और



सुखदेव की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त (समाज कल्याण) मिलिंद पलसुले, नियंत्रण अधिकारी (वाहन विभाग) शेखर चौधरी, स्वास्थ्य विभाग प्रमुख हरेश भंडारी, उप-अभियंता (विद्युत) ज्ञानदेव वाघमारे, समाज कल्याण विभाग प्रमुख नितेश चौधरी, प्रभारी शहर विकास विभाग प्रमुख अरविंद घुगरे सहित पालिका के कई कर्मचारी उपस्थित रहे और कार्यक्रम के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के इन वीर शहीदों के बलिदान को याद किया गया ।

# मीरा भायन्दर के कांग्रेसी नेता भाजपा में शामिल

**मुंबई।** ओवला माजीवाड़ा विधानसभा युवक कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष,मीरा भायन्दर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के दो बार महासचिव और कांग्रेस इंडस्ट्री सेल के जिलाध्यक्ष नागेन्द्र जायसवाल का भारतीय जनता पार्टी में विधायक नरेंद्र मेहता और पूर्व उपमहापौर हसमुख गेहलोत एवं जिलाध्यक्ष श्रीकिशोर शर्मा की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी में पक्ष प्रवेश हुआ और मीरा भाईंदर जिला सचिव पद पर नियुक्त किए गए। साथ में भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने वाले कुछ प्रमुख लोगों के नाम। कांग्रेस महासचिव दीपक



इटकर, किशोर राजपुरोहित, कांतिलाल प्रजापति, संजीत जायसवाल, दिलीप जायसवाल, अमरनाथ गुप्ता, मणिलाल गुप्ता, राधेश्याम विश्वकर्मा, सुबोध निषाद, सुभाष वर्मा, किरणसाली, संतोष जायसवाल, ऐसे सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा।

# रक्तदान शिविर संपन्न

**भायंदर।** श्री मिरा-भायंदर दिगंबर जैन युवा फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । भायंदर (पश्चिम ) गीता नगर स्थित कपोल वाडी में यह आयोजन रखा गया था। इस रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने उत्साह से रक्तदान किया,इस शिविर में 172 युनिट रक्त जमा किया गया। इस रक्तदान शिविर में आए हुए रक्तदाताओं को आयोजकों द्वारा एक कार्ड भी दिया गया है। रक्तदाता को उनकी जरूरत के वक्त नजदीक के ब्लड बैंक से इस कार्ड द्वारा रक्त मिल सकता है ।

# नाशिक 2027 कुंभ मेले की तैयारियां धीमी गति से आगे बढ़ रही हैं : फडणवीस



महानगर संवाददाता
मुंबई

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि नाशिक में 2027 के कुंभ मेले की तैयारियां अनुमान से धीमी गति से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने इसे आस्था और टेक्नोलॉजी का आयोजन बताया। नाशिक में सीआईआई यंग इंडियंस के एक कार्यक्रम में बोलते हुए फडणवीस ने बड़े पैमाने पर कार्यक्रम के आयोजन में चुनौतियों को स्वीकार किया, लेकिन उन्हें दूर करने का विश्वास व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हालांकि बुनियादी ढांचे पर काम वर्तमान में तय समय से पीछे है,लेकिन स्थिति में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा,''हमने पिछले साल कुंभ मेले की तैयारी शुरू कर दी थी। अगर हमने 2020 में काम शुरू किया होता, तो हम आज अधिक आरामदायक स्थिति में होते। देरी के बावजूद,प्रयागराज में सफल कुंभ मेले के अनुभव से लाभ उठाते हुए प्रगति हो रही है।

### नाशिक और त्र्यंबकेश्वर के विकास के लिए प्रयास जारी

उन्होंने कहा कि नाशिक और त्र्यंबकेश्वर के विकास के लिए प्रयास जारी हैं। नाशिक में होने वाले आगामी कार्यक्रम को आस्था और टेक्नोलॉजी का कुंभ बताते हुए फडणवीस ने इस बात पर प्रकाश डाला कि AI, क्राउड मैनेजमेंट और वर्चुअल रियलिटी (वीआर) उपकरणों का एकीकरण,उपस्थित लोगों को एक अनूठा अनुभव प्रदान करेगा, उन्होंने कहा कि यह आयोजन 300 एकड़ में होगा,जो प्रयागराज के 7,500 हेक्टेयर से काफी छोटा है।

### 2027 कुंभ को लेकर हमलोग लगातार बैठकें कर रहे

सीएम ने कहा, ''2027 में नाशिक और त्र्यंबकेश्वर में कुंभ को लेकर हमलोग लगातार बैठकें कर रहे हैं। नाशिक में क्या करने की आवश्यकता है,इसका मास्टरप्लान हमने तैयार किया था, जिसे हमने पिछले समय ही मान्यता दिया था। उसके काम भी हमलोग चालू कर रहे हैं। इसमें बड़े पैमाने पर पानी साफ हो, एसटीपी की व्यवस्था हो। साधुग्राम की जो जगह है, उसे अधिग्रहित करके वहां पर सारी व्यवस्थाएं खड़ी करनी है, ये सारी चीजें हमलोग कर रहे हैं।

### त्र्यंबकेश्वर के विकास के लिए 1100 करोड़ रुपए का प्लान

इसके साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि त्रयम्बकेश्वर एक बहुत ही महत्वपूर्ण ज्योतिर्लिंग है और इसमें भी इसका स्थान काफी ऊंचा माना जाता है। सीएम फडणवीस ने कहा,''त्र्यंबकेश्वर के विकास का भी हमने प्रावधान किया है। इसके लिए हमने 1100 करोड़ रुपए का प्लान तैयार किया है, जिसमें वहां के अलग-अलग कुंडों का भी विकास होगा। वहां पर नदी का भी विकास होगा। हर तरह की व्यवस्थाओं को कायम करने का निर्णय हमने लिया हुआ है। इस काम को हमलोग दो हिस्सों में बांटेंगे। एक हिस्सा 2027 तक पूरा करना है और दूसरा भाग 2028-29 तक कंप्लीट होगा। महाराष्ट्र के सीएम ने कहा, ''जिस प्रकार से प्रयागराज में जो प्लानिंग की गई थी, उससे ज्यादा लोग वहां पर आए।



शहीद दिवस पर रविवार को राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन ,मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और मुख्य सचिव सुजाता सौनिक ने महान क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राज्य के आला अधिकारी उपस्थित थे।

## नाट्यगृह का काम पिछले चार वर्षों से लंबित

**नालासोपारा।** वसई-विरार महानगरपालिका के वार्ड समिति 'डी' के अंतर्गत निर्माणाधीन मजीठिया नाट्यगृह का काम पिछले चार वर्षों से लंबित है। निर्माण विभाग की लापरवाही के कारण इस थिएटर का काम विलंबित हुआ है। हालांकि निर्माण विभाग ने अब खुलासा किया है कि इस नाट्यगृह का काम पूरी तरह से इसलिए पूरा नहीं हो सका, क्योंकि स्वीकृत बजट में साउंड सिस्टम, सेंट्रल एसी और अग्निशामक प्रणाली के निर्माण के लिए आवश्यक मानकों को शामिल नहीं किया गया है। इस नाट्यगृह की मूल लागत 5 करोड़ 71 लाख, 19 हजार 533 रुपए है। मनपा ने इस नाट्यगृह के आंतरिक निर्माण के लिए फिर से प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति दी है। साउंड सिस्टम, सेंट्रल एसी और अग्निशामक प्रणाली के काम के लिए मनपा 3 करोड़ 69 लाख 93 हजार 199 रुपए खर्च करेगी। वसई-विरार महानगरपालिका स्थायी समिति के पूर्व सदस्य किशोर नाना पाटील ने मांग की है,कि नाट्यगृह का काम तुरंत पूरा किया जाए और इसका उद्घाटन किया जाए।

## न्यू इंडिया बैंक घोटाला आठवें आरोपी को कोर्ट ने पुलिस हिरासत में भेजा

**मुंबई ।** न्यू इंडिया बैंक घोटाला मामले में गिरफ्तार आठवें आरोपी को पुलिस ने अदालत में पेश किया। जहां से उसे 28 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। आर्थिक अपराध शाखा ईओडब्ल्यू ने झारखंड स्थित बोकारो से राजीव रंजन पांडे (45) को गिरफ्तार किया था। आरोप है कि मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी अरुणाचलम ने पांडे को पंद्रह करोड़ रुपए दिए थे।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मामले में जांच में पता चला है कि अरुणाचलम ने पांडे को 15 करोड़ रुपये दिए थे। ये वह रकम है जिसे हितेश मेहता ने अरुणाचलम को 40 लाख रुपए दिए थे। पांडे झारखंड में व्यवसायी है और तीन लोगों के साथ उसने मुंबई यात्रा की है। अरुणाचलम को बिजनेस में पैसे इन्वेस्ट करने के लिए पांडे ने कहा था। पांडे के साथ और तीन लोग कौन आये थे उनकी पहचान करने में ईओडब्ल्यू जुटी हुई है।

ईओडब्ल्यू ने जो हितेश महकता के ब्रेन मैपिंग टेस्ट करवाने का निर्णय लिया है उसके लिए एफएसएल विभाग से तारीख तय कर ली गई है। 28 मार्च को ही मेहता का ब्रेन मैपिंग टेस्ट ईओडब्ल्यू करवाएगी। ईओडब्ल्यू ने इस टेस्ट की परमिशन अदालत से पहले ही ले रखी है। हालांकि ब्रेन मैपिंग टेस्ट भी अदालत में तकनीकी सबूत के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। लेकिन उससे अधिकारियों को एक जांच की दिशा मिल सकती है। जिसमें पैसों के इस्तेमाल और दूसरे व्यक्तियों के शामिल होने की जानकारी मिल सकती है। वहीं जावेद आजम जिसे ईओडब्ल्यू ने गिरफ्तार किया है, उसे 15 करोड़ रुपये अरुणाचलम से मिले थे, जिसे उसने अपने व्यवसाय में लगाया था।

### ट्रैफिक की समस्या हुई समाप्त: पीयूष गोयल
## मीठ चौकी फ्लाईओवर से दो से तीन लाख यात्रियों को राहत

महानगर संवाददाता
मुंबई

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री एवं उत्तर मुंबई के सांसद पीयूष गोयल के अथक प्रयास से बीते जनवरी महीने में मीठ चौकी फ्लाईओवर के दूसरे चरण का उद्घाटन किया गया था । फ्लाईओवर के खुलने के बाद वहां से गुजरने वाले यात्रियों को ट्रैफिक समस्या से निजात मिल रहा है,दो से तीन लाख यात्रियों की यात्रा सुगम हो गई है। मालाड और लिंक रोड से मालवणी आने-जाने वाले नागरिकों को लिंक रोड,विशेष रूप से मीठ चौकी सिग्नल पर लगने वाले ट्रैफिक के कारण घंटों इंतजार करना पड़ता था,लेकिन अब इस फ्लाईओवर की वजह से यात्रियों की परेशानी दूर हो गई है। मीठ चौकी फ्लाईओवर से ईंधन की बचत और यात्रियों का समय बचने लगा है। इसके अलावा,मढ़ गांव और मालवणी के लोगों के लिए मुंबई उपनगर तक जल्दी पहुंचना संभव हो गया है। ट्रैफिक विभाग के अनुसार, मीठ चौकी फ्लाईओवर से प्रतिदिन लगभग 60,000 वाहन गुजरते हैं। मढ़-मालवणी से मालाड स्टेशन और मीठ चौकी से गोरेगांव जाने वाली सड़कों को मीठ चौकी सिग्नल से जोड़ा गया है। इन मार्गों पर यात्रा करने वाले यात्रियों को घंटों ट्रैफिक जाम में फंसे रहना पड़ता था। मीठ चौकी सिग्नल का 'पैसेंजर कार यूनिट' (PCU) 10,000 से अधिक हो गया था। इसी कारण, इस ट्रैफिक जाम को खत्म करने के लिए महानगरपालिका ने यहां एक फ्लाईओवर बनाने का निर्णय लिया। मीठ चौकी फ्लाईओवर से दोपहिया वाहनों से लेकर एंबुलेंस तक सभी प्रकार के वाहनों को यात्रा की अनुमति है। हालांकि,भारी वाहनों के इस फ्लाईओवर से गुजरने पर सख्त पाबंदी लगाई गई है। यदि कोई भारी वाहन फ्लाईओवर से गुजरता पाया गया, तो उस पर ट्रैफिक नियमों के तहत कार्रवाई करने के आदेश केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने दिए हैं। मीठ चौकी फ्लाईओवर का दूसरा चरण दो से तीन लाख यात्रियों के लिए कनेक्टिविटी सुधारने और ट्रैफिक समस्याओं का समाधान करने में महत्वपूर्ण साबित हुआ है।



## भाजपा विधायकों की दो दिवसीय बैठक
### अमित शाह और देवेंद्र फडणवीस करेंगे मार्गदर्शन

**मुंबई।** विधानसभा चुनाव में मिली भारी जीत के बाद भाजपा आगामी मुंबई मनपा सहित अन्य स्थानीय निकाय चुनाव में जीत हासिल करने के लिए चुनाव की तैयारी में जोर -शोर से जुट गई है। इसी कड़ी में भाजपा ने अपने विधायकों की दो दिवसीय बैठक आयोजित की है। रामभाऊ म्हालगी में होने वाली इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह,मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस,राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े,राष्ट्रीय संगठन मंत्री बी.एल.संतोष विधायकों का मार्गदर्शन करेंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 27 और 28 मार्च को बैठक का आयोजित की गई है। पूरे दो दिन तक चलने वाले इस महत्वपूर्ण बैठक में अमित शाह और देवेंद्र फडणवीस सहित अन्य नेता पार्टी के विधायकों का मार्गदर्शन करेंगे। सूत्रों का कहना है कि बैठक में आगामी मुंबई मनपा सहित स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारियों और पार्टी संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की जाएगी। विधानसभा चुनाव में मिली भारी जीत के बाद भाजपा से प्रदेश की जनता की अपेक्षाएं बढ़ गई हैं। इसलिए भाजपा के विधायकों की यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है इस बैठक में विधायकों से जनता से संबंधित कामों को करने के लिए निर्देश दिया जा सकता है। सूत्रों का कहना है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा भी बैठक में आकर विधायकों का मार्गदर्शन कर सकते है।

## एक्ट्रेस एंजेल राय को जान से मारने की धमकी

**मुंबई।** मुंबई में रहने वाली एक्ट्रेस एंजेल राय को जान से मारने की धमकी मिली। धमकी मिलने के बाद उन्होंने मुंबई के बांगुर नगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। एक्ट्रेस के बयान के आधार पर पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और अब आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

**अश्लील संदेश भेज रहा था**

एंजेल राय ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से एक शख्स उन्हें लगातार धमकी भरे ईमेल और अश्लील संदेश भेज रहा था। उस शख्स ने एंजेल राय को जिंदा जलाने और काटने जैसी घिनौनी धमकियां दीं। वह अपना नाम राकेश चंद्र पटेल और बिहार के नालंदा का निवासी बताता है। पहले वह इसे नजरअंदाज कर रही थीं, लेकिन जब से उनकी वेब सीरीज 'घोटाला' का ट्रेलर लॉन्च हुआ है, तब से वह शख्स और भी आक्रामक हो गया है और लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा है। एक्ट्रेस ने कहा कि वह शख्स मुझे अपनी पूरी योजना के बारे में बताता है,जैसे वह मुंबई आकर मुझे मारेगा, मेरा सिर काटेगा और मुझे जला कर रख देगा। इस सब को नजरअंदाज करते हुए मैं अब दो साल तक शांत रही, लेकिन अब मुझे लगता है कि मुझे इस पर कड़ा कदम उठाना चाहिए। इसलिए मैंने आज एफआईआर दर्ज करवाई है और चाहती हूं कि उसे कड़ी से कड़ी सजा मिले।



## शिकायत निवारण दिवस
### ठाणे पुलिस आयुक्तालय की अनूठी पहल

**ठाणे।** ठाणे पुलिस आयुक्तालय द्वारा 100 दिवसीय कार्य योजना के तहत 22 और 23 मार्च 2025 को शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय विशेष अभियान में कुल 2043 आवेदकों को बुलाया गया था, जिनमें से 1233 नागरिक अपनी शिकायतें दर्ज कराने के लिए उपस्थित हुए।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनमें से 1081 आवेदनों का तत्काल समाधान किया। शेष आवेदकों की समस्याओं के निवारण के लिए आगे की कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान ठाणे पुलिस आयुक्तालय के सहायक पुलिस आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, पुलिस निरीक्षक समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने शिकायतकर्ताओं से संवाद कर उनकी समस्याओं को समझने और त्वरित समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस द्वारा सीधे कॉल कर और मौके पर कार्रवाई कर उनकी समस्याओं का समाधान करना एक सराहनीय कदम है। इस प्रयास से पुलिस और जनता के बीच विश्वास बढ़ा है और ठाणे पुलिस आयुक्तालय को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## 10 साल बाद हत्या का आरोपी गिरफ्तार
### नाम बदलकर गुजरात में छिपा था

**मुंबई।** अपराध शाखा के हफ्ता निरोधी शाखा (एईसी) ने नागपाड़ा में हुए हत्या के एक आरोपी को 10 साल के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी नाम बदलकर गुजरात के मेहसाणा इलाके में रह रहा था। 2015 में हत्या के बाद वह फरार हो गया था, जबकि उसके दो साथी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस को आरोपी के बारे में जानकारी मिली जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

दरअसल 15 अप्रैल, 2015 को 44 वर्षीय रियाज कुरैशी की नागपाड़ा इलाके में बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। उस पर धारदार हथियार से हमला किया गया था और उसका गला रेत दिया गया था। घटना के बाद नागपाड़ा पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302, 397 और 120 (बी) के साथ-साथ महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 37 (1) और 135 के तहत एफआईआर दर्ज की। जांच के दौरान शेख के दो साथियों मोहम्मद वसीम अकरम शेख और साजिद अली आशिक अली चौधरी को गिरफ्तार किया गया। हालांकि, इमरान शेख भागने में सफल रहा और तब से फरार है। भगोड़े का पीछा करते हुए अपराध शाखा को शेख के ठिकाने के बारे में सूचना मिली। तकनीकी निगरानी के माध्यम से, उन्हें पता चला कि वह गुजरात के मेहसाणा में एक फर्जी नाम से रह रहा था। उसके स्थान की पुष्टि करने के बाद, एईसी टीम ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों की मंजूरी से छापेमारी की और शेख को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान पता चला कि शेख मोहम्मद राहील मोहम्मद साबिर शेख के नाम से रह रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम उसे सफलतापूर्वक मुंबई वापस ले आई और आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए नागपाड़ा पुलिस स्टेशन को सौंप दिया।



## कोस्टल रोड़ पर लापरवाही से वाहन चलाना पड़ा भारी
### तीन लोग जख्मी,एफआईआर दर्ज

**मुंबई।** कोस्टल रोड़ पर लापरवाही से वाहन चलाकर तीन लोगों के जख्मी होने के मामले में वर्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। मामले में मोहम्मद खालिद शफाकत शेख (38) नामक शख्स पर एफआईआर दर्ज किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक यह घटना 22 मार्च की है, जब वह उत्तर की ओर जानेवाली सड़क पर बीएमडब्ल्यू कार से जा रहा था। तभी अचानक दुर्घटना हुई जिसमें तीन लोगों को खुद चालक और उसे साथ के यात्रियों को मामूली चोटें आई है। मामले में पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम की धारा 184 के साथ-साथ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 281 और 125 (ए) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

पुलिस के अनुसार, शेख अपनी भूरे रंग की बीएमडब्ल्यू कार MH 02 CP 1387 लापरवाही से चला रहा था, जिससे उसकी और उसके यात्रियों की जान खतरे में पड़ गई। उनकी लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण एक छोटी दुर्घटना हुई, जिससे वह और उनके दो सह-यात्री ममता जय शाह (38), संध्या अजय निर्मल (37) और मोहम्मद खालिद शफाकत शेख (38) घायल हो गए। इस दुर्घटना में तीन लोगों को मामूली चोटें आई हैं। बहरहाल शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज किया गया है, जिसकी जांच जारी है।

## 6 दिनों में पूर्व और पश्चिम एक्सप्रेस हाइवे से हटाया गया 220 टन मलवा

**मुंबई।** मनपा प्रशासन ने पूर्व और पश्चिम एक्सप्रेस हाइवे और इसके आस - पास के इलाकों का विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान मनपा ने पिछले सात दिनों के दौरान कुल 220 टन मलवा हटाया गया। बता दें कि मनपा प्रशासन के कचरा विभाग द्वारा मुंबई के पूर्व और पश्चिम एक्सप्रेस हाइवे और उसके पास के इलाकों का विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस विशेष सफाई अभियान ने पूर्वी और पश्चिम एक्सप्रेस मार्गों का रूप बदल दिया है। इस अभियान के तहत न केवल मुख्य मार्ग बल्कि सर्विस रोड और बस स्टॉप भी साफ कर दिए गए हैं। 17 से 22 मार्च तक प्रतिदिन रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक चलने वाले इस अभियान में कुल 79 किलोमीटर लंबे रास्तों की सफाई की गई। इस दौरान 158.5 टन मलबा, 35.4 टन कचरा और 24.5 टन अन्य अपशिष्ट पदार्थों को इकट्ठा कर उचित तरीके से ठिकाने लगाया गया। अभियान के तहत दोनों महामार्गों से सटे सर्विस रोड, रैंप, दिशासूचक बोर्ड, पेड़ों के आधार और बाड़ की सफाई और रंगाई-पुताई की गई। बस स्टॉप की सफाई, बैठने की व्यवस्था दुरुस्त करना, बेकार पड़ी चीजें हटाना, बाधा पहुंचाने वाले वाहन और अवैध विज्ञापन बोर्ड हटाना, फुटपाथ पर पेवर ब्लॉक और डिवाइडर की मरम्मत और रंगाई-पुताई भी इस अभियान का हिस्सा था। इस सफाई अभियान में मैकेनिकल पावर स्वीपर्स, लिटर पिकर्स, मिस्टिंग मशीन, डंपर और वाटर टैंकर सहित कुल 16 यांत्रिक सफाई उपकरणों का उपयोग किया गया।



## पुलिस ने संवेदनशील इलाकों में मॉक ड्रिल और रूट मार्च किया

**मुंबई।** नागपुर में बीते दिनों भड़की हिंसा के बाद मुंबई पुलिस अलर्ट मोड पर है। त्योहारों से पहले मुंबई की एमआईडीसी पुलिस की ओर से मरोल मफखान नगर इलाके के संवेदनशील इलाकों में मॉक ड्रिल और रूट मार्च किया गया। ईद और गुड़ी पड़वा पर्व से पहले मुंबई पुलिस के दंगा निरोधक दस्ते द्वारा संवेदनशील इलाकों में मॉक ड्रिल किया गया। जानकारी के अनुसार, मॉक ड्रिल का आयोजन मुंबई के अंधेरी पूर्व के संवेदनशील क्षेत्र मरोल माफखान इलाके में एमआईडीसी और अंधेरी पुलिस द्वारा किया गया। इस मॉक ड्रिल में अंधेरी और एमआईडीसी पुलिस के लगभग 60 से 70 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी और फायर मैन मौजूद रहे। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य था कि अगर नागपुर जैसी स्थिति बनती है तो कैसे पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित कर सकती है। बता दें कि आने वाले कुछ दिनों में रमजान, गुड़ी पड़वा और नवरात्रि जैसे त्योहार हैं।


### सार्वजनिक सूचना

मेरे मुवक्किल के निर्देश अनुसार एतद्द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री प्यारेलाल मुन्नीलाल यादव, सर्वे क्र. 157, सीटीएस क्र. 2554, कोकणीपाडा, न्यू अशोक नगर, ठाकूर कम्पाउंड, दहिसर पूर्व, मुंबई – 400 068, क्षेत्रफल लगभग 200 वर्ग फीट कारपेट एरिया की जमीन के भाग पर स्थित झुग्गी नं. 207 में रहते हैं और ह्द्यनारायण/हरिदयनारायण मुन्नीलाल यादव और प्यारेलाल मुन्नीलाल यादव के बीच हुए हस्तांतर अनुबंध दिनांक 15.01.2008 के प्रभाव स्वरूप उक्त झुग्गी के मालिक हो गए हैं. कोई भी व्यक्ति जिनका उक्त झुग्गी में किसी भी तरह का कोई भी दावा, अधिकार, शीर्षक और अभिरूचि है तो उनसे एतद्द्वारा अनुरोध है कि वे उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर समर्थनीय दस्तावेजी प्रमाणों के साथ अधोहस्ताक्षरी को लिखित में इसकी जानकारी दें. यदि 15 दिनों की निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई भी आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मेरे मुवक्किल यह मान लेंगे कि मेरे मुवक्किल ही उक्त झुग्गी के एकमात्र मालिक हैं और वे अपने पुत्र श्री किशोरीलाल प्यारेलाल यादव को उक्त झुग्गी के उनके अधिकार, शीर्षक और अभिरूचि का हस्तांतरण कर देंगे.

**संपत्ति की अनुसूची**

सर्वे क्र. 157, सीटीएस क्र. 2554, कोकणी पाडा, न्यू अशोक नगर, ठाकूर कम्पाउंड दहिसर पूर्व, मुंबई – 400 068, क्षेत्रफल 200 वर्गफीट कारपेट एरिया, की जमीन पर स्थित आवासीय झुग्गी क्र. 207. मो. नं. 9769343933

हस्ता./-
**गीतांजलि बी. शेलार, एडवोकेट**
शॉप नं. 43, तल मंजिल, अजंता स्क्वैयर मॉल, मार्केट लेन, बोरीवली (प), मुंबई – 400 092
दिनांक : 24.03.2025 स्थान : मुंबई


## तोड़ने जा रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### औरंगजेब की कब्र पर घमासान

**मुंबई।** औरंगजेब की कब्र को लेकर घमासान जारी है। रविवार को औरंगजेब की कब्र को तोड़ने जा रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। छत्रपति संभाजी राजे शौर्य प्रतिष्ठान ने औरंगजेब की कब्र उखाड़ने की चेतावनी दी थी। छत्रपति संभाजी नगर पुलिस ने छत्रपति संभाजी राजे शौर्य प्रतिष्ठान के अध्यक्ष को हिरासत में ले लिया।

छत्रपति संभाजी राजे शौर्य प्रतिष्ठान के अध्यक्ष बलराजे अवारे पाटिल को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। 23 मार्च यानी आज औरंगजेब के कब्र उखाड़ने की चेतावनी धर्मवीर छत्रपति संभाजी राजे शौर्य प्रतिष्ठान की ओर से दी गई थी।सुबह से ही शहर के क्रांतिचौक परिसर में बड़ी संख्या में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और जवान इन कार्यकर्ताओं का हिरासत में लेने के लिए मौजूद थे। बाद में पुलिस ने उन सभी को गिरफ्तार कर लिया।



**मकबरे के पास लगाए गए कांटेदार तार**

दूसरी ओर,छत्रपति संभाजीनगर से लगभग 30 किलोमीटर दूर खुल्ताबाद में मुगल बादशाह औरंगजेब के मकबरे की सुरक्षा के लिए धातु की चादर लगाने के कुछ दिनों के भीतर, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने अब चादर और मौजूदा संगमरमर की ग्रिल के बीच कांटेदार तार लगा दिए हैं जो तीन सदी से अधिक पुराने मकबरे को दो तरफ से घेरे हुए हैं। तीसरी तरफ एक दीवार है,जबकि चौथी तरफ मकबरे में एक छोटा प्रवेश द्वार है। दक्षिणपंथी संगठनों द्वारा सरकार द्वारा मकबरे को नहीं हटाने पर बाबरी मस्जिद विध्वंस के समान कार सेवा करने की धमकी के बाद यह कदम उठाया जा रहा है।

### मकबरे की सुरक्षा के किए गए सख्त इंतजाम

मकबरे पर पुलिस भी तैनात की गई है और ढांचे की ओर आवाजाही को काफी हद तक रोक दिया गया है। मकबरे की छठी पीढ़ी के देखभालकर्ता फिरोज अहमद ने कहा, पहले धातु की चादरें लगाई गईं और अब सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए सरकारी अधिकारियों ने कांटेदार तार लगाने से रोक दिया है। दूसरी ओर,नाम न बताने की शर्त पर एएसआई के एक अधिकारी ने कहा, "यह एक संरक्षित स्मारक है और इसकी सुरक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। अगर किसी संरक्षित स्मारक को कोई नुकसान पहुंचाया जाता है, तो इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के बारे में गलत संदेश जाएगा। यह मकबरा सूफी संत हजरत जैनुद्दीन शिराजी की दरगाह के परिसर में स्थित है।


## कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका, कल्याण
### जलनि:सारण विभाग
### निविदा सूचना क्र. ४६/२०२४-२५

आयुक्त, कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका क्षेत्रातील लहान व मध्यम स्वरुपाच्या गटारी सन २०२५-२६ मध्ये स्वच्छता करणेच्या १० कामांकरीता योग्य त्या वर्गातील नोंदणीकृत कंत्राटदाराकडून ई-निविदा मागवीत आहे.

कोरे निविदा फॉर्म व निविदेबाबत सर्व अटी व शर्तीची माहिती महाराष्ट्राचे www.mahatenders. gov.in या संकेतस्थळावर दिनांक २४/०३/२०२५ ते ०१/०४/२०२५ रोजी दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत उपलब्ध आहेत. निविदा ई-टेंडरींग कार्यप्रणालीद्वारे दि. ०१/०४/२०२५ रोजी दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत भरता येतील. प्राप्त निविदा दि. ०२/०४/२०२५ रोजी सायंकाळी ४.०० वाजता शक्य झाल्यास उघडण्यात येईल.

कोणत्याही कारणास्तव एक किंवा सर्व निविदा रद्द करण्याचा अधिकार आयुक्तांनी राखून ठेवला आहे, याबद्दलचा त्यांचा निर्णय अंतिम व सर्व निविदाधारकांना बंधनकारक राहील.

निविदेबाबतची अधिक माहिती www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.

जा.क्र. कडोंमपा/जसंवि/मुका/३०५
दि. २१/०३/२०२५

सही/-
शहर अभियंता,
कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका
कल्याण.

## आखिर क्यों इतनी चर्चित हो रही है ग्रोक एआइ?

आज पूरा विश्व धीरे-धीरे ही सही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस(एआइ) के युग में प्रवेश कर रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज के इस युग में व्यवसाय और सरकारी संस्थाएँ ग्राहकों के अनुभवों को बेहतर बनाने, प्रतिस्पर्धात्मक लाभ बढ़ाने और समुदायों में सुरक्षा और संरक्षा में सुधार करने के लिए मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) जैसे कम्प्यूट-इंटेसिव अनुप्रयोगों की ओर तेजी से बढ़ रही हैं।इन दिनों चैटजीपीटी, गूगल जेमिनी, मेटा एआई और डीपसीक जैसे एआइ चैटबॉट के बीच ग्रोक एआइ(आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) इंटरनेट की दुनिया में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। एआइ का यह(ग्रोक) एक नया-नवेला प्लेटफॉर्म है, और इसे इन दिनों भारत में भी बहुत पसंद किया जा रहा है। वास्तव में,ग्रोक एक नया, सरल प्रोसेसिंग आर्किटेक्चर पेश कर रहा है, जिसे विशेष रूप से मशीन लर्निंग अनुप्रयोगों और अन्य कम्प्यूट-गहन कार्यभार की प्रदर्शन आवश्यकताओं के लिए डिज़ाइन किया गया है। पाठकों को बताता चलूं कि ग्रोक को एक्स एआइ नामक एक कंपनी ने विकसित किया है, जो कि संयुक्त राज्य अमेरिका(यूएसए) में है। इस चैटबॉट को एलन मस्क के एआइ रीसर्च ऑर्गनाइजेशन (एक्स एआइ) की ओर से बनाया गया है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि सॉफ़्टवेयर-प्रथम मानसिकता से प्रेरित, ग्रोक की चिप वास्तुकला एक नया प्रसंस्करण प्रतिमान प्रदान करती है, जिसमें निष्पादन और डेटा प्रवाह का नियंत्रण हार्डवेयर से कंपाइलर में स्थानांतरित हो जाता है। सभी निष्पादन योजनाएं सॉफ़्टवेयर में होती हैं, जिससे अतिरिक्त प्रसंस्करण क्षमताओं के लिए मूल्यवान सिलिकॉन स्थान खाली हो जाता है। यह दृष्टिकोण ग्रोग को पारंपरिक, हार्डवेयर-केंद्रित वास्तुशिल्प मॉडल की बाधाओं को मौलिक रूप से बायपास करने की अनुमति देता है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार ग्रोक की सरलीकृत वास्तुकला चिप से बाहरी सर्किटरी को हटा देती है ताकि प्रति वर्ग मिलीमीटर अधिक प्रदर्शन के साथ अधिक कुशल सिलिकॉन डिज़ाइन प्राप्त किया जा सके। इससे कैशिंग, कोर-टू-कोर संचार, सट्टा और आउट-ऑफ-ऑर्डर निष्पादन की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। कुल क्रॉस-चिप बैंडविड्थ और गणना के लिए उपयोग किए जाने वाले कुल ट्रांजिस्टर के उच्च प्रतिशत को बढ़ाकर उच्च कंप्यूट घनत्व प्राप्त किया जाता है। ग्रोक सिस्टम आर्किटेक्चर की सरलता हाथ अनुकूलन, प्रोफ़ाइलिंग और विशेष डिवाइस ज्ञान की आवश्यकता को समाप्त करती है जो पारंपरिक हार्डवेयर-केंद्रित डिज़ाइन दृष्टिकोणों पर हावी है। इसके बजाय ग्रोक कंपाइलर पर ध्यान केंद्रित करता है, जिससे सॉफ़्टवेयर आवश्यकताओं को हार्डवेयर विनिर्देश को चलाने में सक्षम बनाया जाता है। ग्रोक उत्पाद अगली पीढ़ी की कम्प्यूट तकनीकों के निर्माण के लिए आवश्यक विविध, वास्तविक दुनिया के कम्प्यूटेशन सेट को जल्दी से अनुकूलित करने की सुविधा प्रदान करते हैं। मशीन लर्निंग की तैनाती और निष्पादन को सरल बनाकर, ग्रोक एआई अनुप्रयोगों और अंतर्दृष्टि के लाभों को बहुत व्यापक दर्शकों तक विस्तारित करना संभव बनाता है। संपूर्ण प्रणाली - सॉफ़्टवेयर और हार्डवेयर - ग्रोक की तकनीक का उपयोग करने वाले सभी लोगों के लिए अनुभव को काफी सरल और बेहतर बनाता है।ग्रोक एआइ अनुप्रयोगों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए डीप लर्निंग इंफरेंस प्रोसेसिंग के लिए आदर्श है, लेकिन यह समझना महत्वपूर्ण है कि ग्रोक चिप एक सामान्य-उद्देश्य, ट्यूरिंग-पूर्ण, कंप्यूट आर्किटेक्चर है। यह किसी भी उच्च-प्रदर्शन, कम विलंबता, कंप्यूट-गहन कार्यभार के लिए एक आदर्श प्लेटफ़ॉर्म है। पाठकों को बताता चलूं कि इसको बनाने के पीछे का उद्देश्य ये है कि ये लोगों के पूछे गए सवालों का जवाब देने और बाकी अन्य कामों को आसान बनाएगा।यदि कोई भी यूजर ग्रोक से कोई भी सवाल करना चाहता है, तो उसे एक्स पर @ग्रोक को टैग करके पूछ सकते हैं। इसके अलावा, ग्रोक एआइ की आधिकारिक वेबसाइट ग्रोक डाट कॉम पर जाकर भी कोई भी व्यक्ति ग्रोक से अपने कोई भी सवाल पूछ सकते हैं। उल्लेखनीय है कि ग्रोक 3 एआइ मॉडल, अपने पिछले जनरेशन(ग्रोक 2 एआइ मॉडल) से दस गुना तेज और एक बहुत ही पावरफुल एआइ चैटबॉट मॉडल है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह सुपीरियर रीजनिंग और बड़े प्रीट्रेनिंग नॉलेज का ब्लेंड कहा जा सकता है। ये चैटबॉट कोडिंग, मैथमेटिक्स, इमेज क्रिएशन, इंस्ट्रक्शन-ड्रिवन टास्क्स और रीजनिंग जैसे कई काम कर सकता है। ये प्रॉब्लम्स सॉल्व करने के साथ-साथ गेम्स भी बना सकता है। सच तो यह है कि यह तकनीकी रूप से बहुत ही सक्षम, संवाद-कला में अद्वितीय(बेबाकी से जबाव देने वाला) मॉडल है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह मानव जैसे तर्क(लोजिक) और ह्यूमर के साथ जवाब देता है। यहां तक कि यह स्लैंग और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने से भी परहेज नहीं कर रहा है। पाठकों को बताता चलूं कि हाल ही में ग्रोक द्वारा अभद्र भाषा के इस्तेमाल की हरकत के कारण बात इतनी ऊपर तक पहुंच गई कि आईटी मंत्रालय ने ग्रोक एआइ को बनाने वाली कंपनी एक्स (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) को जवाब तलब किया है। ग्रोक अन्य चैटबॉट से काफी अलग है। वास्तव में, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि ग्रोक को एक्स पर मौजूद डेटा से प्रशिक्षित किया गया है, जिसमें सोशल मीडिया पोस्ट, बातचीत और ट्रेंड्स शामिल हैं। इससे यह इंटरनेट पर ट्रेंडिंग लैंग्वेज और स्लैंग जैसी जानकारियों को समझता है और उसी अंदाज़ में जवाब देता है।सच तो यह है कि इसे इस तरह से डिजाइन/निर्माण किया गया है कि यह यूजर्स के साथ मजाकिया और संवादात्मक तरीके से बात करे। दूसरे शब्दों में कहें तो, यह मजाकिया (ह्यूमर) और बग़ावत वाले लहजे में जबाब देता है।इसे हम कुछ यूं समझ सकते हैं। मतलब कि अगर यूजर सीधा सवाल पूछता है, तो जवाब भी सीधा होता है, लेकिन अगर यूज़र अनौपचारिक या तीखी भाषा इस्तेमाल करता है, तो ग्रोक भी उसी लहजे में जवाब दे सकता है।

### कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*आईपीएल का मचा, दुनिया में कोहराम*
*खतम गरीबी हो गई, जोह रहे सब शाम*
*जोह रहे सब शाम, हुई गायब बेकारी*
*छक्के, चौके और विकेट से लागी यारी*
*कह सुरेश सब देख रहे हैं लेकर सीएल*
*सभी समस्या का इलाज है आईपीएल*

# नीतीश के व्यवहार से भाजपा "किंकर्तव्यविमूढ़"

> नीतीश कुमार के बारे में लोगों की यह आम धारणा रही है कि वे गंभीर नेता हैं। नपे-तुले और सधे शब्दों में अपनी बातें रखने वाले नीतीश के स्वभाव में अचानक आए इस परिवर्तन को विपक्ष ने राजनीतिक मुद्दा बना दिया है। आरजेडी प्रमुख लालू यादव ने राष्ट्रगान के वक्त नीतीश कुमार की हरकतों को राष्ट्रगान का अपमान माना है और इसे राष्ट्रवाद से जोड़ कर उन्हें कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की है।

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की टेंशन बढ़ी हुई है। इस टेंशन की वजह विपक्षी दल नहीं बल्कि सरकार में प्रमुख सहयोगी दल और बिहार के सीएम नीतीश कुमार हैं। नीतीश कुमार का अप्रत्याशित और 'अनियमित' व्यवहार जारी रहने के कारण भाजपा "किंकर्तव्यविमूढ़" है। बताया जाता है कि भाजपा का एक धड़ा उनके 'खराब स्वास्थ्य' के नतीजों को लेकर चिंतित है। हालांकि पार्टी उनके नेतृत्व में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव लड़ने पर अड़ी हुई है। बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार उस स्थान को प्राप्त कर चुके हैं जहां पहुंचने का नसीब विरलों को ही मिलता है। फिलहाल देश की समकालीन राजनीति में देखें तो अजातशत्रु कहलाने का दावा केवल नीतीश कुमार ही कर सकते हैं। खुद लालू परिवार आज चौतरफा नीतीश कुमार पर हमले कर रहा है। पर नीतीश कुमार का साथ पाने के लिए परिवार के लोग अलग विचार रखते हैं। नीतीश कुमार तमाम विरोध के बावजूद अपने विरोध के स्तर को कम से कम लालू परिवार के लिए बहुत निचले स्तर पर नहीं ले जाते हैं। जबकि आरजेडी के साथ गठबंधन खत्म होने के बाद एक दौर ऐसा था तेजस्वी कितने दिनों तक एक्स पर लगतार नीतीश के लिए बहुत ही अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते रहे। नीतीश कुमार देश के एक मात्र ऐसे नेता हैं जिनके पक्ष और विपक्ष दोनों में बराबर शुभचिंतक हैं। एनडीए के खिलाफ इंडिया गठबंधन को धरातल पर लाने का श्रेय उन्हें ही जाता है। जब से नीतीश कुमार ने इंडिया गुट को छोड़ा तब से लगातार यह गठबंधन कमजोर होता गया। यह नीतीश के व्यक्तित्व का ही कमाल है कि सिर्फ 2 परसेंट सजातीय वोट के साथ वे बिहार की राजनीति में 3 दशकों से सेंटर ऑफ अट्रेक्शन बने हुए हैं। इस सबके बावजूद किसके दिन कब फिरते है और कब वह विवादों के घेरे में फंस जाता है



कहा नहीं जा सकता। नीतीश कुमार भी कुछ समय से विवादों के घेरे में है । ताजा विवाद गुरुवार को पटना में हुआ। सेपक टकराव विश्व कप 2025 के उद्घाटन के बाद राष्ट्रगान की घोषणा होने पर कुमार अचानक मंच से उतर गए और प्रतिभागियों से हाथ मिलाने लगे। बाद में जब राष्ट्रगान बजा तो वे मुस्कुराते हुए खड़े हो गए और खड़े लोगों की ओर हाथ हिलाया। राष्ट्रगान का अपमान करने के कारण कुमार को राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों में विपक्ष की कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा। उनके इस हालिया कृत्य ने खूब वाहवाही बटोरी और विपक्षी दलों, राजद और कांग्रेस को आगामी राज्य चुनावों में इसका फायदा उठाने का मौका दे दिया, उनका तर्क है कि उनके स्वास्थ्य की स्थिति को देखते हुए उन्हें एक और कार्यकाल नहीं दिया जा सकता। सूत्रों ने कहा कि भाजपा को जेडीयू और एलजेपी के साथ एक और कार्यकाल जीतने का भरोसा है, लेकिन पार्टी की चिंता यह है कि सार्वजनिक रूप से कुमार के अप्रत्याशित व्यवहार ने अक्सर विरोधियों को मौका दिया है। हालांकि, पार्टी का मानना है कि कुमार एक मूल्यवान भागीदार बने रहेंगे और आरजेडी के 'जंगल राज' की यादें 'सत्ता विरोधी भावना' की किसी भी संभावना को खत्म कर देंगी। नीतीश कुमार का व्यवहार एक समान नहीं रहा है। ऐसे दिन भी आए हैं जब कोई दुर्घटना नहीं हुई और वे नियंत्रण में दिखे, जैसे कि उनकी 'प्रगति यात्रा' के दौरान, भले ही वे कई दिनों तक लोगों की नजरों में रहे हों। लेकिन ऐसे भी दिन आए जब कुमार ने इस तरह का व्यवहार किया कि उनके विरोधियों ने उनका मजाक उड़ाया और उनके समर्थकों को इसे सही ठहराना मुश्किल हो गया। भाजपा के एक पदाधिकारी ने कहा कि हमें उम्मीद है कि नीतीश कुमार अपने उतार-चढ़ाव भरे तरीकों से उबरेंगे। राष्ट्रीय जनता दल की सांसद मीसा भारती ने शुक्रवार को उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सोचना चाहिए कि बिहार किसके हाथ में है। भारती ने कहा कि राष्ट्रगान के दौरान बिहार के सीएम नीतीश कुमार शारीरिक और मानसिक रूप से ठीक नहीं दिखे। मैं पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से पूछना चाहती हूं कि क्या आपको उनकी मानसिक स्थिति ठीक लगी। वह हर दिन महिलाओं, बच्चों का अपमान करते रहते हैं। पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सोचना चाहिए कि बिहार किसके हाथ में है। कहा तो यहाँ तक जाता है कि बिहार के सीएम नीतीश कुमार की सेहत ठीक नहीं है। वे अपने को बीमार भले न बताएं या मानें, पर यह सत्य अब छिपा नहीं है। पटना में चल रहे एक अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन के वक्त होने वाले राष्ट्रगान के दौरान नीतीश कुमार की असामान्य हरकत सबने देखी ऐसी घटनाएँ लंबे समय से चली आ रही इस आशंका की पुष्टि हुई कि वे मानसिक तौर पर सहज और सचेत नहीं हैं। उनकी बीमारी का पहला संकेत तो उसी दिन सार्वजनिक हो गया था, जब दो साल पहले उन्होंने अपने जनता दरबार में खुद को ही खोजना शुरू किया था। वे बार-बार अपने अधिकारियों से गृह मंत्री को बुलाने की जिद कर रहे थे। अधिकारी भी हतप्रभ थे। किसी की यह कहने की हिम्मत नहीं हुई कि जिसे आप खोज रहे हैं, वह तो आप खुद हैं। नीतीश कुमार ही सीएम की जिम्मेवारी के साथ गृह मंत्री भी हैं। अधिकारियों और नीतीश के करीबी नेताओं ने इतना भर ही किया कि जनता दरबार का सिलसिला रोक दिया गया। पता नहीं, इस बीमारी का पता चलने पर उनकी पार्टी जेडीयू के नेताओं या सरकार में शामिल भाजपा के नेताओं ने भी क्यों उनके इलाज की जरूरत नहीं समझी। संभव है कि उनका इलाज हो भी रहा हो, लेकिन इस बारे में कभी किसी ने कोई जानकारी बिहार की 13 करोड़ जनता को देने की जरूरत नहीं समझी। नतीजतन नीतीश कुमार की असामान्य हरकतें बढ़ती गईं। विपक्ष ने इसे राजनीतिक मुद्दा बना लिया है। सत्ता पक्ष उन्हें फिट साबित करने का अनावश्यक प्रयास कर रहा है। जहां नीतीश कुमार को अपनी इस हालत के लिए सहानुभूति की जरूरत है, वहां उन्हें दुत्कारने की कोशिश विपक्ष की ओर से हो रही है।

**-अशोक भाटिया**

# दाम्पत्य जीवन को बिगाड़ रहा सोशल मीडिया

त्याग, समर्पण और अटूट विश्वास ही दाम्पत्य का मूल आधार है और यही मानव जीवन को खुशहाल भी बनाता है, लेकिन तकनीकी दौर में सोशल मीडिया से बढ़ते प्यार के बीच पति-पत्नी के बीच तकरार आम हो चली है और उनके बीच का प्यार इसी में कहीं खोता जा रहा है, जो दाम्पत्य जीवन को बिगाड़ रहा है। नतीजन, पति-पत्नी के बीच तलाक के मामले बढने लगे हैं। अगर समय रहते नहीं चेते तो हालत बद से बदतर होंगे और भावी पीढ़ी को इसके दुष्परिणाम झेलने ही पड़ेंगे। तकनीकी दौर में हर हाथ में पहुंचे मोबाइल ने व्यक्ति का नजरिया ही बदल दिया है। लोगों के बीच सम्पर्क व संवाद घटा है तो परिवार व रिश्तेदारी में भी आना-जाना कम हुआ है। अपनों के बीच व्यक्ति को अपनों की सुध नहीं है, लेकिन वह सोशल मीडिया पर सक्रिय रहकर अनजानों के बीच लाइक व कमेंट के गेम में खोया हुआ है। परिणामस्वरूप लोगों के मिलने-जुलने, सोचने-समझने और एक-दूसरे से बातचीत के तौर-तरीके बदल गए हैं। इससे रोमांटिक और वैवाहिक रिश्तों में खटास के अलावा परिवार टूट रहे हैं। बीते 3 साल में सोशल मीडिया के प्रभाव से वैवाहिक समस्याएं, बेवफाई, संघर्ष, ईर्ष्या, तनाव और तलाक जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ी हैं। एडजुआ लीगल्स गूगल एनॉलिटिक 2025 की रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई, लखनऊ, हैदराबाद और कोलकाता जैसे शहरों में हाल के वर्षों में तलाक के आवेदनों में तीन गुना वृद्धि देखी गई है। कंप्यूटर्स इन ह्यूमन बिहेवियर में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन में भी राज्य-दर-राज्य तलाक दरों की तुलना प्रति व्यक्ति फेसबुक खातों से की गई। अध्ययन में सोशल मीडिया के उपयोग को विवाह की गुणवत्ता में कमी का बड़ा कारण माना गया है। फेसबुक पर 20 फीसदी लोग बढ़े तो महानगरों में तलाक दर 2.18 से 4.32 व्यक्ति बढ़ गई है। अध्ययन में यह भी पाया गया है कि सोशल मीडिया का उपयोग नहीं करने वाले हर दिन सोशल मीडिया का उपयोग करने वालों की तुलना में अपने वैवाहिक जीवन में 11 फीसदी अधिक खुश हैं। यू.के. में एक



अध्ययन में पाया गया कि तलाक लेने वाले 3 में से 1 जोड़े ने स्वीकार किया कि वो फेसबुक, इंस्टाग्राम और स्नेपचैट को अपने पति या पत्नी से ज्यादा समय देता है। मिसौरी विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में फेसबुक से शुरू हुए संघर्ष को बेवफाई, ब्रेकअप और तलाक का कारण माना गया। दुनिया में सबसे ज्यादा तलाक दर मालदीव में 5.52 प्रति हजार जबकि सबसे कम श्रीलंका में 0.15 प्रति हजार है। भारत में यह प्रति हजार एक व्यक्ति से भी कम है। अध्ययन में कहा गया है कि रोमांटिक साथी के सोशल मीडिया इंटरैक्शन के बारे में संदेह अक्सर सही होता है। दस में से एक वयस्क अपने पार्टनर से दूसरे के मैसेज और पोस्ट छिपाने की बात स्वीकार की है। लिव इन में रहने वाले 8 प्रतिशत वयस्क एक या अधिक गुप्त सोशल मीडिया और बैंक अकाउंट रखने की बात स्वीकार करते हैं। वहीं, तीन में से एक तलाक अब ऑनलाइन संबंधों के कारण हो रहा है। लोग अक्सर अपने साथी के फेसबुक अकाउंट पर कुछ खोजने के बाद अपने रिश्ते को लेकर असहज महसूस करते हैं। इससे अक्सर रिश्ते में निगरानी, ईर्ष्या और संघर्ष बढ़ जाता है। शोध मे पाया गया कि कोई व्यक्ति अपने जितना ही अपने साथी की फेसबुक गतिविधि की जांच करता है, वह उतना ही ईर्ष्या और अविश्वास से भरता जाता है। व्यस्त जीवनशैली तनाव पैदा करती है, क्योंकि यहां रिश्तों के लिए बहुत कम समय बचता है। लंबे समय तक काम करना, नौकरी का दबाव, वित्तीय चुनौतियां और पारिवारिक जिम्मेदारियों में कमी अक्सर अलगाव का कारण बनती हैं। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और बेंगलूरु जैसे मेट्रो शहरों में तलाक के सर्वाधिक मामले दर्ज किए जाते हैं, जो वैवाहिक जीवन पर हावी शहरीकरण को उजागर करते हैं। एडजुआ लीगल्स गूगल एनॉलिटिक 2025 के मुताबिक 25 से 34 वर्ष के बीच तलाक के मामले सर्वाधिक 35.1 फीसदी हैं तो 18 से 24 के बीच 27.6 फीसदी तलाक होते हैं। यह आंकड़ा 35 से 44 वर्ष के बीच 16.2 तथा 45 से 54 वर्ष के बीच 10 फीसदी है। 55 से 64 वर्ष के बीच 7 तो 65 वर्ष से अधिक आयु के 5 फीसदी तलाक होते हैं। एडजुआ लीगल्स गूगल एनॉलिटिक 2025 के मुताबिक देश में तलाक के संभावित कारणों में कमिटमेंट में कमी के कारण 75 फीसदी, बेवफाई के कारण 59.6 फीसदी, संघर्ष और बहस के कारण 57.7 फीसदी, कम उम्र में शादी होने के कारण 45.1 फीसदी, वित्तीय समस्याओं के कारण 36.7 फीसदी, मादक द्रव्यों का सेवन करने के कारण 34.6 फीसदी तथा घरेलू हिंसा के कारण 23.5 फीसदी तलाक होते हैं। आंकड़ों के मुताबिक सितम्बर, 2024 तक देश में सर्वाधिक तलाक दर वाले राज्यों में महाराष्ट्र है, जहां प्रति हजार व्यक्ति तलाक के 18.7 मामले हैं तो कर्नाटक में 11.7, पश्चिम बंगाल 8.2, दिल्ली में 7.7, तमिलनाडु में 7.1, तेलंगाना में 6.7, केरल में 6.3 तथा राजस्थान में 2.5 हैं।

**- राजेश खण्डेलवाल**

# कविता: दशा, दिशा एवं भविष्य

बीते शुक्रवार 21 मार्च 2025 को विश्व कविता दिवस मनाया गया। विश्व भर की लगभग सभी भाषाओं में गद्य के बाद पद्य यानी कविता का ही वर्ष हो रहा है जहां तक देवनागरी हिंदी की बात है इसमें तो गद्य से अधिक कविताएं अधिक लोकप्रिय रही हैं। क्योंकि कविता के माध्यम से कई सामाजिक परिप्रेक्ष्य में कम शब्दों में अधिक और गहरी बात कहने में सक्षम होता है लेकिन आज हिंदी कविता आज एक महत्वपूर्ण बदलाव के दौर से गुजर रही है। पारंपरिक छंदबद्ध कविताओं की बजाय आज की कविता मुक्त छंद, प्रयोगधर्मी और व्यक्तिगत अनुभवों ज्यादा जुड़ गई है। और इसमें समष्टि के बजाय व्यष्टि के प्रधानता काफी बढ़ गई है यानी सामाजिक राष्ट्रीय एवं वैश्विक मुद्दों के बजे यह व्यक्तिगत अधिक होती जा रही है। समकालीन हिंदी कविता पर दृष्टि डालें तो इसमें उत्थान एवं पतन दोनों के ही लक्षण स्पष्ट दिखाई देते हैं। आज की हिंदी कविता में अच्छी बात यह है आई है कि विषयवस्तु में विविधता बढ़ी है। समसामयिक मुद्दे जैसे पर्यावरण संकट, नारीवाद, दलित विमर्श, सामाजिक असमानता, और राजनीतिक चेतना कविता का प्रमुख हिस्सा बन चुके हैं। आज कविता में नए माध्यमों का उपयोग हो रहा है । – सोशल मीडिया, ब्लॉग, और ऑनलाइन पत्रिकाओं ने कविता के प्रचार-प्रसार को व्यापक बनाया है वहीं युवा कवियों का योगदान भी बढ़ रहा है। नई पीढ़ी के कवि अधिक स्वच्छंदता और खुले विचारों के साथ और सशक्त अभिव्यक्ति के साथ अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कर रहे हैं। एक अच्छी बात यह भी है कि अब सूक्ष्म एवं क्लिष्ट शब्दावली के बजाय आंचलिकता और लोकभाषाओं का समावेशहिंदी कविता में अब क्षेत्रीय भाषाओं और बोलियों का प्रयोग भी बढ़ा रहा है। अब सवाल उठता है कि वर्तमान हिंदी कविता किस दिशा में जा रही है। वर्तमान हिंदी कविता में प्रयोगधर्मिता निरंतर बढ़ रही हैपारंपरिक काव्य संरचनाओं को तोड़ते हुए नई शैलियों और भाषा प्रयोगों को अपनाया जा रहा है। सामाजिक और राजनीतिक चेतना, सामाजिक न्याय, स्त्रीवाद, जातिवाद, और मानवाधिकार जैसे मुद्दे हिंदी कविता में प्रमुख विषयों के रूप से उभर रहे हैं। अन्य क्षेत्रों की तरह अब कविता भी केवल कॉपी कलम किताब तक सीमित नहीं है अपितु आज का युग डिजिटल कविता का युग बनकर आया है– इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब जैसे प्लेटफार्म पर कविताएँ प्रकाशित और प्रस्तुत की जा रही हैं, जिससे नई शैली की डिजिटल कविता का विकास हो रहा है। और पारंपरिक कवियों के बजाय नए कई नई दृष्टि के साथ सामने आ रहे हैं। इतना ही नहीं सीमित मात्रा में ही सही– आधुनिक कविताएँ ऐतिहासिक संदर्भों और लोककथाओं को भी नए परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत कर रही हैं। इस दृष्टि से देखने पर तो हिंदी कविता का भविष्य उज्ज्वल प्रतीत होता है, क्योंकि यह समय के साथ बदल रही है और नए-नए आयाम अपना रही है। भविष्य की हिंदी कविता में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कविता – एआई और मशीन लर्निंग के जरिए कविता नए प्रयोग हो सकते हैं।

**- डॉ. घनश्याम बादल**

### आज का कार्टून




साभार

# लोगों की दुआएं और नासा की कोशिशें हुईं सफल

इंसानों की दुनिया में तुम्हारा फिर से स्वागत है सुनीता। तुम्हारी इस शानदार उपलब्धि ने नारी शक्ति की गाथा को नए सिरे से लिख दिया है। धरा पर सकुशल लौटी सुनीता के लिए बस यही कहा जाएगा,.... 'नारी तू नारायणी'। बीते 9 महीनों से अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स की आकाश से धरती पर सफल लैंडिंग की अद्भुत, अकल्पनीय कहानी ने जो कारनामा कर दिखाया है, उसे दुनिया युगांतर तक याद रखेगी। जब तक धरती रहेगी, उनके किस्से सुनाए जाते रहेंगे। सुनीता की यात्रा महज 10 दिनों की थी, लेकिन तकनीकी खामियों ने उन्हें आकाश में लंबे समय तक रोके रखा। बुधवार भोर में जब ड्रैगन अंतरिक्ष यान सफलतापूर्वक पृथ्वी पर उतरा, तो समूचे संसार ने अंतरिक्ष यात्रियों का दिल खोलकर स्वागत किया। पूरा संसार टीवी की स्क्रीन पर नजरें गड़ाए हुए था। उनकी सकुशल वापसी की दुआएं कर रहे थे। आखिरकार लोगों की दुआएं और नासा की कोशिशें सफल हुईं। सुनीता विलियम्स और क्रू सदस्य बुच वेल्लोर, निक हेग और रूसी यात्री अलेक्सांद्र गोरबुनोव लंबा समय बिताकर लौट आए। धरा पर पांव रखने के बाद सुनीता ने जो बताया उसे सुनकर लोगों के रोंगटे खड़े हो गए, उन्होंने बताया कि एक वक्त तो उन्होंने जीने की उम्मीदें छोड़ दी थी, उन्हें लगा अब धरती पर लौट पाना संभव नहीं? जीने की तकरीबन उम्मीदें उन्होंने त्याग दी थी। लेकिन हौसले को टूटने नहीं दिया? नासा के लगभग 11 प्रयास असफल हुए थे। विटामिन-डी की कमी सुनीता के शरीर में लगातार कम हो रही थी। इस दरम्यान उन्होंने निश्चय किया, बेशक वो जमीन पर न लौट पाए? पर, अंतरिक्ष में उनकी दुर्लभ रिसर्च जारी रहेंगी। उनकी हिम्मत को आज मानव जीवन का प्रत्येक शख्स दाद दे रहा है। शेर के मुंह से कैसे निकलते हैं, जिसका सजीव उदाहरण सुनीता ने पेश किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड टर्म का चुनावी वादा भी पूरा हुआ। चुनाव में उन्होंने सुनीता को वापस लाने का वादा देशवासियों से किया था। सुनीता को अंतरिक्ष से लाने वाला ड्रैगन कैप्सूल का निर्माण हाल में ही राष्ट्रपति की विशेष अनुमति से युद्वस्तर पर करवाया गया। अंतरिक्ष यात्री को लेकर जब ड्रैगन कैप्सूल समुद्र में गिरा, तो उसका नजारा देखने लायक था। डॉल्फिन मछलियां भी उछल-उछल कर उनका स्वागत कर रही थीं। एस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनकर पूरा जगत भी गदगद हुआ। सुनीता के हौसले ने नया इतिहास लिखा है। नारी शक्ति का बेजोड़ उदाहरण पेश किया है। 5 जून 2024 को सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर दोनों ने नासा के मिशन के तहत बोइंग के अंतरिक्ष यान में बैठकर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए उड़ान भरी थी। मिशन की अवधि मात्र 10 दिनों में पूरा करने की थी। लेकिन अंतरिक्ष यान में खराबी आने से मिशन महीनों आकाश में फंसा रहा। इसी कारण 10 दिनी मिशन को 9 महीनों में पूरा किया गया। शायद नियति को यही मंजूर था, इसलिए उसने 19 मार्च 2025 की तारीख को सुनीता और बुच, निक हेग और अलेक्जेंडर गोर्बुनोव का आना धरती पर मुकर्रर कर रखा था। 19 मार्च का तड़के सुबह 3.27 बजे का समय भी इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। सुनीता समेत अंतरिक्ष यात्री क़ी सकुशल वापसी ने पुरे विश्व में खुशी का माहौल पैदा किया है। सुनीता से परिचित तो अब सभी का हो चुका है, जानते भी हैं कि वह भारतीय मूल की हैं। उनका परिवार भारत के गुजरात राज्य से वास्ता रखता है। पिता दीपक पांड्या गुजरात के झूलासण के रहते थे। जो वर्ष-1957 में अमेरिका जाकर बस गए थे। झूलासण के लोग भी कल से आपस में लड्डू बांटकर सुनीता के आगमन में खुशियां मना रहे हैं। ढोल-नगाड़ों से स्वागत कर रहे हैं। सुनीता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय मूल की दूसरी अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री हैं। उनसे पहले हरियाणा की कल्पना चावला भी ये उपलब्धि हासिल कर चुकी थीं। पर, 2003 में कोलंबिया स्पेस शटल के दुर्घटना होने से उनकी दुखद मृत्यु हो गई थी। सुनीता का जन्म 1965 में हुआ था। उनकी मां का नाम उर्सुलाइन बोनी पांड्या है, जो स्लोवेनिया से हैं। सुनीता ने पहली बार वर्ष-2006 में डिस्कवरी स्पेस शटल के जरिए अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर गई थीं। बहरहाल, अमेरिकी हुकूमत के इस पूरे मिशन और नासा स्पेसएक्स टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण की लोग सराहना कर रहे हैं।

**- डॉ. रमेश ठाकुर**


# मैंने कभी नहीं कहा सुशांत की हत्या हुई

## सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट पर क्या बोले बिहार के पूर्व डीजीपी

महानगर नेटवर्क

**पटना**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में कथित तौर पर क्लोजर रिपोर्ट दाखिल करने के बाद, बिहार के पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर पांडे ने मामले को संभालने के मुंबई पुलिस के तरीके की आलोचना करते हुए कहा कि उनके कार्यों से जनता में 'संदेह' पैदा हुआ। हालांकि, उन्होंने सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट पर टिप्पणी करने से परहेज किया और कहा कि यह एक पेशेवर एजेंसी है। उन्होंने कहा कि मैंने कभी नहीं कहा कि सुशांत की हत्या हुई, लेकिन बस इतना कहा था कि मौत संदिग्ध थी।



अभिनेता की मौत की शुरुआती जांच पर बोलते हुए, पांडे ने आरोप लगाया कि मुंबई पुलिस ने मामले की जांच के लिए भेजी गई बिहार पुलिस टीम के साथ सहयोग नहीं किया। उन्होंने दावा किया कि बेहतर समन्वय के लिए उन्होंने जिस आईपीएस अधिकारी को भेजा था, उसे क्वारंटीन कर दिया गया और बिहार पुलिस की टीम को सिर्फ पांच दिन बाद ही वापस भेज दिया गया।

### महाराष्ट्र पुलिस ने सहयोग नहीं किया

त्कालीन बिहार डीजीपी ने यह भी स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी दावा नहीं किया कि अभिनेता की हत्या की गई थी, बल्कि केवल इतना कहा कि उनकी मौत संदिग्ध थी और वे गहन जांच चाहते थे। पूर्व डीजीपी ने कहा, "जब सुशांत सिंह राजपूत की मौत की खबर आई तो मामला 20 दिनों के भीतर शांत हो गया। 20 दिनों के बाद उनके पिता ने पटना में मामला दर्ज कराया जिसकी जांच के लिए एक टीम भेजी गई। लेकिन महाराष्ट्र पुलिस ने सहयोग नहीं किया। मैंने बेहतर समन्वय के लिए एक आईपीएस अधिकारी को भेजा।

# कोई माई का लाल रोक नहीं सकता

## तेजस्वी के नेतृत्व में बनेगी सरकार, लालू यादव ने फिर भरी हुंकार



**जमुनिया।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने कहा है कि बिहार में विधानसभा चुनाव के बाद तेजस्वी यादव के नेतृत्व में सरकार बनेगी। कोई माई का लाल सरकार बनने से नहीं रोक सकता। यादव कल्याणपुर से राजद विधायक मनोज कुमार यादव के पिता स्व.कामरेड यमुना यादव की पुण्यतिथि पर कोटवा प्रखंड के जसौली जमुनिया में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने आये थे। इस दौरान उन्होंने सभा को सबोधित करते हुए लोगों से विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में सरकार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव का माई-बहन योजना बहुत अच्छी योजना है। उसके संबंध में गांव-गांव तक लोगों को बताना है। उन्होंने पूर्व विधायक स्व. यमुना यादव को महान समाजवादी नेता बताया। अपने संक्षिप्त संबोधन के बाद वे विधायक मनोज कुमार यादव के आवास पर पहुंच पूर्व विधायक स्व.यमुना यादव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी। राजद सुप्रीमों श्री यादव दोपहर करीब 1 बजे यहां सड़क के रास्ते पहुंचे। उनके आगमन को लेकर राजद नेताओं व कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह दिख रहा था। लंबे समय के बाद क्षेत्र में आये लालू प्रसाद यादव को देखने व सुनने के लिए भारी भीड़ जुटी थी।

### बेगूसराय में भीषण सड़क हादसा

# डिवाइडर से टकराई कार, 4 बारातियों की दर्दनाक मौत

**बेगूसराय** । बेगूसराय में एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं पांच लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका इलाज सदर अस्पताल बेगूसराय में चल रहा है। घटना नगर थाना क्षेत्र की खातोपुर चौक की है। बताया जा रहा है की खगड़िया की ओर से तेज रफ्तार से स्कॉर्पियो बेगूसराय की ओर आ रही थी। इसी बीच ड्राइवर का बैलेंस बिगड़ गया और तेज रफ्तार स्कॉर्पियो सड़क के बीच बने डिवाइडर से जा टकराई और पलट गई। इस हादसे में चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। आनन फानन में लोगों ने सभी घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान मुफस्सिल



थाना क्षेत्र के पहाड़ चक निवासियों के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक घायल पहाड़चक से स्कॉर्पियो पर सवार होकर बारात में गए थे और वापस आते समय में यह हादसा हो गया। सभी घायल रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। वहीं मरने वाले सभी लोग लोहिया नगर थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 27 पहाड़चक के रहने वाले हैं।

### बारात से वापस लौट रहे थे स्कॉर्पियो सवार

घटना की जानकारी मृतकों के परिजनों को मिलने के बाद उनके बीच चीख पुकार मच गई। बताया जा रहा है कि स्कॉर्पियो का टायर पंचर हो जाने की वजह से स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।

# समस्तीपुर में गैस सिलेंडर ब्लास्ट

## तीन लोग झुलसे; एक महिला पटना रेफर

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर में बड़ा हादसा हुआ है। गैस सिलेंडर के विस्फोट में तीन लोग झुलस गए हैं जिनमें एक महिला भी शामिल है। महिला की हालत ज्यादा खराब है। प्राथमिक उपचार के बाद समस्तीपुर से पटना रेफर कर दिया गया है। दो अन्य घायलों का इलाज स्थानीय स्तर पर चल रहा है। घटना मोरवा दक्षिणी पंचायत की है। विस्फोट के बाद लगी आग में दो लाख से ज्यादा की संपत्ति जलकर बर्बाद हो गयी है।
बताया जाता है कि घटना रविवार की अहले सुबह करीब पौने तीन बजे की



है। अग्नि पीड़ितों में सुबोध चौधरी और मनोज चौधरी शामिल हैं। पीड़ित परिवार के लिए सरकार से मुआवजे की मांग की गयी है। स्थानीय स्तर पर राहत बचाव का काम गांव के लोगों की ओर से की जा रही है।

### क्राइम ब्रांच और CID की रिपोर्ट

# कोसी-सीमांचल और पूर्वी बिहार में अवैध चिटफंड कंपनियों का जाल

महानगर नेटवर्क

**पटना**

पूर्वी बिहार से लेकर कोसी-सीमांचल के ग्रामीण इलाकों में धड़ल्ले से फर्जी चिटफंड कंपनियों का संचालन हो रहा है। 13 जिलों में 250 से अधिक चिटफंड कंपनियों का संचालन बिना किसी रजिस्ट्रेशन के हो रहा है। इन जिलों में अममून हर दिन इस तरह की शिकायत पुलिस को मिल रही है। कागजी दांव-पेच के कारण इस तरह के अधिकांश मामलों में कार्रवाई नहीं हो पाती है। अलग-अलग जिलों से क्राइम ब्रांच टीम (सीबीटी) और सीआईडी की टीम ने इस आशय की सूचना पुलिस मुख्यालय को दी है। लगातार इस तरह की शिकायत



मिलने के बाद पुलिस मुख्यालय सख्त हो गया है। मुख्यालय ने फर्जी चिटफंड कंपनियों की शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई का आदेश दिया है। इन फर्जी चिटफंड कंपनियों के सदस्य बारीकी से इस गोरखधंधे को अंजाम दे रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में रुपये देकर लोगों को फांसने का काम किया जा रहा है। इसके बाद चौगुनी वसूली कर लेते हैं।

### 10 हजार का वसूलते हैं 13 से 18 हजार

वसूली करने में कई तरह की अड़चनें आती हैं, इसलिए कंपनी के सदस्य घर के सभी सदस्य के मूल कागजात जमा ले लेते हैं। घर की महिलाओं को टारगेट करते हैं, ताकि पुरुष के नहीं रहने पर आसानी से रुपये की रिकवरी की जा सके। दर्जनों की संख्या में ऐसे लोग हैं, जिन्होंने फर्जी चिटफंड कंपनियों से रुपये कर्ज के रूप में लिया था। नहीं लौटाने पर डर से घर छोड़कर चले गए हैं। 10 हजार का वसूलते हैं 13 से 18 हजार फर्जी चिटफंड कंपनी के सदस्य ग्रामीण इलाके के लोगों से 10 हजार रुपये देने पर 90 दिनों के अंदर 13 से लेकर 18 हजार रुपये तक की वसूली करते हैं। बकाया नहीं देने पर गहना और मवेशी भी खोलकर चले जाते हैं। फर्जी चिटफंड कंपनी के सदस्य रिकवरी के लिए फूल प्रूफ प्लान बनाकर रखते हैं। हाल के दिनों में मिली शिकायत भागलपुर जिले के कई थानों में हाल के दिनों में फर्जी चिटफंड कंपनियों की शिकायत मिल चुकी है। वर्ष 2023 में इशाकचक थाना में भी लाखों रुपये लेकर गायब होने का मामला दर्ज कराया गया था। 10 दिन पूर्व भी सहरसा जिले के रहने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ दर्जनों की संख्या में महिलाओं ने इशाकचक थाना में सिलाई प्रशिक्षण देने के नाम पर ठगी करने को लेकर आवेदन दिया था।

# व्यापारी के सीने में दागी गोली

## नशीली दवा के विरोध पर गोलीबारी की आशंका

**सुपौल** । सुपौल जिले में सदर थाना क्षेत्र के सुखपुर में दवा व्यापारी को बदमाश ने गोली मार दी। गोली व्यापारी के सीने में लगी। आनन फानन में परिजनों ने जख्मी व्यवसाई को सदर अस्पताल लाया जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे रेफर कर दिया गया। फिलहाल शहर के एक निजी क्लिनिक में इलाजरत हैं। घटना रविवार सुबह 8 बजे उस वक्त घटी जब सुखपुर वार्ड 13 के अरविंद उर्फ पप्पू सिंह दुकान खोलने घर से आए थे। इसी क्रम में गांव का ही एक युवक उनपर गोली चला दी। जख्मी दवा कारोबारी पप्पू सिंह के पुत्र बंटी सिंह



ने बताया कि उसक पापा सुबह घर से दुकान खोलने के लिए आए थे। करीब साढ़े 7 बजे अचानक से रंजीत उर्फ टिंकू वहां आ धमका और पापा को गोली मारकर फरार हो गया। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से सुखपुर के लोग काफी दहशत में हैं और व्यापारी खौफ़जदा हैं। इधर, गोलीबारी की घटना के बाद सुखपुरा में चर्चा का बाजार गर्म हो गया है। लोगों का कहना था कि पप्पू सिंह नशे के कारोबार का विरोध करता था। यह बात आरोपी युवक को नागवार गुजरने लगी और उसने उसे गोली मार दी।

# बिहार दिवस पर नीतीश सरकार ने दे दिया एक और तोहफा

## अपार्टमेंट में ये काम कराने पर सरकार देगी अनुदान

**पटना।** बिहार दिवस के अवसर पर गांधी मैदान में परिवहन विभाग द्वारा उन्नत बिहार विकसित बिहार के थीम पर प्रदर्शनी लगाई गई है। इसका उद्घाटन परिवहन मंत्री शीला कुमारी ने किया। उन्होंने सभी स्टाल का निरीक्षण कर लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि अपार्टमेंट परिसर या अन्य निजी क्षेत्रों में चार्जिंग स्टेशन लगाना चाहते हैं तो परिवहन विभाग के स्टाल पर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। चार्जिंग स्टेशन लगाने पर राज्य सरकार द्वारा अनुदान दिया जा रहा है। बिहार दिवस के मौके पर परिवहन विभाग के पवेलियन में



हस्ताक्षर अभियान द्वारा सड़क सुरक्षा का संकल्प दिलाया जा रहा है।
पवेलियन में इलेक्ट्रिक वाहनों की नवीनतम टेक्नोलॉजी को प्रदर्शित किया गया है। इसमें इलेक्ट्रिक फोर-व्हीलर, टू-व्हीलर और सीएनजी वाहनों की प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। वाहन चालकों के लिए पवेलियन में निशुल्क नेत्र जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा स्टूडेंट पास बनवाने की ऑन द स्पाट सुविधा भी दी गई है, जिससे छात्र रियायती दरों पर यात्रा कर सकेंगे। परिवहन विभाग के पवेलियन में क्यूआर कोड स्कैन कर ऑन स्पाट ड्राइविंग लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट में अपना मोबाइल नंबर अपडेट करने की सुविधा है। बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों को रोचक और प्रभावी तरीके से सिखाने के लिए ट्रैफिक पार्क का निर्माण किया गया है। यहां बच्चे ट्रैफिक सिग्नल, जेब्रा क्रासिंग और सड़क सुरक्षा नियमों को व्यावहारिक रूप से सीख सकते हैं।

### जीविका समूहों में सामने आई बड़ी गड़बड़ी

# नीतीश सरकार ने लिया एक्शन; 22 कर्मचारी बर्खास्त

**पटना।** सरकार ने प्रखंड एवं जिले स्तर पर विभिन्न जीविका समूहों की आंतरिक आडिट में वित्तीय गड़बड़ियां सामने आने के बाद अनियमितता पर अंकुश लगाने को लेकर मॉनीटरिंग सख्त कर दी है। ग्रामीण विकास विभाग के आंतरिक जांच में अभी तक 35 से अधिक जिलों में हेराफेरी की पुष्टि हुई है। ऐसे प्रकरण को लेकर शासन ने सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं। सभी प्रकरण वित्तीय अनियमितता संबंधित हैं। इसमें 22 कर्मियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। शासन की कार्रवाई में जिन कर्मियों की सेवा समाप्त कर दी गई है उनमें अलग-अलग जिले एवं प्रंखड से संबंधित प्रकरण सम्मिलित है।
सेवा समाप्त किए गए कर्मियों में जिला परियोजना प्रबंधक से लेकर प्रखंड परियोजना प्रबंधक, वित्त प्रबंधक, क्षेत्री समन्वयक, लेखापाल एवं प्रशिक्षण अधिकारी तक नप गए हैं।वहीं, 30 अलग-अलग वित्तीय अनियमितता के मामले में एफआइआर की कार्रवाई की गई है। 35 प्रकरण में जांच चल रही है। सर्वाधिक प्रकरण वित्तीय गड़बड़ी से संबंधित हैं। औरंगाबाद जिले में दो (रफीगंज एवं राघोपुर प्रखंड), कटिहार में एक, कैमूर में दो, खगड़िया में दो, गया में दो, नालंदा में दो अलग-अलग मामले में प्राथमिकी दर्ज हुई है।

# 'अब केकरा पढ़ा के इंजीनियर बनाएब हे भगवान'

## मारपीट में छात्र मौत पर गांव मचा कोहराम

**छपरा।** सारण(छपरा) में एक इंजीनियरिंग के छात्र की मारपीट में मौत से कोहराम मच गया है। तरैया थाना क्षेत्र के पचरौर केवड़ा के समीप मही नदी स्थित सड़क पर बाइक से धक्का लगने के विवाद में मारपीट की गयी। जख्मी छात्र की पटना में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान सरेया रत्नाकर गांव निवासी अखिलेश सिंह के 17 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार सिंह के रूप में हुई है। अंकित मुजफ्फरपुर में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था। बेटे की मौत से माता पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना 19 मार्च 2025 की बताई जा रही है, जब अंकित पचरौर बाजार से बाइक से अपने



घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में बाइक के धक्के से एक व्यक्ति गिर पड़ा। इस पर आक्रोशित कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से अंकित के सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अंकित को परिजनों ने पहले मरहौरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया। शनिवार की रात इलाज के दौरान पटना में उसकी मौत हो गई।

**शव पहुंचते ही घर में मचा कोहराम** : अंकित का शव सरेया रत्नाकर गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मां सुमन देवी अपने बेटे के शव से लिपटकर विलाप कर रही थीं, "अब केकरा पढ़ाके इंजीनियर बनायेम हो भगवान!" अंकित अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। किसान पिता अखिलेश सिंह खेती-बाड़ी कर अपने बेटे को इंजीनियर बनाने का सपना देख रहे थे, लेकिन इस घटना ने उनका सपना तोड़ दिया।

**व्यापार**

# टाटा ग्रुप और टेस्ला के बीच हुई साझेदारी

## EV सेक्टर में धमाल की तैयारी

**नई दिल्ली।** कुछ टाटा कंपनियों ने टेस्ला के साथ साझेदारी की है, जिनमें टाटा ऑटोकॉम्प, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS), टाटा टेक्नोलॉजीज और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल हैं। इस साझेदारी में दुनियाभर के ऑटोमोटिव उद्योग के बाजार मूल्य का लगभग आधा हिस्सा कवर किया जाएगा, और यह अमेरिकी इलेक्ट्रिक वाहन (EV) निर्माता टेस्ला को भारत में अपने संचालन शुरू करने में मदद करेगा। दोनों कंपनियों ने एक वैश्विक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जो 2024 के वित्तीय वर्ष में लगभग 2 बिलियन डॉलर के योगदान के साथ आपूर्ति श्रृंखला नेटवर्क स्थापित करने के लिए है। आपूर्ति नेटवर्क को बढ़ावा देने के लिए, टेस्ला अपने संयंत्रों को टाटा के विनिर्माण संयंत्रों के पास स्थापित कर सकती है।

**टाटा कंपनियां टेस्ला की मदद कैसे करेंगी?**

साझेदारी में शामिल टाटा कंपनियां टेस्ला को कई तरीकों से सहायता प्रदान करेंगी। टाटा ऑटोकॉम्प इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए इंजीनियरिंग उत्पाद प्रदान करेगा, जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) एडवांस सर्किट बोर्ड तकनीक बनाएगी। टाटा टेक्नोलॉजीज और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद जीवनचक्र प्रबंधन और टेस्ला के बैटरी प्रबंधन प्रणाली और मोटर कंट्रोलर यूनिट्स के लिए सेमीकंडक्टर चिप्स की आपूर्ति करेंगे।

# आयकर विभाग के आंकड़ों में खुलासा

## 2024-25 में 5 लाख तक कमाने वालों की संख्या 1.90 करोड़

महानगर नेटवर्क

**नई दिल्ली**

आयकर विभाग के ताजे आंकड़ों से यह सामने आया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 5 लाख रुपये तक कमाने वाले करदाताओं की संख्या बढ़कर 1.90 करोड़ हो गई है। वहीं इससे ज्यादा कमाने वाले करदाताओं की संख्या 2.41 करोड़ तक पहुंच गई है। इस आंकड़े में 51 लाख नए करदाता शामिल हैं जिनमें से सबसे ज्यादा संख्या उन करदाताओं की है जिनकी आय 5 से 10 लाख रुपये के बीच है।

**क्या है इसका कारण?**

इसके पीछे एक प्रमुख कारण है टैक्स छूट की सीमा का बढ़ना। पहले 5




लाख रुपये तक कमाने वालों को कर से छूट मिलती थी लेकिन अब केंद्र सरकार ने बजट 2024-25 में 7 लाख रुपये तक की आय को करमुक्त कर दिया है। इसके बाद यह सीमा 12 लाख रुपये तक बढ़ा दी गई है जिससे अगले साल 5 लाख रुपये से ज्यादा कमाने वाले करदाताओं की संख्या और बढ़ सकती है। इसके अलावा डिजिटल लेनदेन के बढ़ने से टैक्स चोरी की गुंजाइश कम हुई है और लोग अपनी वास्तविक आय बताने में संकोच नहीं कर रहे।
वर्ष 2024-25 के आंकड़ों में यह देखा गया है कि नए करदाताओं में सबसे ज्यादा संख्या 5 से 10 लाख रुपये कमाने वालों की रही है। इसके अलावा 1 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाने वालों की संख्या में 34% की बढ़ोतरी हुई है। 50 लाख से 1 करोड़ रुपये तक कमाने वाले करदाताओं की संख्या में भी 33% की वृद्धि हुई है।

# काई इंडिया ने पेश किया 5 एक्सफिट रेज़र

**मुंबई।** कूल ड्रेसेज़ पहनना पसंद करते हैं। लेकिन यह तब तक ही अच्छा लगता है जब तक त्वचा पर अनचाहे बाल न दिखने लगें। जैसे ही बाल नज़र आते हैं, सैलून जाने की चिंता सताने लगती है, और गर्मी में बार-बार बाहर जाना भी मुश्किल होता है। आपकी इसी ज़रूरत को ध्यान में रखते हुए, काई इंडिया महिलाओं के लिए खासतौर पर डिज़ाइन किया गया 'एक्सफिट रेज़र' लेकर आया है। इसकी मदद से आप घर बैठे आराम से अनचाहे बालों से छुटकारा पा सकती हैं,वो भी बिना सैलून जाने की टेंशन के! क्रॉसफिट रेजर 5 ब्लेड्स सिस्टम रेज़र और 2 कार्टिज के साथ आते हैं, इनका मल्टीडायरेक्शनल हैड हर कर्व पर आसानी से बालों को शेव कर सकता है। ऐसे में यह वैक्सिंग की तुलना में अनचाहे बाल निकालने का आसान और दर्द रहित तरीका है। टाइटेनियम और एनसीएटी से कोटेड 5 ब्लेड्स वाले ये रेज़र बहुत छोटे बालों को भी आसानी से निकाल देते हैं। ये एलोवेरा और विटामिन-ई से युक्त लुब्रिकेटिंग स्ट्राइप के साथ आते हैं, इसलिए इनके इस्तेमाल से त्वचा को कोई नुकसान नहीं होता। अच्छी बात यह है कि इससे डैड स्किन भी निकल जाती है और त्वचा बेहद कोमल एवं मुलायम दिखने लगती है।

# टेलविंड एएमसी ने लांच किया अल्फा एज पीएमएस

**मुंबई।** टेलविंड एसेट मैनेजमेंट कंपनी (टेलविंड एएमसी), जो उच्च निवल मूल्य वाले व्यक्तियों और फैमिली ऑफिस के लिए मॉडल-आधारित निवेश रणनीतियों में विशेषज्ञता रखती है, ने अपने प्रमुख अल्फा एज पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विस की घोषणा की है। यह उन्नत निवेश समाधान, जो स्वामित्व वाले मात्रात्मक मॉडलों पर आधारित है, प्रारंभिक दौर में ही निवेशकों की मजबूत प्रतिक्रिया के साथ एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (AUM) 50 करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है।
अल्फा एज पीएमएस का लॉन्च टेलविंड एएमसी की नवाचार प्रतिबद्धता को दर्शाता है,जो अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को गहन बाजार विशेषज्ञता के साथ एकीकृत कर निवेशकों के लिए निरंतर अल्फा उत्पन्न करने पर केंद्रित है।टेलविंड एएमसी के संस्थापक और मुख्य निवेश अधिकारी विवेक गोयल ने कहा, अल्फा एज पीएमएस को मिली मजबूत प्रारंभिक प्रतिक्रिया यह दर्शाती है कि निवेशक व्यवस्थित और मॉडल-आधारित रणनीतियों को प्राथमिकता दे रहे हैं, जो स्थिर रिटर्न प्रदान कर सकें। आज के गतिशील बाजार में, हमारा सिस्टमेटिक दृष्टिकोण पारंपरिक बॉटम-अप निवेश रणनीतियों के लिए एक प्रभावी विकल्प प्रदान करता है।
विवेक गोयल ने आगे कहा,₹हमारी अल्फा एज रणनीति को व्यापक रूप से बैक-टेस्ट किया गया है और इसने विभिन्न बाजार स्थितियों में लचीलापन प्रदर्शित किया है। हम उच्च जोखिम-उच्च रिटर्न वाले आवंटनों की बजाय व्यवस्थित जोखिम प्रबंधन को प्राथमिकता देते हैं, जिससे दीर्घकालिक स्थिरता और बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित हो सके।

# साइबर धोखाधड़ी से निपटने में फेडएक्स की अगुवाई

**मुंबई।** डिजिटल लेनदेन के बढ़ने के साथ ही साइबर घोटाले, विशेषकर कूरियर धोखाधड़ी, एक गंभीर चिंता का विषय बन गए हैं। धोखेबाज फेडएक्स जैसी प्रतिष्ठित लॉजिस्टिक्स कंपनियों का नाम लेकर फ़िशिंग, पहचान की चोरी और धोखाधड़ी वाले डिजिटल भुगतान अनुरोधों के ज़रिए लोगों को धोखा देते हैं। इस खतरे को समझते हुए, फेडएक्स ने फरवरी में मुंबई, दिल्ली, बैंगलोर और हैदराबाद में साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान शुरू किया। फेडएक्स ने 10,000 व्यक्तियों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा है, जिनमें वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं और किशोर शामिल हैं - ये ऐसे समूह हैं जो अक्सर साइबर अपराधियों द्वारा लक्षित होते हैं। जैसे-जैसे जागरूकता अभियान आगे बढ़ेगा, यह लोगों को साइबर खतरों, सुरक्षित ऑनलाइन प्रथाओं और घोटाले की रोकथाम के बारे में शिक्षित करेगा, जिससे फेडएक्स की डिजिटल सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता मजबूत होगी। कमज़ोर समूहों को शिक्षित करना, कानून प्रवर्तन प्रशिक्षण, डिजिटल भुगतान सुरक्षा को बढ़ावा देना इन तीन प्रमुख क्षेत्रों पर फेडएक्स का अभियान केंद्रित है।

# भारतीय शेयर बाजार में अच्छे अवसर मौजूद

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच छोटी और लंबी अवधि के निवेशकों के लिए पर्याप्त अवसर मौजूद हैं। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। मोतीलाल ओसवाल प्राइवेट वेल्थ (एमओपीडब्ल्यू) की ओर से जारी रिपोर्ट में इक्विटी को लेकर शॉर्ट टर्म और लॉन्ग में आशावादी रुख अपनाया गया। ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि निवेशकों को लंपसम के माध्यम से लार्ज-कैप और हाइब्रिड फंडों में निवेश जारी रखना चाहिए,जबकि अगले छह महीनों में चरणबद्ध तरीके से मिड-कैप और स्मॉल-कैप शेयरों में निवेश करना चाहिए। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब हाल के समय में हुई



गिरावट में लार्ज-कैप का मूल्यांकन 10-वर्ष के औसत से नीचे आ गया है। मोतीलाल ओसवाल वेल्थ लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष शंकर ने कहा, "हाल की गिरावट के कारण लार्ज-कैप का मूल्यांकन एक वर्ष के फॉरवर्ड आधार पर 10 वर्ष के औसत से नीचे आ गया है।"
उन्होंने कहा कि हालांकि, मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स अभी भी प्रीमियम पर कारोबार कर रहे हैं, लेकिन वहां भी अवसर उभर रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि उपभोग को बढ़ावा देने के लिए हाल ही में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से आर्थिक विकास को समर्थन मिलने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है, "भारतीय शेयर बाजार फिलहाल कंसोलिडेशन के दौर में है। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं, अमेरिकी टैरिफ और मजबूत डॉलर ने बाजार में अस्थिरता को बढ़ावा दिया है। इन चुनौतियों के बावजूद, उपभोग बढ़ाने के उद्देश्य से किए गए सरकारी उपायों से भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सकती है।"

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# राणा सांगा का अपमान, औरंगजेब का गुणगान, यही सपा की असली पहचान : मौर्य

**सपा सांसद ने पूछा, बाबर को भारत में लाने वाला कौन था?**

महानगर संवाददाता
लखनऊ

समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा राज्यसभा में राणा सांगा को लेकर दिए गए बयान पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी बीच अब उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी इस मामले पर प्रतिक्रिया दी है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने इस विवाद पर सपा चीफ अखिलेश यादव को जमकर घेरा है।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर लिखा-"राणा सांगा का अपमान, औरंगज़ेब का गुणगान, यही है सपा की राजनीति और इनके मुखिया अखिलेश यादव की असली पहचान! देश के महापुरुषों का बार-बार अपमान और देश के दुश्मनों का सम्मान करके सपा ने अपने अंत का रास्ता खुद चुन लिया है। अब जनता ब्याज समेत हिसाब

**MP-MLA कोर्ट का फैसला**

चुकता कर सपा को सजा देकर 'समाप्तवादी पार्टी' बनाने का काम करेगी!" हालांकि राज्यसभा में दिए गए अपने बयान पर सपा सांसद सुमन ने कहा, "बाबर राणा सांगा के निमंत्रण पर भारत आया था, यह एक ऐतिहासिक तथ्य है। मेरा किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का इरादा नहीं था। हर बार कहा जाता है कि भारत के मुसलमानों के डीएनए में बाबर है। भारत के मुसलमान मुहम्मद साहब (पैगंबर मुहम्मद) को अपना आदर्श मानते हैं और सूफी परंपरा का पालन करते हैं। मेरा किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का इरादा नहीं है।"



**क्या बोले थे सपा सांसद रामजी लाल सुमन**

बता दें कि सपा सांसद रामजी लाल सुमन ने राज्यसभा में कहा था कि बीजेपी के लोग अक्सर यह कहते हैं कि उनमें बाबर का डीएनए है। मुझे यह जानना है कि बाबर को भारत में लाने वाला कौन था? क्या इब्राहिम लोदी को हराने के लिए बाबर को राणा सांगा ने नहीं बुलाया था? इसके साथ ही सपा सांसद सुमन ने यह भी कहा, अगर मुसलमान बाबर की औलाद हैं, तो फिर बीजेपी वाले उस गद्दार राणा सांगा की औलाद हैं।

# ट्रक-बाइक की टक्कर में दादा-नाती की मौत

**सुल्तानपुर।** यूपी के सुल्तानपुर में रविवार को भीषण हादसा हो गया। यहां ट्रक ने बाइक पर सामने से टक्कर मार दी। हादसे में दादा-नाती की मौत हो गई। जबकि, दादी गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। हादसा जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के अंडरपास के बिरसिंहपुर गांव के पास हुआ। क्षेत्र के ही दामोदरपुर गांव निवासी उदयराज जायसवाल (52), अपनी पत्नी परमिला (48) और नाती आनंद (9) के साथ बाइक से अपनी बहन के यहां जा रहे थे। बाइक उदयराज चला रहे थे। बिरसिंहपुर गांव के पास सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादमें बाइक के परखच्चे उड़ गए। उदयराज और आनंद की मौके पर मौत हो गई।

# 'फिट इंडिया संडे साइकिल' का मनसुख मांडविया ने किया शुभारंभ

महानगर संवाददाता
लखनऊ

राजधानी लखनऊ में रविवार को 'फिट इंडिया संडे साइकिल' का शुभारंभ हुआ। इसका नेतृत्व केंद्रीय युवा कार्य एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने किया। उन्होंने मरीन ड्राइव (सामाजिक परिवर्तन स्थल) से समता मूलक चौराहा होते हुए 1090 चौराहा तक तीन किमी की साइकिल यात्रा की। फिर इसी रास्ते से वापसी की। उनके साथ उत्तर प्रदेश के खेल एवं युवा मामले के मंत्री गिरीश चंद्र यादव भी शामिल हुए।

इस आयोजन में 400 से अधिक साइकिल चालकों ने भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ और सक्रिय जीवन शैली अपनाने के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. मांडविया ने कहा कि फिट



इंडिया आंदोलन को सफल बनाने के लिए हमें अपनी दिनचर्या में नियमित व्यायाम और साइकिलिंग को शामिल करना चाहिए। यह न केवल फिटनेस को बढ़ावा देता है, बल्कि पर्यावरण को भी संरक्षित करता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब तक, यह राष्ट्रव्यापी साइकिलिंग अभियान 4200 से अधिक स्थानों पर आयोजित किया जा चुका है। इसमें करीब दो लाख लोग शामिल हुए। इस पहल के माध्यम से वायु प्रदूषण कम करने और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया। युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, माई बाइक्स और माई भारत के सहयोग से 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम देशभर में एसएआई क्षेत्रीय केंद्रों, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों और खेलो इंडिया केंद्रों में एक साथ आयोजित किया गया। इसमें लाखों नागरिकों को फिटनेस और हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# जलते छप्पर के नीचे से स्कूल बैग को सीने से लगाकर भागी बच्ची

**अखिलेश ने शेयर किया वीडियो**



महानगर संवाददाता
अंबेडकर नगर

यूपी के अंबेडकरनगर में तीन दिन पूर्व हुई बुल्डोजर कार्रवाई के दौरान का एक वीडियो सामने आया है। जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि एक प्राथमिक विद्यालय की छात्रा आग से जल रहे छप्पर के नीचे से भागती हुई निकलती है। उसके हाथ में स्कूल बैग था। उसे उसने सीने से लगा रखा था। वीडियो सामने आया तो लोग बच्ची के लगन को सराह रहे हैं। उसे भविष्य में सफल होने की शुभकामनाएं दे रहे हैं।

मामला जलालपुर तहसील के अरई गांव का है। यहां तीन दिन पहले प्रशासन की टीम अतिक्रमण हटाने गई थी। झोपड़ियां हटाते समय एक झोपड़ी के छप्पर में आग लग गई। अधिकारी उसे बुझाने में जुट गए। लेकिन, उस समय वहां पर एक बच्ची ऐसी भी थी, जिसे अपने भविष्य की चिंता सता रही थी। उसे महसूस हुआ कि यदि झोपड़ी के अंदर रखा उसका स्कूल बैग यदि आग से जल गया तो वह आगे की पढ़ाई कैसे कर सकेगी। घरवाले पता नहीं दोबारा पुस्तक खरीद सकेंगे या नहीं।

जब तक लोग कुछ समझ पाते बच्ची अदंर भागी। कुछ ही पलों में स्कूल बैग को सीने से लगाए हुए दौड़ती हुई बाहर निकली। जान की परवाह किए बगैर स्कूल बैग के लिए जल रही झोपड़ी के अंदर जाकर बैग लाने के बच्ची के इस दृश्य को जिसने भी देखा वह स्तब्ध रह गया। अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने इस वीडियो को अपने एक्स अकाउंट से शेयर करके सरकार को निशाने पर लिया। लिखा कि, 'अंबेडकरनगर के एक प्रशासनिक अधिकारी अपनी शान दिखाने के लिए लोगों की झोपड़ियां गिरा रहा है। एक बच्ची अपनी किताबें बचाने के लिए भागने पर मजबूर है। ये वही भाजपाई लोग हैं, जो कहते हैं 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'।

# डॉ. हीरा लाल ने श्रीलंका के प्रशासनिक अधिकारियों से साझा किया सुशासन का अनुभव

महानगर संवाददाता
लखनऊ

उत्तर प्रदेश में स्टेट लेवल नोडल एजेंसी वाटरशेड डेवलपमेंट कम्पोनेंट प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डॉ. हीरा लाल ने शनिवार को राष्ट्रीय सुशासन केंद्र मसूरी में श्रीलंका के 45 प्रशासनिक अधिकारियों से जनपद स्तर पर सुशासन, नवप्रयोगों से गाँवों के समुचित विकास की योजनाओं के बारे में अपने अनुभवों को साझा किया। प्रशासनिक अधिकारियों के इस अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रशासनिक सुधार और



लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार के तत्वावधान में किया गया था। इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य जनपद स्तर पर सुशासन को स्थापित करते हुए भारत ही नहीं बल्कि विश्व का कल्याण करना और वैश्विक स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों का समुचित विकास सुनिश्चित करना रहा। गाँवों के विकास को लेकर डॉ. हीरा लाल द्वारा बड़े पैमाने पर किये गए नवप्रयोगों और जल-जंगल-जमीन और जीव को बचाने के लिए बड़े पैमाने पर चलाये गए अभियानों से प्रभावित होकर राष्ट्रीय सुशासन केंद्र मसूरी के एसोसिएट प्रोफ़ेसर व प्रशासनिक प्रभारी डॉ. ए. पी. सिंह ने विशेष तौर पर उन्हें आमंत्रित किया था। डॉ. हीरा लाल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुशासन, नीति निर्धारण, प्रशिक्षण और क्षमतावर्धन को लेकर इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन निश्चित रूप से महत्वपूर्ण साबित होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. हीरा लाल ने जनपद स्तर पर इनोवेटिव गवर्नेंस की चुनौतियों और सामुदायिक सहभागिता व अन्य माध्यमों से उनके समाधान का जो खाका खींचा वह देश और विश्व हित में उपयोगी साबित हो सकता है।

# बदमाश ने सिपाही को मारी गोली, तीन लोग गिरफ्तार

महानगर संवाददाता
मिर्जापुर

कटरा कोतवाली, राजगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए साढ़े छह करोड़ की हेरोइन के साथ तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इसमें एक आरोपी को मुठभेड़ में गोली लग गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, कटरा कोतवाली पुलिस ने बीती रात तुलसी चौक स्थित मोहल्ले में दबिश देकर हेरोइन तस्कर नन्हे कसेरा समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया। उसके पास से साढ़े छह करोड़ की हेरोइन बरामद की गई। गिरफ्तारी के बाद तस्कर नन्हे कसेरा ने पुलिस को और मादक पदार्थ बरामदगी के बारे में



बताया। इसके बाद पुलिस उसे लेकर उसके बताए गए स्थान पर यानी राजगढ़ ले गए। वहां मादक पदार्थ तो नहीं मिला। मादक पदार्थ के स्थान पर नन्हे कसेरा असलहा छुपा कर रखा था।


# सांसद की जीभ काटने पर एक लाख इनाम

**अब रामजी लाल ने दी ये सफाई**

महानगर संवाददाता
आगरा

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद रामजी लाल सुमन के शुक्रवार को राज्यसभा में दिए बयान पर बवाल मच गया है। आगरा में अखिल भारत हिंदू महासभा ने सपा सांसद के बयान के विरोध में प्रदर्शन किया। सांसद के खिलाफ तहरीर दी। वहीं, सपा सांसद ने भी सफाई दी है। सपा सांसद रामजी लाल सुमन का कहना है कि मैं अपने बयान पर कायम हूं। अगर राज्यसभा सभापति को लगता है मैंने कुछ आपत्तिजनक कहा तो सदन की कार्यवाही से मेरे बयान को हटा सकते हैं।

महासभा के पदाधिकारियों ने



चेतावनी दी कि तहरीर के आधार पर 24 घंटे में मुकद्दमा दर्ज नहीं हुआ तो सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। महासभा पदाधिकारियों ने कहा कि सपा सांसद के बयान से करोड़ों हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। महासभा की महिला अध्यक्ष मीरा राठौर ने कहा जो राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन की जीभ काटेगा उसे एक लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। साथ ही हिंदू महासभा ने सपा सांसद के डीएनए टेस्ट की मांग भी की।

समाजवादी पार्टी के सांसद के राज्यसभा में राणा सांगा को गद्दार कहने पर हंगामा हो गया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों का तकिया कलाम हो गया है कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है। आखिर, बाबर को लाया कौन। इब्राहिम लोधी को हराने के लिए बाबर को राणा सांगा हिंदुस्तान में लाया था। अगर मुसलमान बाबर की औलाद हैं तो फिर तुम गद्दार राणा सांगा की औलाद हो।

# पत्नी के घर वालों ने पति को किया था अपमानित, केस दर्ज



महानगर संवाददाता
गोरखपुर

पीपगंज थाना क्षेत्र के एकमा गांव निवासी जगदीश अग्रहरि (61) ने अपने बेटे मनीष (25) की शादी सिद्धार्थनगर की अमृता से की थी। हिंदू रीति रिवाज के तहत 2 मई 2023 को विवाह संपन्न हुआ थाा। 3 दिन बाद विदाई करवाकर बहु पीपीगंज आ गई थी। लेकिन, विवाह के कुछ समय बाद ही उन दोनों के बीच अनबन शुरू हो गई। इसके बाद अमृता अपने मायके चली गई। परिजनों के समझाने के बाद दोनों सुलह की बात होने लगी। साथ ही दोनों पति पत्नी बात भी करने लगे। उसके कुछ समय बाद 30 अगस्त को 2023 को मनीष अपने ससुराल गया, जहां आरोप है कि उसकी पत्नी अमृता उसके पिता कपिलदेव, सोनू ,मोनू, शकुन्तला,कन्हैया ने उसपर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते केस दर्ज कराने की धमकी दी और बेटे को मारपीट कर अपमानित कर दिया।

## सुरक्षित महाकुंभ बनाने वाले पुलिसकर्मी हुए सम्मानित




**प्रयागराज।** महाकुंभ को दिव्य, भव्य व डिजिटल के साथ ही सुरक्षित बनाने में पुलिस की अग्रणी भूमिका रही है। पौष पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक 45 दिन तक चले महाकुम्भ मेला में पुलिस अधिकारी व कर्मचारी ने रात-दिन श्रद्धालुओं की सुरक्षा में डटे रहे। मेला के सकुशल संपन्न होने के बाद एडीजी जोन भानु भास्कर ने कुम्भ पुलिस को सम्मानित किया। उन्होंने डीआईजी वैभव कृष्ण, एसएसपी राजेश द्विवेदी, एडिशनल एसपी श्वेताभ पांडेय, मीडिया प्रभारी तनु उपाध्याय, इंस्पेक्टर वेद प्रकाश पांडेय सहित सभी पुलिस अधिकारियों व निरीक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। एडीजी जोन ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े धार्मिक मेला को सुरक्षित बनाना किसी चुनौती से कम नहीं था। इस चुनौती को पुलिस टीम ने अदम साहस और बेहतर प्लानिंग के तहत बखूबी निभाया। पुलिस न सिर्फ श्रद्धालुओं की सुरक्षा की, बल्कि मेला के दौरान अपने कुशल व्यवहार के साथ सहयोग भी किया। इसकी पूरी दुनिया में जमकर तारीफ हुई।

# मेरा कोई परिवार नहीं, सब मर चुके हैं : मुस्कान

महानगर संवाददाता
अंबेडकर नगर

मेरठ के सौरभ राजपूत की कथित हत्या के लिए जेल में बंद उसकी पत्नी और उसका प्रेमी मादक पदार्थ नहीं मिलने के कारण बेचैन दिख रहे हैं और उनकी नींद तक हराम हो गई है। पति की हत्या करने वाली मुस्कान ने अब जेल कर्मचारी से कागज लेकर जेल अधीक्ष को एक चिट्ठी लिखी है। जिसमें मुस्कान ने खुद के लिए सरकारी वकील मांगा है। जेल अधिकारियों ने बताया कि जेल में बंद मुस्कान ने अफसरों से गुहार लगाई है। मुस्कान ने जेल कर्मचारी से कागज लेकर जेल अधीक्षक को एक चिट्ठी लिखी है, जिसमें उसने अपने लिए सरकारी वकील मांगा है। परिजनों से ठुकराई गई मुस्कान



ने चिट्ठी में लिखा है कि मेरा कोई परिवार नहीं है, सब मर चुके हैं। उसे सरकारी वकील दिलाया जाए। अफसरों ने बताया कि जेल में नियमावली में इस तरह की व्यवस्था संभव। हालांकि साहिल अभी भी गुमसुम है, वह किसी से बात नहीं कर रहा है। डॉक्टर उसे लगातार इलाज दे रहे हैं।

**जेल के अंदर तनाव में हैं मुस्कान और साहिल**

जेल सूत्रों ने बताया कि दोनों अत्यधिक तनाव में दिख रहे हैं। मुस्कान और साहिल ठीक से सो नहीं पा रहे हैं। दोनों खाने-पीने में भी ना-नुकुर कर रहे हैं।' उनकी इस हालत पर कई तरह की बातें कहीं जा रही हैं। जेल अधिकारी मुस्कान और साहिल का नशे का आदी होना, इसकी वजह बताते हैं। अधिकारियों का कहना है कि जेल में आने के बाद नशीला पदार्थ नहीं मिलने से उनकी हालत बिगड़ने लगी है और दोनों को बेचैनी, घबराहट तथा दौरे पड़ने लगे हैं। जिला कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक वीरेश राज शर्मा का कहना है कि साहिल और मुस्कान दोनों काफी समय से नशा कर रहे हैं, ऐसे में अब नशा न मिलने के कारण बेचैनी की दिक्कत हो रही है और रात को नींद भी नहीं आ रही है।

# प्रेम प्रसंग के चलते लड़की ने किया सुसाइड

**कानपुर।** कानपुर देहात से सनसनीखेज मामला सामने आया है, दरअसल कानपुर देहात में एक लड़की गुमशुदा हो गयी, पुलिस लड़की की तलाश में जुटी तभी कानपुर नगर से खबर आई की एक लड़की की लाश नहर मे मिली है। शिनाख्त हुई तो लाश कानपुर देहात से गुमशुदा हुई लड़की की थी। पुलिस ने जब तफ्तीश की तो सामने आया की प्रेम प्रसंग के चलते लड़की ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की थी। परिवार ने अपनी आन बान शान के लिए लड़की की लाश को कानपुर की नहर मे फेंक दिया। जिसके बाद पुलिस ने घटना में शामिल परिवार के 5 लोगों को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा कर दिया।

# सालार मसूद गाजी की दरगाह पर ताला!

**दरगाह कमेटी ने कहा- खुद ही बंद किया मेन गेट**

महानगर संवाददाता
प्रयागराज

प्रयागराज की सोरांव तहसील के सिकंदरा कस्बे में स्थित सालार मसूद गाजी के रौजे यानी दरगाह पर कथित तौर पर पुलिस प्रशासन द्वारा ताला लगाकर बंद किए जाने की चर्चाओं को पुलिस और दरगाह कमेटी ने पूरी तरह गलत बताते हुए चर्चाओं का खंडन किया है। इस बारे में दरगाह कमेटी के अध्यक्ष ने वीडियो संदेश जारी कर इन चर्चाओं को पूरी तरह से अफवाह बताया। कमेटी की तरफ से कहा गया है कि दरगाह के अंदर रंगाई पुताई और मरम्मत का काम होना है। इस वजह से मुख्य द्वार पर ताला लगाकर गेट को बंद कर दिया गया है। यह ताला पुलिस प्रशासन की तरफ से नहीं बल्कि खुद दरगाह



कमेटी की तरफ से लगाया गया है। जो श्रद्धालु अंदर जाना चाहते हैं उनके लिए दूसरे साइड से छोटा गेट खोला गया है।

गौरतलब है कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर पुलिस प्रशासन द्वारा जबरन दरगाह को बंद कराए जाने की अफवाह फैला रहे थे। फोटो और वीडियो अपलोड कर अफवाह फैलाने का काम कर रहे थे। इस सूचना पर स्थानीय पुलिस खुद दरगाह पर पहुंची थी। वास्तविकता जानने के लिए मौके पर पहुंची पुलिस की तस्वीरे और वीडियो सोशल मीडिया पर गलत नजरिए से पेश किया जा रहा था। जबकि हकीकत यह है कि मुख्य द्वार को दरगाह कमेटी ने खुद ही बंद किया है।

# अवैध असलहा फैक्ट्री पर छापेमारी, 8 गिरफ्तार



महानगर संवाददाता
बस्ती

यूपी के बस्ती में अवैध असलहों की फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है. जिसमें मुखबिर की सूचना पर जब पुलिस ने छापा मारा तो एक नहीं दो नहीं बल्कि असलहों का जखीरा बरामद हुआ. हैरानी की बात यह है कि कलवारी के थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद ने जब पकड़े गए अपराधियों से कड़ाई से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि हम असलहा बनाने के अपने पुश्तैनी काम को आगे बढ़ा रहे थे और इतना ही नहीं असलहों को कैसे अत्याधुनिक बनाया जाए? इसके लिए यूट्यूब की भी मदद लेते थे. पकड़े गए सभी 8 आरोपियों के पास से 10 अवैध असलहा, 10 कारतूस और असलहा बनाने का उपकरण बरामद हुआ है. अब बस्ती पुलिस इनके नेटवर्क को खंगालने में भी जुट गई है.

## राणा सांगा विवाद पर बृजभूषण शरण सिंह बोले-
# सपा नेताओं के शरीर में दैत्य गुरु शुक्राचार्य की आत्मा

महानगर संवाददाता
गोंडा

समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा राज्यसभा में राणा सांगा पर दिए गए विवादित बयान के बाद राजनीति में तीखी बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है. इसी बीच अब बीजेपी के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने भी इस पूरे विवाद पर प्रतिक्रिया दी है. बीजेपी नेता बृजभूषण शरण सिंह ने सपा सांसद से माफी की मांग की है और उन्होंने दैत्य गुरु शुक्राचार्य का भी जिक्र किया है।

बीजेपी के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने अपने एक्स अकाउंट पर वीडियो पोस्ट कर कहा-"देखिए लगता है कि कुछ समाजवादी पार्टी



के नेताओं के शरीर में दैत्य गुरु शुक्राचार्य की आत्मा बसी है और इस बयान का क्या परिणाम होगा इसकी चिंता सांगा के परिवार को या राजपूत समाज को करने की जरूरत नहीं. जैसे शुक्राचार्य के रास्तों पर चलकर के...एक तरीके से कह सकते हैं कि जैसे रावण का अंत हुआ था. ये जो शुक्राचार्य की आत्मा घुसी है, कभी मुंबई में घुस जाती है. अब देखिए अच्छा भला



चल रहा था, अब सुमन साहब कई बार के सांसद हैं उनमें घुस गई और वह इतिहास के बड़े जानकार हैं." बीजेपी नेता बृजभूषण सिंह ने कहा- "अगर उनको कहीं से रिफ्रेंस यह मिला है, बाबरनामा से या कहीं से तो उनको यह भी देखना चाहिए कि दौलत खान लोदी ने क्या किया था. इतिहास में एक-एक चीज से कई चीजें देखने को मिलती हैं लेकिन जिस बयान से किसी समाज को किसी जाति को तकलीफ पहुंचती हो वह बयान नहीं देना चाहिए." इसके साथ ही उन्होंने कहा- "राणा सांगा देशभक्त थे, छत्रपति शिवाजी महाराज देश भक्त थे या नहीं थे, छत्रपति संभाजी महाराज देश भक्त थे या नहीं थे, झांसी की रानी देश भक्त थीं या नहीं ये सर्टिफिकेट किसी नेता से लेने की जरूरत नहीं है। ये बयान उन्हें वापस लेना चाहिए नहीं तो इसका परिणाम समाजवादी पार्टी भोगेगी।"

# मौत के बाद भी सोशल मीडिया पर चल रहा माफिया अतीक का साम्राज्य

महानगर संवाददाता
प्रयागराज

माफिया अतीक अहमद की मौत के बाद भी सोशल मीडिया पर उसका साम्राज्य कायम है। अतीक अहमद ही नहीं जेल में बंद उसके बेटे उमर और अली के नाम से दर्जनों सोशल मीडिया अकाउंट संचालित हो रहे हैं। खास बात यह है कि इन पर लगातार फोटो और वीडियो भी पोस्ट किए जा रहे हैं पर पुलिस ने चुप्पी साध रखी है।

उमेश पाल हत्याकांड के मुख्य शूटर और अतीक अहमद के बेटे असद को भले ही पुलिस ने करीब दो साल पहले मुठभेड़ में ढेर कर दिया था, लेकिन शनिवार को सोशल मीडिया पर उसका वीडियो पोस्ट किया गया, जिसमें वह गाड़ी चलाते नजर आ रहा है। अतीक



अहमद एमपी के नाम से चल रहे सोशल मीडिया अकाउंट से यह वीडियो पोस्ट किया गया है। वहीं एक दिन पहले अतीक के भाई अशरफ के साले और गैंगस्टर सद्दाम की वीडियो रील इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपलोड की गई थी, जिसमें यूपी में घर बैठे मर्डर करा देंगे गाना बज रहा था। इससे पहले अतीक अहमद नाम से बनाए गए इंस्टाग्राम अकाउंट पर उसके बेटे अली के कोर्ट में पेशी के दौरान आने का एक वीडियो सात मार्च को पोस्ट किया गया था।

### गाजा पर हमले तेज

# फिलिस्तीनियों को भगाने के लिए निदेशालय का गठन

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

इजरायल की सेना ने गाजा पर हमले तेज कर दिए हैं। हमास के वरिष्ठ नेता समेत दर्जनों निर्दोषों की जान लेने के साथ बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा के लिए एक खास प्लानिंग तैयार कर ली है। इजरायली कैबिनेट ने एक नए निदेशालय के गठन को मंजूरी दी, इसका उद्देश्य फिलिस्तीनियों के स्वेच्छा से पलायन को बढ़ावा देना है। यह प्रस्ताव अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस योजना के अनुरूप है, जिसमें गाजा को खाली कर उसे दूसरों के लिए पुनर्निर्मित करने की बात की गई थी। उधर, फिलिस्तीनी नेताओं का कहना है कि वे अपनी मातृभूमि छोड़ने को तैयार नहीं हैं। वे इजरायल के इस कदम की कड़ी आलोचना कर रहे हैं। इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष में एक नया मोड़ सामने आया है। इजरायल ने गाजा से फिलिस्तीनियों को निकालने के लिए एक नई

### ट्रंप को खुश करने में जुटे नेतन्याहू



टीम का गठन किया है। इजरायल के रक्षा मंत्री इज़राइल काट्ज़ ने कहा कि यह नया निकाय ₹इजरायली और अंतरराष्ट्रीय कानून₹ के तहत काम करेगा और गाजा से फिलिस्तीनियों को अन्य देशों में जाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेगा। इस प्रस्ताव को लेकर फिलिस्तीनी समुदाय और मानवाधिकार समूहों का कहना है कि यह योजना संभवतः अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन कर सकती है, क्योंकि फिलिस्तीनी इस जमीन से अपनी स्वेच्छा से बाहर जाने के पक्ष में नहीं हैं। इसलिए, यह स्पष्ट है कि इजरायल फिलिस्तीनी लोगों को गाजा से बाहर निकालने के लिए एक योजना पर काम कर रहा है, जिसे फिलिस्तीनी समुदाय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विरोध का सामना करना पड़ सकता है। शनिवार रात से शुरू हुए इजरायल के ताजा हवाई हमलों में गाजा के दक्षिणी हिस्से में कम से कम 26 फिलिस्तीनी नागरिकों की जान जा चुकी है, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। हमले में हमास के एक वरिष्ठ नेता सलाह बरदवील की भी मौत हो गई और कई परिवारों का जीवन छिन गया। इस संकटपूर्ण स्थिति में फिलिस्तीनियों का पलायन जारी है, जबकि इजरायल के नए प्रस्ताव ने पूरे क्षेत्र में उथल-पुथल मचा दी है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, युद्ध में 50021 फिलिस्तीनी मारे गए हैं, जबकि 113000 से अधिक घायल हुए हैं।



## सेना और आतंकियों के बीच एनकाउंटर

**कठुआ।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में रविवार शाम से आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच एनकाउंटर चल रहा है। हीरानगर सेक्टर में भारत-पाक सीमा के सान्याल गांव में रविवार शाम को संदिग्ध गतिविधि के बाद तलाशी अभियान शुरू किया गया। अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल पर अतिरिक्त बल भेजा गया है और विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है। इससे पहले दिन में, सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के सुरनकोट के सांगला के सामान्य क्षेत्र में कुछ 'संदिग्ध गतिविधि' देखे जाने के बाद एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया था। यह संयुक्त अभियान भारतीय सेना के रोमियो फोर्सेस ने पुंछ पुलिस के साथ मिलकर शुरू किया था। वहीं, एक अन्य घटनाक्रम में, जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के एक सुदूर वन क्षेत्र में एक आतंकवादी ठिकाने का पता चला, जिसमें एक पिस्तौल और कुछ गोला-बारूद बरामद किया गया।

# आंबेडकर को भी मंजूर नहीं था धर्म आधारित आरक्षण

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मुस्लिमों को ठेकेदारी में 4 प्रतिशत आरक्षण देने के कर्नाटक सरकार के फैसले का विरोध किया है। आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसाबले ने कहा कि भारतीय संविधान में धर्म आधारित आरक्षण को स्वीकार नहीं किया गया था, जिसे बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने तैयार किया था। इससे पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार ने शनिवार को अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा द्वारा पारित प्रस्ताव पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधि सभा में संगठनात्मक कार्यों का विश्लेषण, विकास, प्रभाव और समाज परिवर्तन पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि संघ ने गत 100 वर्षों में कार्य के विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर ध्यान केंद्रित किया है। संघ की यात्रा के बारे में जानकारी दी और एक शाखा से

### मुस्लिम रिजर्वेशन का RSS ने किया विरोध




लेकर पूरे देश में क्रमिक विस्तार की जानकारी रखी। उन्होंने कहा कि संघ का लक्ष्य 'सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी' होना है, जो समाज और राष्ट्र के सभी पहलुओं को स्पर्श करे। संघ आज देश के 134 प्रमुख संस्थानों में मौजूद है और आने वाले वर्षों में सभी संस्थानों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में पारित 'बांग्लादेश के हिन्दू समाज के साथ एकजुटता से खड़े होने का आह्वान' शीर्षक वाले प्रस्ताव पर कहा कि संघ बांग्लादेश में कट्टरपंथी इस्लामी तत्वों के हाथों हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हो रही हिंसा, उत्पीड़न और लक्षित उत्पीड़न पर गहरी चिंता व्यक्त करता है। बांग्लादेश की स्थिति पर अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा द्वारा पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि धार्मिक संस्थानों पर व्यवस्थित हमलों, क्रूर हत्याओं, जबरन धर्मांतरण और हिन्दुओं की संपत्तियों को नष्ट करने के चक्र ने बांग्लादेश में हिन्दू समुदाय के लिए अस्तित्व का संकट पैदा कर दिया है। प्रस्ताव में धार्मिक असहिष्णुता और मानवाधिकारों के उल्लंघन के इन कृत्यों की कड़ी निंदा की गई है और वैश्विक समुदाय से निर्णायक कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। अरुण कुमार ने कहा कि मठों, मंदिरों पर हमले, देवी-देवताओं की अपवित्रता, संपत्तियों की लूट और जबरन धर्म परिवर्तन निंदनीय है, लेकिन संस्थागत उदासीनता और सरकारी निष्क्रियता के कारण अपराधियों का हौसला बढ़ गया है।

## जयशंकर बोले- हमने हमेशा थरूर के विचारों का किया सम्मान



**नई दिल्ली।** शशि थरूर इन दिनों लगातार ही चर्चा में हैं. कांग्रेस सांसद की अपनी पार्टी से मोहभंग और बीजेपी से नजदीकी की अटकलें जोरों पर हैं. इस बीच बीजेपी के राज्यसभा सांसद और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अब उनकी तारीफ करके इन अटकलों को और बल दिया है. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि वह हमेशा कांग्रेस नेता शशि थरूर की समझ और फैसलों का सम्मान करते हैं, खासकर सरकार से जुड़े मामलों में. एस जयशंकर ने यह बयान बिजनेस टुडे माइंडरश 2025 कार्यक्रम में एक सवाल के जवाब में दिया, जिसमें थरूर की तरफ से यूक्रेन युद्ध को लेकर सरकार की नीति की तारीफ करने का जिक्र किया गया था. इस पर जयशंकर ने कहा, 'मैं हमेशा उनकी समझ की सराहना करता हूं, खासकर जब वह हमारी तारीफ करें.'दरअसल, शशि थरूर ने हाल ही में रायसीना डायलॉग में माना था कि यूक्रेन युद्ध के समय उन्होंने भारत की नीति का विरोध करके गलती की थी. उन्होंने कहा, 'तीन साल बाद मुझे लगता है कि मुझे ही मुंह की खानी पड़ी, क्योंकि यह साफ है कि भारत की नीति ने देश को एक अहम भूमिका में ला खड़ा किया है. हमारे प्रधानमंत्री यूक्रेन और रूस – दोनों देशों के राष्ट्रपतियों को अलग-अलग समय पर गले लगा सकते हैं और दोनों जगह स्वीकार किए जाते हैं.' जयशंकर ने भारत सरकार की नीति को लेकर कहा कि युद्ध की स्थिति को बिल्कुल निष्पक्ष तरीके से देखा गया. उन्होंने कहा, 'हमने इस संघर्ष, उसके कारणों और वैश्विक माहौल को बहुत ही वस्तुनिष्ठ तरीके से आंका. कई अन्य देशों की तरह हम भावनाओं में बहकर कोई निर्णय नहीं लेना चाहते थे, जिससे हमारी सोच प्रभावित होती.'विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार सिर्फ यूक्रेन युद्ध ही नहीं, बल्कि वैश्विक घटनाक्रमों पर भी बिना किसी प्रचार या पूर्वाग्रह के बहुत संतुलित दृष्टिकोण से नजर रख रही है. उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के वैश्विक संबंधों को लेकर कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी के संबंधों की व्यापकता, उनके अनुभव और इन रिश्तों से मिलने वाले फायदों का अब असर दिख रहा है।'

## हाथरस में दो बच्चियों के साथ दरिंदगी

### मुठभेड़ में पुलिस की गोली से घायल हुआ आरोपी

**महानगर नेटवर्क**

**हाथरस**

यूपी के हाथरस से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक युवक ने पास के गांव की दो बच्चियों को हवस का शिकार बनाया। युवक ने एक के साथ रेप किया। जबकी दूसरे के साथ छेड़छाड़ की। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की। खुद को घिरता देख युवक ने पुलिस पर फायररिंग की जिसके जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से वह घायल हो गया। ये घटना जिले के सासनी का है। जहां एक युवक ने पास के गांव की दो लड़कियों के साथ हैवानियत की। एक बच्ची के साथ रेप जबकी दूसरे का साथ छेड़छाड़ किया। उधर, मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस एक्टिव हो गई और आरोपी की तलाश में जुट गई। खुद को घिरता देख युवक ने पुलिस पर फायरिंग की। इस पर जबावी कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी के पैर पर गोली मारी। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सासनी में भर्ती कराया है। वहीं,दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त को पुलिस ने तीन घंटे के अंदर मुठभेड़ के बाद दबोचा लिया।

उधर, कौशांबी के चरवा थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी से घर में घुसकर युवकों ने दुराचार किया। आरोपियों ने रेप का वीडियो बनाया। वीडियो के जरिए वह किशोरी को ब्लैकमेल कर रहे थे। किशोरी की शादी तय हो गई तो युवकों ने वीडियो को इंस्टाग्राम और यू-ट्यूब पर भी डाल दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। चरवा थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी से गांव के ही तीन युवकों ने महीनों तक दुराचार किया था।

# 'मणिपुर में शांति बहाली में हुई प्रगति और भी आगे बढ़ने की जरूरत है'

**महानगर नेटवर्क**

**इंफाल**

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को कहा कि मणिपुर में शांति बहाल करने की प्रक्रिया में प्रगति हुई है और आगे और भी आगे बढ़ने की जरूरत है। मणिपुर उच्च न्यायालय की स्थापना की 12वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक समारोह के दौरान पत्रकारों से उन्होंने कहा, मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद, संसद के दोनों सदनों में इस मामले पर चर्चा की गई और शांति बहाल करने की जरूरत पर जोर दिया गया। केंद्र सरकार राज्य में जल्द ही शांति बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

वहीं समारोह को संबोधित करते हुए

### इंफाल में बोले कानून मंत्री



केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा, 'मैं मणिपुर में चल रही शांति प्रक्रिया में तेजी के लिए प्रार्थना करता हूं ताकि राज्य प्रगति कर सके और विकसित भारत में योगदान दे सके।' इस दौरान इस कार्यक्रम में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश भी मौजूद रहे। वहीं न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के घर से नकद बरामदगी विवाद पर पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए केंद्रीय कानून मंत्री ने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट मामले की जांच कर रहा है...समिति की रिपोर्ट आने दीजिए...हम उसके बाद बात करेंगे।'

### मणिपुर दौरे पर सुप्रीम कोर्ट के जजों का प्रतिनिधिमंडल

न्यायमूर्ति बीआर गवई के नेतृत्व में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का एक प्रतिनिधिमंडल मणिपुर के दो दिवसीय दौरे पर है। शनिवार को उन्होंने राहत शिविरों का दौरा किया और आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों से बातचीत की। ये प्रतिनिधिमंडल ने चूड़ाचांदपुर जिले के लमका में मिनी सचिवालय से एक कानूनी सेवा शिविर, एक चिकित्सा शिविर और एक कानूनी सहायता क्लिनिक का वर्चुअल उद्घाटन भी किया।

### न्यायमूर्ति बीआर गवई ने लोगों से की अपील

इस दौरान न्यायमूर्ति बीआर गवई ने लोगों से मणिपुर में शांति वापस लाने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया और उम्मीद जताई कि पूर्वोत्तर राज्य में 'चल रहा कठिन दौर' कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका की सहायता से जल्द ही खत्म हो जाएगा। मई 2023 से इंफाल की घाटी में मैतेई और आसपास के पहाड़ी इलाकों में रहने वाले कुकी-जो समूहों के बीच जातीय हिंसा में 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

## 'लोनी विधायक का फटा कुर्ता देखकर दुखी'

**महानगर नेटवर्क**

**दादरी**

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सूबे में राम भक्त, कृष्ण भक्त, शिव भक्त और राष्ट्र भक्तों पर फूल बरसाए जाते हैं, लाठियां और धक्का मुक्की नहीं। लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर का फटा कुर्ता देखकर दुखी हूं। मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उप मुख्यमंत्री रविवार को दादरी के बांबावड़ गांव स्थित आम्रपाली इंग्लिश सीनियर सेकंडरी स्कूल में आयोजित पन्ना धाय का अमर बलिदान कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। बता दें कि लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने

### दोषियों पर होगा सख्त ऐक्शन- केशव प्रसाद मौर्य



बृहस्पतिवार को कलश यात्रा निकाली थी। लोनी में निकाली गई इस 'राम कलश यात्रा' में महिलाएं भी शामिल हुई थीं। लेकिन इस कलश यात्रा को पुलिस ने रोकने की कोशिश की। इससे हालात बिगड़ गए। विधायक गुर्जर ने पुलिस पर धक्का-मुक्की के दौरान कुर्ता फाड़ने का आरोप लगाया। वहीं अपर पुलिस आयुक्त (अंकुर विहार) अजय कुमार सिंह ने कहा कि विधायक और उनके समर्थक बिना किसी अनुमति के यात्रा निकालने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस का बयान सामने आने के बाद लोनी विधायक ने दावा किया कि लोनी के उपजिलाधिकारी की अनुमति के लिए आवेदन दिया गया था। राम कलश यात्रा पारंपरिक है। पहले कभी भी इसके लिए अनुमति लेने की जरूरत नहीं पड़ी। भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर विधायक ने अपनी ही पार्टी की सरकार पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया था कि प्रदेश में बड़े पैमाने पर गोहत्याएं हो रही हैं। विधायक गुर्जर का फटा कुर्ता शनिवार को आकर्षण का केंद्र बन गया।

## केजरीवाल बोले- हम भगत सिंह और बाबा साहब आंबेडकर को अपना आदर्श मानते हैं

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम भगत सिंह और बाबा साहब आंबेडकर को अपना आदर्श मानते हैं। हमारे घर और दिल्ली और पंजाब सरकार के हर दफ्तर में इनकी तस्वीरें लगी हुई हैं। दिल्ली में नई सरकार ने सबसे पहला काम ये किया कि इनकी तस्वीरें हटा दीं। केजरीवाल ने कहा, 'हम इंतजार कर रहे थे कि भाजपा महिलाओं को 2500 रुपये देने का एलान करे, लेकिन उन्होंने भगत सिंह और बाबा साहब की तस्वीरें हटाकर पहले अपने नेताओं की तस्वीरें लगा दीं। जब हमने इन दोनों की तस्वीरें लगाईं तो कांग्रेस ने विरोध किया कि गांधी जी की तस्वीर नहीं लगाई गई, लेकिन जब भाजपा ने इन दोनों की तस्वीरें हटाईं तो कांग्रेस ने कुछ नहीं कहा। इन दोनों (भाजपा और कांग्रेस) के बीच मिलीभगत है।'

## लखनऊ में हॉस्टल के छात्र ने की महिला की हत्या

**महानगर नेटवर्क**

**लखनऊ**

राजधानी लखनऊ में छात्रों के दो गुटों के झगड़े का विरोध करना दंपती को भारी पड़ गया। छात्रों ने गोली मारकर महिला की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर आरोपी भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। केस दर्ज करके आरोपियों की तलाश में जुटी है। घटना सैरपुर थाना क्षेत्र के अहलादपुर की है। यहां के निवासी श्यामजी श्रीवास्तव ने बताया कि वह मेक्लियोड फार्मा कंपनी में एरिया मैनेजर हैं। शनिवार की रात करीब 11.30 बजे वह और पत्नी सारिका श्रीवास्तव



(43) छत पर टहल रहे थे। इसी समय उनके घर के सामने हॉस्टल और बाहर के लड़कों में लड़ाई हो रही थी। इस पर श्यामजी ने लड़कों को लड़ाई करने से मना किया। उन्होंने झगड़ा शांत कराने के उद्देश्य से कहा कि अभी पुलिस को फोन करके बुलाते हैं। इस पर लड़कों ने उनकी तरफ फायर झोंक दिया। गोली पत्नी के सीने को भेद गई।

# वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ AIMPLB का बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने रविवार को प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन की घोषणा की है। एआईएमपीएलबी के कार्यालय सचिव मोहम्मद वकार उद्दीन लतीफी की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया, '17 मार्च को दिल्ली में बड़े पैमाने पर और सफल विरोध प्रदर्शन के बाद, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने प्रस्तावित वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन की घोषणा की है। एआईएमपीएलबी के प्रवक्ता और वक्फ विधेयक के खिलाफ कार्रवाई

### देशव्यापी 'आंदोलन' की घोषणा की



समिति के संयोजक एसक्यूआर इलियास ने बोर्ड की ओर से सभी मुस्लिम संगठनों, नागरिक समाज समूहों और दलित, आदिवासी, ओबीसी और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'अल्लाह की कृपा और इन समूहों के एकजुट समर्थन के बिना, दिल्ली के प्रदर्शन की सफलता संभव नहीं होती।' उन्होंने विपक्षी दलों और सांसदों को भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने न केवल बड़ी संख्या में भाग लिया, बल्कि प्रस्तावित कानून को दृढ़ता से खारिज भी किया। एआईएमपीएलबी के बयान में कहा गया है कि एआईएमपीएलबी की 31 सदस्यीय कार्रवाई समिति ने विवादास्पद, भेदभावपूर्ण और नुकसानदायक विधेयक का विरोध करने के लिए सभी संवैधानिक, कानूनी और लोकतांत्रिक तरीकों को अपनाने का संकल्प लिया है।

## दोहरे हत्याकांड से दहला लखनऊ

### प्रेम प्रसंग में सिपाही ने ली दो दोस्तों की जान, पत्नी सहित गिरफ्तार

**महानगर नेटवर्क**

**लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के काकोरी इलाके में एक दिल दहला देने वाला दोहरा हत्याकांड सामने आया है। यहां दो लोगों की चाकू से बेरहमी से हत्या कर दी गई है। इस वारदात की वजह प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है. पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज करने के बाद आरोपी सिपाही और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है. इस मामले की जांच की जा रही है. जानकारी के मुताबिक, मुख्य आरोपी की पहचान महेंद्र कुमार के रूप में की गई है. वो उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाह है. इस वक्त लखीमपुर जिले में तैनात है. साल 2018 में उसकी शादी दीपिका नामक लड़की हुई थी. उसकी पत्नी का पहले से मनोज नामक शख्स से प्रेम प्रसंग चल रहा था. शादी के बाद भी मनोज और दीपिका का रिश्ता चल रहा है. दोनों के बीच बातचीत होती थी. सिपाही महेंद्र कुमार को अपनी पत्नी के प्रेम संबंध के बारे में पता चला तो आगबबूला हो गया. काफी विवाद के बाद उसने अपनी पत्नी को प्रेमी के पास चले जाने को कह दिया. लेकिन दीपिका ने उसे छोड़ने से इनकार कर दिया. इसके बाद महेंद्र से उसे अपने प्रेमी को बुलाने के लिए कह दिया. दीपिका की कॉल के बाद मनोज अपने एक दोस्त के साथ उससे मिलने के लिए पहुंचा. बताया जा रहा है कि महेंद्र पहले से ही घात लगाकर बैठा हुआ था।

## दिल्ली पुलिस ने किया देह व्यापार का भंडाफोड़

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस ने पहाड़गंज इलाके में चल रहे एक देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है। इसमें तीन नाबालिग और 10 नेपाली नागरिकों समेत 23 महिलाओं को बचाया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पहाड़गंज पुलिस स्टेशन, शारदानंद मार्ग पुलिस चौकी और हिम्मतगढ़ पुलिस चौकी की टीमों द्वारा किए गए संयुक्त अभियान में मानव तस्करी में शामिल सात लोगों को गिरफ्तार किया गया।

इस घटना के बारे में जानकारी देते हुए एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि सूचनाओं और निगरानी के आधार पर पुलिस ने अवैध व्यापार

### तीन नाबालिग समेत 23 महिलाओं को बचाया



में शामिल प्रमुख स्थानों की पहचान की। आरोपी कथित तौर पर पश्चिम बंगाल, नेपाल और अन्य राज्यों से महिलाओं को झूठे बहाने से बहला-फुसलाकर वेश्यावृत्ति में धकेल रहे थे। अधिकारी ने बताया कि उन्हें पहाड़गंज मुख्य बाजार क्षेत्र के एक कमरे में रखा गया था, जिसके बाद उन्हें विभिन्न होटलों में भेजा गया। छापेमारी से पहले, टीमों ने निगरानी की और संदिग्ध स्थानों पर फर्जी ग्राहकों को तैनात किया।

अधिकारी ने कहा कि अवैध गतिविधियों की पुष्टि होने के बाद टीमों ने होटलों सहित कई स्थानों पर छापे मारी की। पीड़ितों को स्कूटर पर अलग-अलग स्थानों पर ले जाया जाता हुआ पाया गया। टीमों ने तीन नाबालिगों सहित 23 महिलाओं को बचाया। पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान नूरशेद आलम (21), मोहम्मद राहुल आलम (22), अब्दुल मन्नान (30), तौशिफ रेक्सा, शमीम आलम (29), मोहम्मद जारुल (26) और मोनिश (26) के रूप में हुई है।

## ब्रिटेन में कुदरत का कहर

### एक दिन में 400 बार आकाशीय बिजली गिरी ■ बाढ़ से हालात बेकाबू



**लंदन।** यूके के दक्षिणी इंग्लैंड और ईस्ट मिडलैंड्स में मौसम ने तांडव मचाया। अचानक हुई भारी बारिश, ओले और गड़गड़ाहट से कई क्षेत्रों में बाढ़ आ गई। करीब 400 आकाशीय बिजली की स्ट्राइक्स ने हड़कंप मचा दिया। मौसम विभाग ने बताया कि बारिश 20 मिनट से लेकर एक घंटे तक जारी रही। मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि बढ़ते जलवायु परिवर्तन के कारण ऐसे घटनाओं की संभावना अब और बढ़ सकती है। ब्रिटेन के मौसम विभाग ने बताया कि कुछ हिस्सों में बाढ़ भी आई, जबकि नेशनल हाईवे ने बताया कि शनिवार को यॉर्कशायर में M18 के कुछ हिस्से बंद कर दिए गए थे और रविवार को वार्विक के पास M40 के कुछ हिस्सों को भी बंद रखा गया था। मौसम विज्ञानी एली ग्लेज़ियर ने बताया, ₹लंदन और बकिंघमशायर के कुछ इलाकों में गरज के साथ हल्के तूफान आए थे, जबकि और अधिक तूफान पूर्वी मिडलैंड्स से लेकर दक्षिणी लिंकनशायर तक फैल गए थे। उन्होंने यह भी बताया कि ₹बारिश का स्तर अधिकतर 10 से 15 मिलीमीटर के बीच था और यह बारिश 20 मिनट से लेकर एक घंटे तक जारी रही।

# राजीव चंद्रशेखर का केरल बीजेपी अध्यक्ष बनना तय!

**महानगर नेटवर्क**

**तिरुवनन्तपुरम**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और तकनीकी विशेषज्ञ से राजनेता बने राजीव चंद्रशेखर को केरल भाजपा का अध्यक्ष नियुक्त करने का फैसला किया है। आगामी स्थानीय निकाय चुनावों और अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में पार्टी की स्थिति मजबूत करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। साथ ही, भाजपा केरल के द्विध्रुवीय राजनीतिक परिदृश्य में एक प्रभावी विकल्प के रूप में उभरना चाहती है। इस निर्णय के पीछे कई रणनीतिक कारण हैं, जो पार्टी की दीर्घकालिक योजनाओं को रेखांकित करते हैं। रविवार को तिरुवनंतपुरम में हुई भाजपा की कोर कमेटी की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में भाजपा के केरल मामलों के प्रभारी प्रकाश जावड़ेकर और लोकसभा सांसद अपराजिता सारंगी उपस्थित थीं। सूत्रों के अनुसार, यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया



गया और इसकी आधिकारिक घोषणा सोमवार को तिरुवनंतपुरम के कोवडियार स्थित उदय पैलेस कन्वेंशन सेंटर में की जाएगी। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी इस घोषणा को सार्वजनिक करेंगे।

### राजीव चंद्रशेखर की प्रतिक्रिया

60 वर्षीय राजीव चंद्रशेखर ने अपनी नियुक्ति के बाद कहा, मैं इस फैसले से खुश और चकित हूं। यह मेरे लिए गर्व की बात है कि केरल भाजपा के सहयोगियों ने मुझे इस पद के लिए उपयुक्त समझा।

### लोकसभा चुनाव में प्रभावशाली प्रदर्शन

राजीव चंद्रशेखर ने 2024 के लोकसभा चुनाव में तिरुवनंतपुरम सीट से कांग्रेस के शशि थरूर के खिलाफ चुनाव लड़ा था। हालांकि उन्हें 16,000 वोटों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन पार्टी नेतृत्व ने उनके प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने चुनावी मैदान में देर से प्रवेश करने के बावजूद प्रभावशाली प्रचार किया और भाजपा को केरल में एक मजबूत स्थिति में लाने का काम किया।

### जातीय और सामुदायिक समीकरण

राजीव चंद्रशेखर नायर समुदाय से आते हैं, जो केरल में एक प्रभावशाली ऊंची जाति मानी जाती है। पार्टी को उम्मीद है कि वे हिंदू वोट बैंक को मजबूत करेंगे। इसके अलावा, प्रमुख इझावा समुदाय के नेता वेल्लप्पल्ली नटेसन और उनके परिवार के साथ उनके अच्छे संबंध हैं, जिससे भाजपा और भारत धर्म जन सेना (BDJS) का गठबंधन और मजबूत हो सकता है।

## गर्लफ्रेंड के बात बंद करने से नाराज प्रेमी ने किए 3 धमाके

**महानगर नेटवर्क**

**प्रयागराज**

यूपी के प्रयागराज से सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां बाइक सवार तीन युवकों ने किराना व्यापारी के मकान को निशाना बनाकर लगातार तीन बम फेंककर दहशत मचा दी। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और सीसीटीवी के आधार पर तीनों युवकों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान इसके पीछे एक लड़की का मामला सामने आया है। ये घटना पुराना कटरा इलाके का है। जहां किराना व्यापारी अशोक साहू के मकान पर मंगलवार की आधी रात लगभग दो बजे एक के बाद एक तीन बम फेंके गए। पड़ोसी किशन जायसवाल के मकान के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में बाइक सवार तीन युवक दिखे थे। सूचना मिलन पर पुलिस मौके पर पहुंची और अशोक साहू के बेटे शिवम साहू की तहरीर पर तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया। दरअसल तीनों में एक युवक अदनान की प्रेमिका अशोक साहू के इलाके में ही रहती थी। जिसने कुछ दिन पहले ही उससे बात करना बंद कर दिया था। इस बात से नाराज होकर युवक ने धमकी दी थी कि अगर वह बात नहीं करेगी तो मोहल्ले में बम फोड़ देगा।



# रहस्यों से भरा हम्पी का विट्ठल मंदिर

## खंभों से निकलता है संगीत

भारत एक ऐसा देश है, जहां कई अनसुलझे रहस्यों और घटनाओं के बारे में सुनने को मिलेगा। ये रहस्य ऐसे हैं, जिनका तोड़ विज्ञान के पास भी नहीं है। कर्नाटक के हम्पी में भी आपको कुछ ऐसे अनसुलझे रहस्य देखने को मिल जाएंगे। यहां का विट्ठल मंदिर शानदार कला का नमूना पेश करता है। हम्पी में घूमने के लिए दूर-दराज के इलाकों से लोग आते हैं, लेकिन जब वो यहां के पिलर्स को छूते हैं, तो वो हैरान हो जाते हैं। दरअसल, ये म्यूजिकल पिलर्स के नाम से जाने हैं। यही इस मंदिर की खासियत है। पिलर्स से संगीत कैसे निकलता है, इसके बारे में रहस्य बना हुआ है। हम्पी के पर्यटक आकर्षण के केंद्र के तौर पर लोगों में पॉपुलर विट्ठल मंदिर की भव्यता देखने लायक है। मंदिर के अंदर जाते हैं, इसकी सुंदरता के आप दीवाने हो जाएंगे। एक विशाल परिसर और सुंदर मंडपों से लेकर लंबे हॉल और छोटे-छोटे मंदिरों तक, यहां आपको शानदार नजारे देखने को मिलेंगे।

### खंभों से निकलता है संगीत

मंदिर में 56 संगीतमय खंभे हैं, जो सारेगामा पिलर्स के तौर पर भी प्रसिद्ध हैं। इन खंभों में से संगीतमय निकलता है। जब कोई इन खंभों को छूता है, पिलर्स से निकलने वाले संगीत स्पष्ट रूप से सुना जा सकता है। ये खंभे छत को सहारा देता है। मंदिर के मुख्य खंभों को म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स के आकार में स्टाइल किया गया है। साथ ही, मुख्य स्तंभ सात छोटे स्तंभों से घिरा हुआ है और इन स्तंभों से आने वाले स्वरों की आवाज अलग होती है। चंदन की लकड़ी के साथ खंभे को हिट करने पर यहां से आपको संगीत सुनाई देगा।

### 15वीं सदी में बना मंदिर

विट्ठल मंदिर का निर्माण 15वीं शताब्दी के दौरान किया गया था। भगवान विट्ठल को समर्पित इस मंदिर का निर्माण विजयनगर साम्राज्य के देवराय द्वितीय ने करवाया था। यही कारण है कि मंदिर को विजय विट्ठल मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। बता दें कि भगवान विष्णु को ही विट्ठल के नाम से जाना जाता है।

# इसलिए आम को कहते हैं फलों का राजा

आम खाना किसे नहीं पसंद? इस फल को लोग बहुत पंसद करते हैं। आम का सेवन गार्मियों के लिए लोकप्रिय है। इसे फलों का राजा भी कहा जाता है। आम के फल की कई किस्में होती हैं जैसे लंगड़ा, दशहरी और चौसा आदि। इतना ही नहीं इसका सेवन आप कई तरीकों से कर सकते हैं। इसमें विटामिन सी और ए के साथ जिंक और विटामिन ई जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। आइए जानते हैं सेहत के लिए इसे खाने के फायदे।

## जानिए इसके अनके फायदे



### पाचन में मदद करता हैं

आम में कई गुण हैं जो पाचन क्रिया में मदद करते हैं। जैसे कि इसमें फाइबर होता है जो कि पाचन तंत्र को तेज करता है। ये फल आपके मेटाबोलिज्म को तेज करता है जिससे पेट के काम करने की स्पीड तेज हो जाती है। इससे खाना तेजी से पचता है और पेट ठीक रहता है।

### चेहरे के लिए फायदेमंद

आम का गूदा फेस पैक बनाने के काम आ सकता है। इसे लगाने से या इसे चेहरे पर मलने से चेहरे का ब्लड सर्कुलेशन तेज होता है और निखार आता है। इसके अलावा इसमें विटामिन सी होता है जो कि संक्रमण से बचाव करता है। तो, अगर आपके चेहरे पर एक्ने जैसी समस्याएं हैं तो आप चेहरे पर आम का फेस पैक लगा सकते हैं।

### मोटापा कम करता है

मोटापा कम करने के लिए आम एक अच्छा उपाय है। आम खाने के बाद भूख कम लगती है। आम की गुठली के रेशे शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम कर सकते हैं। इसे खाने के बाद आप लंबे समय के लिए भूख कंट्रोल कर सकते हैं और वेट मैनेज करने की कोशिश कर सकते हैं।

### गर्मी से बचाव

अगर गर्मी के दिनों में आप दोपहर में निकलते हैं तो एक गिलास आम पन्ना पी कर निकलें। इससे न तो गर्मी लगेगी न तो लू। यह पेट तो ठंडा करेगा और पित्त से जुड़ी समस्याओं से बचाएगा। तो, इन तमाम कारणों से आपको आम खाना चाहिए। तो, इस गर्मी आम खाएं और ये तमाम फायदे पाएं।

# किचन का ब्लैक गोल्ड

## जानिए इसके हेल्थ बेनेफिट्स

काली मिर्च धरती में पाया जाने वाला सबसे पुराना मसाला है। इसे मसालों के राजा के नाम से भी जाना जाता है। वैसे तो काली मिर्च हर कुजीन का हिस्सा है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसे ब्लैक गोल्ड यानी काला सोना भी कहा जाता है। काली मिर्च को भारत में इस नाम से भी जाना जाता है। काली मिर्च का इतिहास हजारों साल पुराना है। माना जाता है कि काली मिर्च की खोज भारत के वर्षा वनों में हुई है। आपको जानकर हैरानी होगी कि काली मिर्च का इस्तेमाल करेंसी के तौर पर भी किया जाता रहा है। इस बेशकीमती चीज की तलाश में दुनिया के अलग-अलग हिस्सों सेव्यापारी भारत आए,लेकिन आपको बताते हैं कि आखिर काली मिर्च को ब्लैक गोल्ड क्यों कहा जाता है।



### ब्लैक गोल्ड से क्यों फेमस हो गई काली मिर्च

दरअसल, केरल के व्यापारी काली मिर्च को सोने की कीमत के समान ही काली मिर्च को बेचते थे। एक वक्त ऐसा भी था कि काली मिर्च सिर्फ भारत में मिलती थी और वो केरल के मालाबार कोस्ट में। हालांकि, इस बारे में बता पाना थोड़ा मुश्किल है कि काली मिर्च का व्यापार कैसे शुरू हुआ लेकिन इतना जरूर साबित हुआ है कि 13वीं शताब्दी BCE में मिस्र के लोग इसका व्यापार करते थे।

### कहां होती है ब्लैक पेपर की खेती

काली मिर्च पाइपर नाइग्रम बेल के फल से प्राप्त होती है, जो भारत और दक्षिण पूर्व एशिया के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाई जाती है। काली मिर्च की कटाई तब की जाती है जब वे मैच्योरिटी तक पहुंचते हैं। ब्लैक गोल्ड कही जाने वाली काली मिर्च हेल्थ के लिए भी बेहद फायदेमंद है। माना जाता है कि काली मिर्च में एक्टिव कंफाउंड पिपेरिन में एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। यह पाचन में सहायता कर सकता है और पोषक तत्वों के अवशोषण में सुधार कर सकता है। इसके अलावा, ये वजन घटाने में भी मददगार हो सकता है। इसके अलावा, काली मिर्च में विटामिन के और मैंगनीज सहित कई चीजें पाई जाती हैं।

# काले गेहूं की खेती से किसान हो रहे मालामाल

## जानिए अमीर लोग इसे क्यों खा रहे हैं?

### कहां से आया ये काला गेहूं?

ये काला गेहूं वैज्ञानिकों द्वारा विकसित किया गया है। पंजाब के मोहाली स्थित नैशनल एग्री फूड बायोटेक्नोलॉजी इंस्टिट्यूट यानी नाबी ने इस गेहूं को दुनिया के सामने लाया। यहां के वैज्ञानिकों ने काले गेहूं के अलावा नीले और जामूनी रंग के गेहूं की भी खोज की है। हालांकि, काले गेहूं की डिमांड बाजार में ज्यादा है। इस गेहूं की खेती की बात करें तो इसे बिल्कुल आम गेहूं की तरह ही बोया जाता है और पूरा प्रोसेस भी सेम होता है। पौधे से लेकर बालियां आने तक यह एक आम गेहूं की तरह ही दिखेगा। यानी सब कुछ हरा हरा, लेकिन जैसे ही गेहूं की बालियां सूखने लगती हैं, उसमें मौजूद गेहूं हरे से काला हो जाता है।

### गेहूं काला कैसे होता है?

गेहूं काला कैसे होता है, ये सवाल सभी के मन में होगा। चलिए आपको बताते हैं इसका जवाब। दरअसल, इसके पीछे साइंस है। गेहूं का रंग काला इसलिए होता है क्योंकि इस गेहूं में एक खास प्रकार का पिगमेंट पाया जाता है, जो इस फसल के रंग को बदल देता है। इस पिगमेंट को कहते हैं एंथोसायनिन। एंथोसायनिन की सबसे अनोखी बात ये होती है कि ये जिस भी किसी फल, फूल या खाद्य पदार्थ में पाया जाता है वो उसके रंग को गहरा कर देता है। यानी इसकी मात्रा जिस चीज में जितनी ज्यादा होगी, वह चीज उतनी ही ज्यादा गहरे रंग की दिखेगी। सामान्य गेहूं में ये 5 पीपीएम जितनी होती है, जबकि काले गेहूं में ये 100 से 200 पीपीएम तक होती है।

### अमीर लोगों में ये गेहूं क्यों लोकप्रिय है?

अमीरों के बीच ये गेहूं लोकप्रिय है, अपनी खूबियों के कारण। दरअसल, इस गेहूं में मौजूद पोषक तत्व इसे खास बनाते हैं। इसमें भारी मात्रा में जिंक, आयरन, प्रोटीन और स्टार्च पाया जाता है। यहां तक की इसमें अकेला आयरन 60 फीसदी होता है। कहा जाता है कि ये गेहूं हमें कैंसर, डायबटीज, तनाव, दिल की बीमारी और मोटापा जैसी समस्याओं से निजात दिलाता है।



# स्कूल जाने के नाम पर रोता है आपका बच्चा

## अपनाएं ये ट्रिक्स, हमेशा के लिए दूर हो जाएगा डर

कुछ बच्चे हंसते खेलते स्कूल जाते हैं, जबकि कुछ बच्चों को स्कूल जाना एंजायटी फील कराता है। ऐसे बच्चे स्कूल के माहौल को एन्जॉय नहीं कर पाते और उन्हें अपने पैरेंट्स की याद सताने लगती है। इसकी कई वजहें हो सकती है, जो बच्चे के मन में नकारात्मक भावनाओं को जगाने का काम करता है। ऐसे में माता पिता के लिए जरूरी है कि वह अपने बच्चे की परेशानियों को समझने का प्रयास करें और उन परेशानियों को दूर करने का उपाय करें। अगर पैरेंट्स ऐसे हालात से निपटने के लिए मारपीट करें या बच्चों की बात पर भरोसा ना करें तो यह उनके कोमल मन पर बुरा असर डालती है और समस्या और बढ़ सकती है। यहां हम बता रहे हैं इसकी वजह और इससे निपटने के उपाय।

### स्कूल जाने से क्यों लगता है डर

- कई बार बच्चों का आत्मविश्वास कम होता है और उन्हें असफल होने का डर सताते रहता है।
- कई बच्चों को स्कूल के नियमों को फॉलो करने में परेशानी आती है और वह अकेलापन महसूस करने लगते हैं।
- स्कूल के बच्चे हर बात में अगर कॉम्पटीशन करते हैं और वह बार बार हार रहा है तो इसकी वजह से भी ऐसा हो सकता है।
- ज्यादातर बच्चों को यह महसूस होता है कि स्कूल जाने पर वे अपने माता-पिता से बिछुड़ जाएंगे और वे स्कूल में तनाव में रहने लगते हैं।
- कई बार स्कूल में जवाब ना दे पाने की वजह से डांट का डर भी बच्चों के मन में डर बना देता है और उनका मनोबल कम हो जाता है।



### स्कूल जाने के डर को इस तरह करें दूर

बच्चों को मानसिक रूप से करें तैयार- इंडियापैरेंटिंग के अनुसार,आप अगर बच्चे का नए स्कूल में एडमिशन करा रहे हैं तो उस स्कूल में बच्चे को जरूर विजिट कराएं और उसकी क्लास टीचर, स्टूडेंट, स्टाफ आदि से पहले ही भेंट करा दें। प्रयास करें कि लोगों से अच्छे माहौल में वो मिले। आप उनके साथ कुछ मजेदार बात करें जिससे हंसी का माहौल रहे। ऐसा करने से बच्चा कंफर्टेबल हो पाएगा।

**सेपरेशन के डर को करें दूर-** बच्चे को कभी भी यह महसूस ना कराएं कि उसे खुद से दूर करने के लिए स्कूल भेजा जा रहा है। बेहतर होगा कि आप उसे इनकरेज करें और स्कूल की अच्छी बातों के बारे में उसे बताएं। अगर बच्चा रो रहा है तो उसे दूसरे बच्चों से तुलना ना करें इससे उनके मन में और भी डर हो जाता है कि उसके माता पिता उसे पसंद नहीं करते। वे अपना आत्मविश्वास और भी खो देते हैं।

**चेहरे पर रखें पॉजिटिव फीलिंग-** बच्चों को यह भरोसा दिलाएं कि आप जानते हैं कि वह बेहतर तरीके से स्कूल में खुद की परेशानियों को डील कर सकता है। शांत रहें और डांट लगाने या मार पीट करने से बचें।

**बच्चे से करें बात-** हमेशा अपने बच्चों के साथ दोस्त की तरह बात करें। आप उन्हें अपने स्कूल और स्कूल की मस्ती के बारे में भी बताएं और यह भी बताएं कि वे भी स्कूल में कभी कभी डांट खाते थे। उन्हें महसूस कराएं कि स्कूल बहुत मजेदार जगह है जहां वह तरह तरह की मस्ती कर सकते हैं।

**स्कूल के बारे में पूछें-** बच्चों को शुरू में खुद स्कूल लेने और छोड़ने जाएं। उनसे रोजाना स्कूल के बारे में बात करें। कुछ गलत होने पर भी उन्हें इस बारे में प्यार से समझाएं। अपनी कमियों और गलतियों को पॉजिटिव तरीके से सुधारने की बात करें।



# बच्चे को पड़ गई है जंक फूड खाने की आदत

## 3 टिप्स करें ट्राई, रहेंगे फिट

बच्चे अक्सर ही जंक फूड खाने की जिद करते हैं, जो धीरे-धीरे उनकी आदत में शुमार हो जाता है और बच्चे हेल्दी और न्यूट्रिएंट्स रिच चीजों को खाना अवॉयड करते जाते हैं। ऐसी आदत उनकी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है, क्योंकि इससे बच्चों की बॉडी में पोषण की कमी हो सकती है। ज्यादातर बच्चे स्ट्रीट फूड को काफी पसंद करते हैं और लंच-डिनर में भी कई बार जंक फूड खाना ही चाहते हैं। ऐसे में बहुत से पैरेंट्स को उनकी जिद के आगे झुकना पड़ जाता है, जिसका सीधा असर उनकी हेल्थ पर हो सकता है। ऐसे में आप कुछ तरीके अपनाकर बच्चों को जंक फूड से दूर रख सकते हैं।

### बच्चों की मनचाही होममेड डिश परोसें

जंक फूड खाने की आदत छुड़ाने के लिए आपको थोड़ी से मेहनत करने की जरूरत होगी। ऐसा इसलिए कि आपको बच्चों के सामने वो होममेड डिश परोसनी होंगी जो वो खाना पसंद करते हों। वैसे तो पिज्जा और बर्गर जैसी चीजें भी बच्चों के लिए ठीक नहीं हैं, लेकिन इन ही चीजों को उनके सामने अगर घर पर सर्व किया जाये तो आप इनमें वेजीटेबल और आटे जैसी चीजों का इस्तेमाल करके हेल्दी बना सकते हैं।

### प्रेजेंटेशन को खूबसूरत बनाएं

बच्चे बाहर की चीजों को स्वाद से ज्यादा प्रेजेंटेशन देखकर खाना पसंद करते हैं। इसके लिए जरूरी है कि आप जो भी चीज बच्चों के खाने के लिए बनायें, उसको अच्छी तरीके से डेकोरेट करके ही उनके सामने प्रेजेंट करें। इसके लिए बच्चों के खाने की प्लेट को कलरफुल फ्रूट्स और स्प्राउट्स से सजा सकते हैं। साथ ही खाने में पालक की हरे रंग की या चुकंदर के रस की लाल रंग की रोटी-पराठे बनाकर उनको आकर्षित कर सकते हैं। इससे बच्चे कलरफुल चीजों की तरफ धीरे-धीरे अट्रैक्ट होने लगेंगे और बाहर का जंक फ़ूड खाना कम कर देंगे।

### हेल्दी चीजें खिलाना सिखाएं

बच्चों को जंक फूड खाने की आदत न पड़े इसके लिए तीन-चार वर्ष की उम्र से ही बच्चों के खाने का रुटीन फिक्स करें। उनको टाइम-टाइम पर खाने के लिए कुछ न कुछ हेल्दी देते रहें। इस तरीके से उनका पेट भरा रहेगा और जब उनको भूख नहीं लगेगी तो वो जंक फूड खाने के लिए जिद नहीं करेंगे साथ ही घर की हेल्दी चीजें खाने पर ही फोकस करें।

# आखिर कैसे पहचाने कि पपीता मीठा है या नहीं, अपनाएं ये आसान तरीके..

पपीते का सेवन सेहत खासकर पेट के लिए बेहद फायदेमंद होता है, इसलिए बहुत से लोग डेली डाइट में पपीते को जरूर शामिल करते हैं। हालांकि, कई बार पपीता खरीद कर घर लाते हैं तो ये कभी कच्चा और फीका निकल जाता है। कभी ज्यादा गला हुआ होता है। ऐसे में आप कुछ टिप्स ट्राई करके परफेक्ट तरीके से पका और मीठा पपीता खरीद सकते हैं।

**दबाकर देखें पपीता:** पपाया खरीदते समय पपीते को हल्का सा दबाकर जरूर देखें। अगर ये आसानी से दबे नहीं तो समझ लें कि पपीता अंदर से कच्चा है। तो वहीं अगर ये ज्यादा दबने लगे तो पपीता अंदर से गला हुआ हो सकता है।

**महक से करें पहचान:** पपीता खरीदते समय इसको सूंघकर भी देखा जा सकता है। इसकी महक आपको पपीते के कच्चे और पक्के होने का अंदाज आसानी के साथ करवा सकती है। पका होने पर इसमें से पपीते की महक आती है। अगर पपीता कच्चा होगा तो इसमें से महक नहीं आती है।

**दागदार पपीता न खरीदें:** कई बार पपीता अच्छे से पका हुआ होता है और इसमें से महक भी आ रही होती है। लेकिन इस पर सफ़ेद दाग दाग भी नजर आते हैं। ऐसे में दागदार पपीता भी खरीदने से आपको बचना चाहिए। इस तरह के पपीते में फंगस लगी हो सकती है। जो आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकती है।

**हल्के वजन का पपीता खरीदें:** पपीता खरीदते समय इस बात का ध्यान रखें कि पपीता ज्यादा भारी न हो। क्योंकि भारी पपीता अच्छा नहीं निकलता है। साथ ही इसके ज्यादा वजन के चलते आपको पैसे भी ज्यादा देने पड़ते हैं। ऐसे में जब भी पपीता खरीदें तो हल्के वजन का ही खरीदें।

**हरा पपीता न खरीदें:** हरे छिलके वाला पपीता भी आपको कभी नहीं खरीदना चाहिए। साथ ही जब भी आप पपीता खरीदें तो इस बात का भी ख्याल रखें कि पपीते का छिलका ज्यादा मोटा न हो। क्योंकि ऐसा पपीता मीठा नहीं निकलता है।



# खूबसूरती में विदेशों को भी पीछे छोड़ दे महाबलेश्वर



समर सीजन में ट्रैवलिंग करने के लिए महाराष्ट भी बेहतरीन जगह हो सकती है। महाराष्ट्र के ज्यादातर इलाकों में आप गर्मी महसूस कर सकते हैं, लेकिन इनके अलावा ऐसी कई जगहें हैं, जहां जाकर आपको कश्मीर घूमने की फीलिंग आएगी। दरअसल, हम बात कर रहे हैं महाबलेश्वर की। इसे महाराष्ट्र के ऑफबीट टूरिस्ट जगहों में भी गिना जाता है। महाराष्ट्र की सह्याद्री माउंटेन रेंज पर बसा महाबलेश्वर खूबसूरती के मामले में स्विट्जरलैंड से कम नहीं है। इस हिल स्टेशन से आप आसपास की सांसे रोक देने वाली खूबसूरती को देख सकते हैं। अगर आप भी समर वेकेशन्स के लिए कहीं घूमने का प्लान कर रहे हैं, तो ये जगह आपके लिए परफेक्ट है। चलिए आपको इसी खास जगह के बारे में बताते हैं।

### शानदार वॉटरफॉल

महाबलेश्वर में कई सारे वॉटरफॉल्स देखने को मिल जाएंगे। पहाड़ियों से नीचे गिरते झरने देखने में बेहद खूबसूरत लगते हैं। यहां लिंगमाला वॉटरफॉल, धोबी वॉटरफॉल और चाइनामैन वॉटरफॉल जैसे कई पॉपुलर झरने हैं।





### महाबलेश्वर में मंदिर

महाबलेश्वर शहर में कई प्राचीन मंदिर हैं, जिनका ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व है। भगवान शिव को समर्पित महाबलेश्वर मंदिर एक प्रमुख तीर्थ स्थल है। यहां पंचगंगा मंदिर भी है, जो पांच नदियों के उद्गम स्थल का प्रतीक है। इन मंदिरों से यहां कि समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिलती है।

### एडवेंचर एक्टिविटीज

रोमांच के प्रति उत्साही लोगों के लिए महाबलेश्वर बेहतरीन जगह है। सह्याद्री पर्वत की हरी-भरी पगडंडियों पर ट्रेकिंग से लेकर धुंध भरे जंगलों में घुड़सवारी तक, एडवेंचर पसंद लोगों यहां कई तरीके एन्जॉय कर सकते हैं। यहां आप प्राचीन जंगल में रैपलिंग, रॉक क्लाइम्बिंग और कैंपिंग में भी शामिल हो सकते हैं।



### स्ट्रॉबेरी फेस्टिवल

आपको बता दें कि महाबलेश्वर में हर साल स्ट्रॉबेरी फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है। यहां दूर-दूर से लोग इस फेस्टिवल का हिस्सा बनने आते हैं। इस



फेस्टिवल में स्ट्रॉबेरी से बनाई जाने वाली ड्रिंक्स और डेसर्ट की प्रदर्शनी भी लगाई जाती है। महाबलेश्वर जाने का सबसे बेहतरीन समय मार्च से जून तक है। इस दौरान यहां ज्यादा बारिश भी नहीं होती और आप आसानी से घूम सकते हैं।

## आज का मैच




### लखनऊ के इकाना स्टेडियम को मिली भारत-दक्षिण अफ्रीका मैच की मेजबानी



**लखनऊ।** शहर के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी मिली है। यह मुकाबला 17 दिसंबर को खेला जाएगा। शनिवार देर शाम को कोलकाता में हुई बीसीसीआई की अपेक्स काउंसिल की बैठक से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण अफ्रीका की टीम नवंबर-दिसंबर माह में भारत दौरे पर तीन वनडे और पांच टी-20 मैच खेलेगी। इस सीरीज के तहत 17 दिसंबर को दोनों टीमों के बीच चौथा टी-20 मुकाबला खेला जाएगा। इकाना स्टेडियम में यह भारत का चौथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला होगा। फटाफट क्रिकेट मुकाबलों की सफल मेजबानी के लिए शहर का अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम देश भर में खासी शोहरत बटोर चुका है। टी-20 इंटरनेशनल में भी यहां मेजबान भारत का शत प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड रहा है। टीम इंडिया अभी तक यहां खेले सभी मुकाबलों में जीत की हैट्रिक जमा चुकी हैं। ऐसे में 17 दिसंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 17 दिसंबर को होने वाले मुकाबले में भी मेजबान टीम का दबदबा कायम रहने की उम्मीद है। स्टेडियम में भारत का आखिरी टी-20 मुकाबला 29 जनवरी 2023 को खेला गया था, जिसमें भारत ने न्यूजीलैंड को छह विकेट से पराजित किया था। इससे पहले भारत ने श्रीलंका को 22 फरवरी (वर्ष 2022) और वेस्टइंडीज को छह नवंबर (वर्ष 2018) को हरा चुका है।

# सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को 44 रनों से हराया

## सैमसन-जुरेल की मेहनत गई बेकार



**हैदराबाद।** राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल 2025 में अपने पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। इशान किशन (106) ने राजस्थान रॉयल्स के कमजोर आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए 45 गेंदों पर शानदार शतक जड़ा जिससे सनराइजर्स हैदराबाद ने रविवार को आईपीएल के अपने घरेलू मैच में छह विकेट पर 286 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में राजस्थान ने कुछ शुरूआती झटकों के बावजूद संजू सैमसन (67) और ध्रुव जुरेल (70) के अर्धशतकों की बदौलत कोशिश तो की लेकिन वह अंतिम ओवरों में हैदराबाद की सधी हुई गेंदबाजी के कारण 6 विकेट के नुकसान पर 242 रन बनाकर 44 रन से पीछे रह गए। सिमरजीत सिंह और हर्षल पटेल ने हैदराबाद की तरफ से 2-2 विकेट लिए जबकि मोहम्मद शमी, एडम जम्पा ने एक-एक विकेट झटका। इससे पहले हैदराबाद की उमस भरी गर्मी में रॉयल्स के अनुभवहीन कप्तान रियान पराग ने आईपीएल की सबसे सपाट पिच पर पहले गेंदबाजी करने का फैसला करके बड़ी गलती की। ट्रेविस हेड ने पारी की शुरुआत में 31 गेंदों पर 67 रन बनाकर रॉयल्स के गेंदबाजों के खिलाफ मनमुताबिक रन बटोरे और फिर किशन ने 47 गेंदों पर नाबाद 106 रन बनाकर एसआरएच के लिए अपने पदार्पण को यादगार बनाया। हेड और किशन ने दूसरे विकेट के लिए 39 गेंद में 85 रन की साझेदारी की। दोनों ने मिलकर 20 चौके और नौ छक्के लगाए। हैदराबाद ने पिछले सत्र की अपनी लय को जारी रखा लेकिन टीम अंतिम ओवर में दो विकेट गंवाने के कारण अपने और आईपीएल के सर्वश्रेष्ठ स्कोर (तीन विकेट पर 287 रन) को पीछे छोड़ने से चूक गई। जोफ्रा आर्चर ने चार ओवर में 76 रन लुटाए। वह आईपीएल इतिहास में बिना विकेट लिए सबसे ज्यादा रन लुटाने वाले गेंदबाज बन गए।

## आज विशाखापत्तनम में खेला जाएगा

# दिल्ली और लखनऊ के बीच मुकाबला





**विशाखापत्तनम।** नए कप्तान और नई टीम के साथ दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जॉइंट्स की टीम सोमवार को जब यहां आमने-सामने होगी तो उनका लक्ष्य इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के नए सत्र का आगाज जीत से करना होगा. यह लगातार दूसरा वर्ष होगा जबकि दिल्ली की टीम अपने दो घरेलू मैच यहां खेलेगी. अपने आईपीएल करियर में अभी तक केवल दिल्ली की टीम से खेलने वाले ऋषभ पंत इस बार लखनऊ की टीम की कमान संभाल रहे हैं जिसने उन्हें आईपीएल की नीलामी में रिकॉर्ड 27 करोड रुपए में खरीदा था. अपनी महंगी कीमत के कारण पंत का चर्चा में रहना लाजमी है लेकिन यह विकेटकीपर बल्लेबाज इन सब बातों को दरकिनार कर अच्छा प्रदर्शन करके सीमित ओवरों की राष्ट्रीय टीम में अपना स्थान पक्का करना चाहेगा. पंत चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में शामिल थे लेकिन उन्हें एक भी मैच में खेलने का मौका नहीं मिला था.

दूसरी तरफ केएल राहुल हैं जो पिछले दो सत्र में लखनऊ की कमान संभालने के बाद इस बार एक खिलाड़ी के रूप में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेलेंगे. दिल्ली की टीम ने ऑलराउंडर अक्षर पटेल को कप्तान नियुक्त किया है लेकिन बल्लेबाजी में राहुल की भूमिका महत्वपूर्ण होगी. दिल्ली की टीम में दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी बल्लेबाज फाफ डु प्लेसी भी हैं जो पिछले साल तक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की कमान संभाल रहे थे. दिल्ली ने उन्हें उप कप्तान बनाया है. कागजों पर दिल्ली की टीम काफी मजबूत नजर आती है क्योंकि उसके पास विदेशी और भारतीय खिलाड़ियों का अच्छा संयोजन है. दूसरी तरफ लखनऊ के पास केवल छह विदेशी खिलाड़ी नहीं हैं।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे होगा

**दिल्ली कैपिटल्स:** अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, करुण नायर, फाफ डु प्लेसिस, डोनोवन फरेरा, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स (विकेटकीपर), समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, दर्शन नालकंडे, विप्रज निगम, अजय मंडल, मनवंत कुमार, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, मिशेल स्टार्क, टी नटराजन, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा और कुलदीप यादव.

**लखनऊ सुपर जाइंट्स:** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड मिलर, एडेन मार्करम, आर्यन जुयाल, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), मिशेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, युवराज चौधरी, राजवर्धन हंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, आयुष बडोनी, अवेश खान, आकाश दीप, एम सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, आकाश सिंह, शमर जोसेफ, प्रिंस यादव, मयंक यादव, शार्दुल ठाकुर और रवि बिश्नोई.

# विराट और सॉल्ट की साझेदारी से आरसीबी ने जीता पहला मैच



**कोलकाता।** आईपीएल 2025 का पहला मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच खेला गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गत विजेता टीम ने अजिंक्य रहाणे और सुनील नरेन की शतकीय साझेदारी के दम पर 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 174 रन बनाए। जवाब में आरसीबी ने 16.2 ओवर में तीन विकेट खोकर 177 रन बनाए और सात विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। फिल सॉल्ट और विराट कोहली ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 95 रनों की साझेदारी हुई। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज ने महज 25 गेंदों में अपने आईपीएल करियर का सातवां अर्धशतक पूरा किया और 56 रनों की दमदार पारी खेलकर पवेलियन लौटे। उन्हें वरुण चक्रवर्ती ने अपना शिकार बनाया। सॉल्ट के बाद बतौर इम्पैक्ट खिलाड़ी बल्लेबाजी के लिए आए देवदत्त पडिक्कल सिर्फ 10 रन बना सके। वहीं, कप्तान रजत पाटीदार 16 गेंदों में 34 रन बनाकर आउट हुए और टीम को जीत के करीब पहुंचाया। इस मुकाबले में किंग कोहली ने 30 गेंदों में अपने आईपीएल करियर का 56वां पचासा पूरा किया। वह शानदार फॉर्म में नजर आए और टीम को जीत दिलाने में सफल रहे। कोहली अपने 400वें टी20 में 59 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि लियाम लिविंगस्टोन ने 15* रन बनाए। वहीं, केकेआर के लिए वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती और सुनील नरेन ने एक-एक विकेट हासिल किया। इससे पहले, कोलकाता की शुरुआत झटके के साथ हुई थी। जोश हेजलवुड ने पहले ही ओवर में क्विटंन डिकॉक को अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ चार रन बना सके। इसके बाद मोर्चा सुनील नरेन और अजिंक्य रहाणे ने संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 55 गेंदों में 103 रनों की तूफानी साझेदारी हुई। कप्तान रहाणे ने महज 25 गेंदों में अपने आईपीएल करियर का 31वां अर्धशतक जड़ा। वह 31 गेंदों में 56 रन बनाकर आउट हुए जबकि नरेन वेस्टइंडीज के स्टार क्रिकेटर नरेन ने पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 44 रन बनाए। इसके बाद केकेआर की पारी लड़खड़ाई और उन्होंने गुच्छों में विकेट गंवाए। अंगकृष रघुवंशी ने 30, वेंकटेश अय्यर ने छह, आंद्रे रसेल ने चार, हर्षित राणा ने पांच रन बनाए।

## चोटिल मोहसिन खान की जगह लखनऊ टीम में

# शार्दुल ठाकुर को जगह



**नई दिल्ली।** नीलामी में नहीं बिकने वाले भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में वापसी के लिए तैयार हैं और लखनऊ सुपर जाइंट्स (LSG) ने उन्हें चोटिल मोहसिन खान के स्थान पर टीम में शामिल किया है। नए कप्तान ऋषभ पंत के नेतृत्व में एलएसजी सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। आईपीएल में बयान में कहा, 'लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान की जगह शार्दुल ठाकुर को अपनी टीम में शामिल किया है। मोहसिन चोट के कारण टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें सत्र से बाहर हो गए हैं। फ्रेंचाइजी ने ठाकुर को दो करोड रुपए के आधार मूल्य में अपनी टीम से जोड़ा है।'

रिपोर्ट के अनुसार 33 वर्षीय ठाकुर अभी विशाखापत्तनम में लखनऊ की टीम के साथ हैं। पांव की सर्जरी के बाद वापसी करने पर ठाकुर ने मुंबई की तरफ से रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने इस राष्ट्रीय टूर्नामेंट में नौ मैचों में 505 रन बनाए और 35 विकेट लिए। आईपीएल नीलामी में नहीं चुने जाने के बाद ठाकुर ने काउंटी क्रिकेट खेलने के लिए एसेक्स के साथ अनुबंध किया था। रिपोर्ट में आगे कहा गया है, 'ठाकुर ने पहले ही एसेक्स को बता दिया था कि अगर आईपीएल की कोई फ्रेंचाइजी अगर किसी चोटिल खिलाड़ी के स्थान पर उन्हें अपनी टीम में शामिल करती है तो वह यह प्रस्ताव स्वीकार कर लेंगे।' रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल दिसंबर में विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान मोहसिन के दाहिने घुटने में चोट लग गई थी।

# बतौर कप्तान पहली जीत से खुश हैं पाटीदार



**कोलकाता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को सात विकेट से हराकर आईपीएल 2025 में अपने अभियान का शानदार आगाज किया। शनिवार को 18वें सत्र के पहले मैच में आरसीबी के खिलाड़ी अपने नए कप्तान रजत पाटीदार की अगुआई में खेलने उतरे और गत विजेता टीम को उनके ही घर में पटखनी दे डाली। इस पर विजेता टीम के कप्तान ने खुशी जताई और स्टार विराट कोहली को जीत का श्रेय दिया।

पाटीदार ने मुकाबले के बाद कहा- मेरे ऊपर दबाव था, लेकिन यह मेरे लिए अच्छा दिन था। उम्मीद है कि ऐसे और दिन आएंगे। विराट कोहली के कप्तान तौर पर खेलना बहुत अच्छा लगता है। वह काफी समर्थन करते हैं, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक से सीखने का यह एक शानदार मौका है। बता दें कि, टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गत विजेता टीम ने अजिंक्य रहाणे और सुनील नरेन की शतकीय साझेदारी के दम पर 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 174 रन बनाए। जवाब में आरसीबी ने 16.2 ओवर में तीन विकेट खोकर 177 रन बनाए और 22 गेंदों के शेष रहते मैच अपने नाम कर लिया।

# इलेक्ट्रॉनिक्स प्रीमियर लीग की घोषणा

**बेंगलुरु।** Amazon.in अपने पहले इलेक्ट्रॉनिक्स प्रीमियर लीग की घोषणा करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसमें स्मार्टफोन, बड़े उपकरणों, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और टेलीविजन के विस्तृत चयन पर टॉप ब्रांड्स की ओर से आकर्षक डील्स और ऑफर पेश किए जाएंगे। गैजेट के शौकीन अत्याधुनिक स्मार्टफोन और शक्तिशाली लैपटॉप से लेकर प्रीमियम स्मार्टवॉच, हेडफोन, टेलीविजन और बहुत कुछ यहां खरीद सकते हैं। इसके अलावा, ग्राहक इस महीने किफायती विकल्पों के साथ अपने तकनीकी गेम को अपग्रेड कर सकते हैं, जिसमें नो कॉस्ट ईएमआई, इंस्टैंट बैंक छूट, एक्सचेंज बोनस और बहुत कुछ शामिल हैं। चाहे आप तकनीकी उत्साही हों या सही अपग्रेड की तलाश में हों, अब सैमसंग, जेबीएल, हायर, बोट, लेनोवो, वनप्लस, आईक्यूओओ, गोप्रो, एलजी, सोनी और कई अन्य ब्रांड्स से अपने पसंदीदा गैजेट लेने का यह सही समय है। इस अवसर को हाथ से न जाने दें, यह सेल 26 मार्च 2025 तक लाइव रहेगी। इस इवेंट पर टिप्पणी करते हुए, ज़ेबा खान, डायरेक्टर, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, अमेजन इंडिया, ने कहा 'क्रिकेट सीज़न खेल प्रेमियों के लिए बेहतर अनुभव के लिए अपने तकनीकी सेटअप को अपडेट करने का एक अच्छा समय है। इस क्रिकेट का जश्न मनाने के लिए, हम 21 मार्च से अमेजन इंडिया पर इलेक्ट्रॉनिक्स प्रीमियर लीग लॉन्च करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। यह इवेंट स्मार्टफोन और एक्सेसरीज, स्मार्ट टीवी और प्रोजेक्टर, लैपटॉप, टैबलेट, हेडफोन, साउंडबार, कैमरा, एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर आदि सहित कई श्रेणियों में शानदार डील्स पेश करता है। यह समयबद्ध कार्यक्रम ग्राहकों को शीर्ष ब्रांड्स से शानदार डील, नवीनतम तकनीक तक पहुंच और तेज डिलीवरी की सुविधा प्रदान करता है।

# अजिंक्य रहाणे ने करारी हार के बाद कहा-घबराने की जरूरत नहीं



**कोलकाता :** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आईपीएल के शुरुआती मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से मिली सात विकेट की करारी हार के बाद कहा कि अभी किसी भी तरह से घबराने की जरूरत नहीं है। मौजूदा चैंपियन कोलकाता की टीम ने बल्लेबाजी में अच्छी शुरुआत की थी लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाई और आठ विकेट पर 174 रन ही बना सकी। आरसीबी ने 22 गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर दिया। रहाणे ने मैच के बाद कहा, 'यह सत्र का हमारा पहला मैच था तथा हमारे पास कुछ ऐसे बल्लेबाज हैं जो आक्रामक होकर खेलना पसंद करते हैं। मैं कुछ खास विभाग की चर्चा नहीं करना चाहता हूं। हमने कुछ क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन किया। कुछ क्षेत्र ऐसे होते हैं जिनमें एक टीम और एक खिलाड़ी के रूप में सुधार की हमेशा गुंजाइश रहती है।' उन्होंने कहा, 'हमें किसी तरह से घबराने की जरूरत नहीं है। हमें अपने प्रदर्शन पर बहुत अधिक विचार करने की भी जरूरत नहीं है। गेंदबाजों के लिए यह मुश्किल प्रारूप है। हमारे गेंदबाजों ने अपनी तरफ से अच्छा प्रयास किया। वे कड़ी मेहनत कर रहे हैं। मेरे लिए यह हमेशा नियंत्रण बनाए रखने से जुड़ा है।'

रहाणे ने कहा, ' हमारे जो खिलाड़ी बाहर बैठे हैं वह भी उतने ही अच्छे हैं लेकिन हमें अपने संयोजन पर गौर करना होगा।' चोट से उबर कर वापसी करने वाले आरसीबी के तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड ने चार ओवर में 22 रन देकर दो विकेट लिए और अपनी टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऑस्ट्रेलिया का यह चौतीस वर्षीय गेंदबाज भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के केवल दो मैच में खेल पाया था।

पिछले साल अपने पहले बच्चे के जन्म के कारण आईपीएल में नहीं खेल पाने वाले हेज़लवुड ने कहा, 'मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। मुझे लग रहा है कि मैंने मैच में अच्छा प्रदर्शन किया। केवल चार ओवर करने से काफी मदद मिलती है।' उन्होंने कहा, 'मैंने पिछले साल दिसंबर से कोई मैच नहीं खेला था और इसलिए मैं शारीरिक और मानसिक तौर पर तरोताजा महसूस कर रहा हूं। मैंने वापसी करने के लिए कड़ी मेहनत की। उम्मीद है कि मैं आगे भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखूंगा।'

# दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी करना चाहते हैं रबाडा, दिया यह बयान



**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा का कहना है कि अगर क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (CSA) उन्हें राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की पेशकश करता है तो वह इस पर गंभीरता से विचार करेंगे क्योंकि वह कई भूमिकाएं निभाने के खिलाफ नहीं है। आधुनिक समय के महान तेज गेंदबाजों की तिकड़ी में जसप्रीत बुमराह और पैट कमिंस के साथ रबाडा तीसरे गेंदबाज हैं। इनमें से कमिंस नियमित ऑस्ट्रेलियाई कप्तान हैं जबकि बुमराह भारत के लिए टेस्ट और टी20अंतरराष्ट्रीय में अस्थायी कप्तान रहे हैं। रबाडा को अगर मौका मिलता है तो वह भी इस भूमिका में उनके साथ जुड़ना चाहते हैं इसलिये 29 वर्षीय यह खिलाड़ी इस बड़ी जिम्मेदारी के लिए जरूरी मानसिक बदलाव के बारे में सोच रहा है। रबाडा ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मुझसे यह सवाल कई बार पूछा गया है। इसने मुझे इस पर विचार करने के लिए मजबूर किया है। मुझे लगता है कि इसके लिए मेरी ओर से कुछ परिपक्वता की आवश्यकता होगी। लेकिन अगर क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका या किसी कोच द्वारा मुझसे यह सवाल पूछा जाता है तो मैं इस पर गंभीरता से विचार करूंगा।'

# चौथे टी-20 में पाकिस्तान ने गंवाई सीरीज




**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड ने रविवार को बे ओवल के माउंट माउंगानुई में खेले गए चौथे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में पाकिस्तान को 115 रन से हराया। इसके साथ ही कीवी टीम ने पाकिस्तान पर पांच मैचों की टी-20 सीरीज में 3-1 की बढ़त कायम करते हुए सीरीज पर कब्जा जमा लिया। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 220 रन बनाए और पाकिस्तान को 16.2 ओवर में 105 रन पर ऑलआउट कर मुकाबले को अपने नाम कर लिया। इससे पहले न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को टी-20 सीरीज के पहले मैच में 9 विकेट, दूसरे में 5 विकेट से हराया था, जबकि तीसरे मुकाबले में मेहमान टीम को 9 विकेट से जीत हासिल हुई थी।

पाकिस्तान के कप्तान आगा सलमान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी को उतरी न्यूजीलैंड टीम की शुरुआत अच्छी रही। ओपनर टिम सीफर्ट और फिन एलन ने कीवी टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों टीमों के बीच 25 गेंद में 59 रन की साझेदारी हुई। टिम सीफर्ट 22 गेंद में 3 चौके और 4 छक्के संग 44 रन बनाए। इसके बाद ऑलराउंडर मार्क चैपमैन ने फिन एलन के साथ पारी को आगे बढ़ाया और दूसरे विकेट के लिए 25 गेंद में 49 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी को तेज गेंदबाज अब्बास अफरीदी ने 10.1वें ओवर में फिन एलन को हसन नवाज के हाथों कैच कराकर तोड़ा। फिन एलन अर्द्धशतक ठोकने के बाद आउट हुए, जिन्होंने 20 गेंदों का सामना किया और 50 रन बनाए। उन्होंने अर्द्धशतकीय पारी में 6 चौके और 3 छक्का लगाया। उन्हें इस शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड प्रदान किया गया। फिन एलन के आउट होने के बाद 11.2वें ओवर में जेम्स नीशम (3), 13.2वें ओवर में मिशेल हे (3) कुछ खास नहीं कर पाए। हे के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने डेरिल मिशेल के साथ पारी को संभाल और तेजी के साथ रन भी बटोरे। 19वें ओवर की दूसरी गेंद पर हारिस रउफ ने डेरिल मिशेल (29) को आउट कर पाकिस्तान के लिए छठा विकेट झटका। माइकल ब्रेसवेल ने 26 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 46) रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। जकारी फौल्केस (तीन) रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 220 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

## गुवाहाटी में पहली बार होगा टेस्ट मैच का आयोजन

# 2025 में महिला विश्व कप की भी करेगा मेजबानी



**नई दिल्ली।** असम का शहर गुवाहाटी पहली बार टेस्ट मैच की मेजबानी के लिए तैयार है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच नवंबर में जब टेस्ट सीरीज होगी तो उत्तरपूर्व क्षेत्र का यह शहर लाल गेंद के क्रिकेट मैच की मेजबानी करेगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने रविवार को इसकी जानकारी दी। इस साल महिला विश्व कप का भी आयोजन होना है और सैकिया का कहना है कि गुवाहाटी पहली बार विश्व कप मैच की मेजबानी भी करेगा। भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा टेस्ट गुवाहाटी में होगा। सैकिया ने बताया कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला गुवाहाटी के असम क्रिकेट संघ (एसीए) में 22 नवंबर से होगा। सैकिया ने कहा कि इससे गुवाहाटी टेस्ट क्रिकेट के नक्शे पर आ जाएगा। सैकिया ने कहा, अब तक कोई भी टेस्ट मैच या विश्व कप का मुकाबला गुवाहाटी में नहीं हुआ है, लेकिन शनिवार को हुई बीसीसीआई शीर्ष परिषद की बैठक में फैसला लिया गया है और इस साल गुवाहाटी इन दोनों मैचों की मेजबानी करेगा।



# सलमान खान के बाइसेप्स देख फैंस गदगद

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान बीते शनिवार को एक क्रिकेट मैच में शामिल हुए। इसका आयोजन टीबी रोगियों के प्रति जागरुकता बढ़ाने के इरादे से किया गया था। मैच के दौरान सलमान को महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के साथ बैठे देखा गया। उनके नए लुक ने फैंस का ध्यान खींचा है। खासतौर से तब, जब कुछ दिनों पहले उनके 'बूढ़े' होने की बात कही जा रही थी। दरअसल, बीते दिनों सलमान खान की कुछ फोटोज और वीडियो वायरल हुए थे।

'सिकंदर' की शूटिंग पूरी करने के बाद नजर आए एक्टर को देखकर कई लोग हैरान थे कि वो पर्दे पर तो इतने जवान दिखते हैं, लेकिन असल जिंदगी में वो बूढ़े हो रहे हैं। उनके चेहरे की झुर्रियों और फिटनेस की कमी पर काफी चर्चा हो रही थी। एक फैन ने चिंता जताते हुए लिखा था, 'बचपन का हीरो बूढ़ा हो रहा है।' पर अब सलमान के नए लुक को देख फैंस बेहद खुश हैं। सलमान खान कैप्टन अमेरिका प्रिंट वाली नीली टी-शर्ट में स्टाइलिश लग रहे थे। उन्होंने अपनी आस्तीन ऊपर की, अपनी बाइसेप्स को फ्लॉन्ट किया और अपने लुक को स्लीक हेयर के साथ पूरा किया। उन्हें देखकर एक ने लिखा, 'भाई फ्रेश दिख रहे है।' दूसरे ने कॉमेंट किया, 'वे बाइसेप्स (फायर इमोजी)।' एक और फैन ने कॉमेंट किया, '60 साल के सबसे हैंडसम लोगों में से एक।' एक और ने लिखा, 'उस पोज के साथ वो खुद सोच रहे होंगे- बुड्ढा बोल रहे थे मुझे। सलमान का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें पोज देते समय पपाराजी ने उन्हें नजदीक आने को कहा। इसके बाद एकनाथ शिंदे ने उनका हाथ खींचते हुए उन्हें अपने पास किया।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की शुरुआत 22 मार्च को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में भव्य उद्घाटन के साथ हुई। बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने इस इवेंट की शोभा बढ़ाई और इसकी होस्टिंग भी की। सितारों से सजी शाम से राष्ट्रगान के दौरान शाहरुख खान का एक वीडियो वायरल हो गया है और ये दिल जीत रहा है।

# IPL में शाहरुख ने राष्ट्रगान के वक्त जीता दिल फैंस का



फैंस उनके इस प्यारे इशारे पर जमकर रिएक्ट कर रहे हैं। एक फैन ने शाहरुख खान की तस्वीरें एक्स हैंडल पर शेयर कीं। जैसे ही राष्ट्रगान बजना शुरू हुआ एक्टर ने अपना चश्मा उतारा और गाना शुरू कर दिया। एक फोटो में वो आंखें बंद किए भी दिख रहे हैं। यह इशारा उनके फैंस को छू गया और उन्होंने उनकी तारीफ की। शाहरुख खान ने मंच पर आकर दुनिया भर के क्रिकेट फैंस को उनके अटूट सपोर्ट के लिए धन्यवाद दिया और सितारों से सजी लाइनअप से भी मिलवाया। सुरीली श्रेया घोषाल ने ओपनिंग सेरेमनी में गाना गाया, उसके बाद दिशा पाटनी और करण औजला ने भी परफॉर्म किया। अपने बेमिसाल करिश्मे के लिए मशहूर शाहरुख ने इस इवेंट में एक स्टाइल स्टेटमेंट दिया। उन्होंने पूरी तरह से काले रंग की ड्रेस पहनी थी जिसमें पैंट, बटनों से खुली काली शर्ट और ब्लैक जैकेट थी। सिल्वर बकल वाली बेल्ट, चेन डिटेल, सनग्लास और जूतों में शाहरुख डैशिंग लग रहे थे। पूजा ददलानी की इंस्टाग्राम पोस्ट की बदौलत फैंस को उनके लुक को करीब से देखने का मौका मिला, जिसमें शाहरुख को आईटीसी सोनार बांग्ला में संगमरमर की सीढ़ी से उतरते हुए दिखाया गया था। कैप्शन में लिखा था, 'आईपीएल 2025! कोरबो लोरबो जीतबो! गो @kkriders', पोस्ट ने सीजन की शुरुआत में चार चांद लगा दिया।

बॉलीवुड अदाकारा अर्चना पूरन सिंह ने हाल ही में अपने परिवार के साथ एक मजेदार पाव भाजी चैलेंज लिया। अपने नए व्लॉग में उन्हें मुंबई में परिवार के साथ नाश्ते के लिए बाहर जाते हुए देखा गया। हालांकि, जिस चीज़ ने सभी का ध्यान खींचा वह थी उनके बेटे आर्यमान की एक्टिंग स्किल। जैसे ही वे रेस्टोरेंट पहुंचे और ऑर्डर देने वाले थे, आर्यमन वेटर बन गए और मेन्यू सुनाना शुरू कर दिया।

# अर्चना पूरन सिंह के बेटे ने वेटर बनकर जीता सबका दिल



उन्हें टी-शर्ट पहने और स्लिंग बैग लिए देखा गया। उनकी इस मजेदार एक्टिंग ने न केवल उनके परिवार को खूब हंसाया बल्कि इंटरनेट पर भी खूब चर्चा बटोरी। यह क्लिप ऑनलाइन सामने आई और कई यूजर्स ने महसूस किया कि वह नेपो किड्स से बेहतर हैं। एक कमेंट में लिखा था- उसके पास एक कला है और उसका सेंस ऑफ ह्यूमर भी बहुत बढ़िया है। एक ने कहा- उसकी मां से मिली है कॉमेडी। एक इंटरनेट यूजर ने लिखा- यार, वह बहुत अच्छा है, वह बेहतर रोल्स का हकदार है। एक ने कहा- वह अच्छा है लेकिन उसके माता-पिता दोनों ही एक्टर और कलाकार हैं, इसलिए वह एक नेपो किड भी है। लेकिन यह देखकर खुशी हुई कि वह दूसरों से कहीं बेहतर है। एक ने लिखा- टपोरी... उच्चारण और एक्टिंग दोनों ही बहुत अच्छे हैं। एक ने कहा- वह अगले बाबू भैया हैं। इंटरनेट यूजर्स आर्यमान की एक्टिंग को देखकर हंसना बंद नहीं कर पाए और उनकी खूब तारीफ की। उनके इंस्टाग्राम प्रोफ़ाइल से पता चलता है कि वह एक सिंगर बनना चाहते हैं। उन्होंने 13 जनवरी को कबीर हीरानंदानी का अपना पहला सिंगल 'समा' रिलीज़ किया था। इसके बाद 'बंजारा' और 'फॉर यू रिलीज' हुए। उनका सबसे हालिया वीडियो 'छोटी बातें' उनके भाई ने डायरेक्ट किया था।

# ट्विंकल खन्ना ने अपने एक्टिंग कैरियर में दी ये फ्लॉप फिल्में



अक्षय कुमार की पत्नी एक्ट्रेस ट्विंकल खन्ना ने अपनी 13 फिल्मों की लिस्ट में अधिकतर फ्लॉप फिल्में दीं। इन फिल्मों के फ्लॉप होने के बाद एक्ट्रेस ने अपने करीब 6 साल के एक्टिंग करियर को अलविदा कह दिया। राजेश खन्ना और डिंपल कपाड़िया की बेटी ट्विंकल खन्ना अपनी एक्टिंग से ऑडियंस को इम्प्रेस नहीं कर सकीं। एक्ट्रेस ने इंडस्ट्री में अपने 6 साल के करियर में सिर्फ 13 फिल्में दीं जिसमें से अधिकतर फ्लॉप रहीं। सैफ अली खान के साथ फिल्म दिल तेरा दीवाना साल 1996 में रिलीज़ हुई थी। ये एक्ट्रेस के करियर की तीसरी फिल्म थी। हालांकि, अपनी पहली दोनों फिल्मों की तरह ट्विंकल कोई खास कमाल नहीं कर पाई और ये फिल्म फ्लॉप हो है। ट्विंकल खन्ना ने अभिषेक कपूर के साथ उफ़ ये मोहब्बत नाम की फिल्म की थी। 1996 में आई इस फिल्म पर मेकर्स ने करोड़ों खर्च किए थे लेकिन ये फिल्म 71 लाख कमा कर ही सिमट गई। फिल्म एक्ट्रेस के करियर की सबसे बड़ी फ्लॉप कही जाती है। बॉक्स ऑफिस इंडिया ने इस फिल्म को डिजास्टर बताया है अजय देवगन और ट्विंकल खन्ना ने पहले जान नाम की फिल्म में काम किया था। फिल्म हिट रही थी। ऐसे में मेकर्स को उम्मीदें थीं कि फिल्म इतिहास में में भी ये जोड़ी चल जाएगी। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। अमरीश पूरी जैसे एक्टर के होने के बाद भी ये फिल्म बड़ी फ्लॉप साबित हुई। अक्षय कुमार की सभी खिलाड़ी नाम की फिल्मों ने अच्छी कमाई थी। लेकिन ट्विंकल खन्ना के साथ उनकी फिल्म इंटरनेशनल खिलाड़ी ऑडियंस को कुछ खास पसंद नहीं आई। बॉक्स ऑफिस इंडिया ने फिल्म को अवेरज से भी नीचे बताया है। अक्षय कुमार के साथ ट्विंकल खन्ना की ये दूसरी फिल्म थी जुल्मी। फिल्म में अरुणा ईरानी, दारा सिंह जैसे एक्टर्स थे। लेकिन ये फिल्म ऑडियंस को कुछ खास पसंद नहीं आई और फ्लॉप साबित हुई। आमिर खान और फैजल खान के साथ फिल्म मेला टीवी ऑडियंस को पसंद आई है। लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ये एक बड़ी फ्लॉप थी। फिल्म की कहानी और एक्ट्रेस की एक्टिंग ने ऑडियंस को निराश कर दिया था। सैफ अली खान, फरदीन खान और आफताब शिवदासानी की फिल्म में ट्विंकल खन्ना ने काम किया था। फिल्म को राम गोपाल वर्मा ने प्रोड्यूस किया था। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्म कोई खास कमाल नहीं कर पाई और फ्लॉप हो गई।

# एक्टर बने मिर्जापुर के 'कविराज'



मिर्जापुर सीजन 3 में कविराज का किरदार निभाने वाले पल्लव सिंह आपको याद होंगे। सीरीज में वो जेल में बंद होते हैं और बाकी कैदियों को अश्लील शायरियां सुनाते हैं। सीजन के रिलीज होने के बाद 'कविराज' मीम्स की दुनिया पर छा गए थे। अब 'कविराज' पल्लव सिंह ने अपने करियर और पर्सनल लाइफ से जुड़ी कई बातें बताईं। उन्होंने बताया कि एक्टिंग में आने से पहले वो अमेजन में 23 लाख की नौकरी कर रहे थे। उस नौकरी को छोड़कर पल्लव एक्टिंग की दुनिया में आए। डिजिटल कमेंट्री के साथ खास बातचीत में पल्लव सिंह ने बताया कि वो नौकरी में खुश नहीं थे और उनके जीवन में दो घटनाएं हुईं जिसके बाद उन्होंने नौकरी छोड़कर एक्टिंग की दुनिया में आने का फैसला लिया। पॉडकास्ट के होस्ट ने पल्लव से कहा कि आप अमेजन में थे, तो वहां से कैसे सब छोड़-छाड़ कर नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में आए? पल्लव ने कहा कि अमेजन में उनकी नौकरी थी, पैसा अच्छा था, साल का करीब 23 लाख रुपये मिल रहा था। उन्होंने कहा कि मुझे बाद में एहसास हुआ कि पहला महीना तो कमाल था। पहले महीने में करीब 25 हजार के जूते खरीद लिए, 18-19 हजार की जैकेट खरीद ली, लेकिन बाद में उन्हें लगा कि क्या इसकी जरूरत थी? उन्होंने बताया कि उस वक्त उन्होंने अपने पिता को फोन करके कहा था कि उन्हें एहसास हो गया कि शौक मां-बाप के पैसों से पूरे होते हैं, अपने पैसों से जरूरतें। उस नौकरी ने पल्लव को ये एहसास कराया।



# साल की सबसे बड़ी हिट बनी विकी कौशल की 'छावा'

विकी कौशल और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'छावा' इतने हफ्ते बाद भी बॉक्स ऑफिस पर लगातार टिकी हुई है। आज के वक्त में जहां फिल्में बमुश्किल सिनेमाघरों में 3 हफ्ते टिक पाती हैं, वहीं 'छावा' डेढ़ महीने बाद भी सिनेमाघरों में अपनी जगह पक्की किए हुए है। माना जा रहा है कि 'सिकंदर' की रिलीज के बाद इसे थोड़ी चुनौती मिल सकती है। फिलहाल तो यह फिल्म मेकर्स को मालामाल कर रही है और शनिवार की कमाई के बाद यह साल 2025 की अभी तक की सबसे बड़ी फिल्म बन चुकी है। रिलीज के बाद छठवें शनिवार (22 मार्च) को फिल्म ने 3 करोड़ 70 लाख रुपये का बिजनेस किया और इस तरह फिल्म की भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कुल कुमाई 578 करोड़ 65 लाख रुपये हो चुकी है। वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो यह आंकड़ा 775 करोड़ 75 लाख रुपये हो चुका है। सिर्फ हिंदी वर्जन से सिनेमाघरों में 14.90% सीटें बुक हो रही हैं और 2477 शोज फिल्म के चल रहे हैं। चेन्नई में जहां सिर्फ 5 शोज चल रहे हैं वहीं ऑक्यूपेंसी लेवल 75% है। हैदराबाद में फिल्म के 54 शोज चल रहे हैं और ऑक्यूपेंसी लेवल 32 प्रतिशत है। 'छावा' को भारतीय बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनने के लिए अब सिर्फ 2 ही फिल्मों को बीट करना बाकी रह गया है। छावा के ऊपर अब सिर्फ राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की फिल्म 'स्त्री-2' (कमाई- 627 करोड़) और 'जवान' (कमाई- 643 करोड़) ही बची है। वहीं वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में 'छावा' को अभी बहुत लंबा सफर तय करना है। दुनिया भर में सबसे ज्यादा कमाई के मालमे में अभी छावा के ऊपर पीके, सीक्रेट सुपरस्टार, पठान, जवान और दंगल जैसे नाम काबिज हैं।

बॉलीवुड में मिस्टर परफेक्शनिस्ट के नाम से फेमस आमिर खान ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपनी पहली पत्नी रीना दत्ता के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि जब वो रीना दत्ता से अलग हुए तो उन्हें कुछ भी समझ नहीं आता था। वो डिप्रेशन में चले गए थे और बहुत ज्यादा शराब पीने लगे थे। उन्होंने बताया कि वो अपने काम पर फोकस नहीं कर पा रहे थे। रीना दत्ता और आमिर खान की शादी 1986 में हुई थी। साल 2002 में दोनों का तलाक हो गया था। इंस्टेंट बॉलीवुड से खास बातचीत में आमिर खान ने बताया, "जब मेरा और रीना का रिश्ता टूटा, मैं दो से तीन साल तक शोक में था। मैं काम नहीं कर रहा था, स्क्रिप्ट्स नहीं सुन रहा था। मैं घर पर अकेला होता था और करीब डेढ़ साल तक मैंने खूब शराब पी।"


# आमिर पहली पत्नी से तलाक के बाद हो गए थे 'देवदास'

आमिर खान ने आगे बताया, "आपको जानकर हैरानी होगी, मैंने कभी शराब नहीं पी थी। अलग होने के बाद, मुझे पता नहीं था कि मैं क्या करूं। मैं रात को सो नहीं पाता था, और मैंने पीना शुरू कर दिया था। कभी नहीं शराब पीने वाला मैं, दिन में एक बोतल खत्म कर देता था। मैं देवदास जैसा हो गया था, जो अपने आप को तबाह करना चाहता था। मैंने ऐसा करीब डेढ़ साल तक किया। मैं डिप्रेशन में चला गया था।" हालांकि, आमिर खान ने हाल ही में बताया था कि वो अब शराब का सेवन नहीं करते हैं। उन्होंने कहा, आपने जो खोया है, उसका सामना आपको करना पड़ता है। आपको मानना पड़ेगा है कि जो कभी आपका था, अब आपके पास नहीं है। ये भी मानना चाहिए कि जो था वो आपके लिए कितना अच्छा था, और आप उसे कितना मिस करेंगे जब वो आपके पास नहीं होगा।"



# चुम दरांग ने करणवीर मेहरा संग डेटिंग से किया इंकार

बिग बॉस 18 के विनर करणवीर मेहरा और चुम दरांग ने वैलेंटाइन डे एक साथ मनाते हुए अपने रोमांटिक रिश्ते की पुष्टि की थी। चुम ने कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए थे, जिसमें वह खास दिन पर करणवीर के साथ कुछ रोमांटिक पल बिताती नजर आई थीं। हालांकि, गंगूबाई काठियावाड़ी की एक्ट्रेस ने अब करण को डेट करने से इंकार कर दिया है। चुम ने कहा, 'हमारे बीच कुछ भी नहीं है, यह सिर्फ दोस्ती है। अगर भविष्य में कुछ हुआ तो लोग इसके बारे में जान जाएंगे। मैंने 14 तारीख (वेलेंटाइन डे) को कुछ पोस्ट किया और लोगों ने हमारे रिश्ते की पुष्टि कर दी। कुछ भी नहीं है, कोई रिश्ता नहीं है। रिश्ते का नाम दोस्ती है।' इसके अलावा, चुम दरांग ने कहा कि बिग बॉस के घर में आने से पहले वह श्योर थीं कि वह कोई रोमांटिक एंगल नहीं बनाएंगी। उन्होंने कहा कि करण के साथ-साथ शिल्पा शिरोडकर और दिग्विजय सिंह राठी के साथ उनका रिश्ता भी वैसा ही है। चुम दरांग ने कहा, 'बाहर हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या है।' वेलेंटाइन डे पर, करणवीर मेहरा एक वीडियो में चुम के लिए अपने प्यार का खुलकर इजहार करते नजर आए, जहां उन्होंने कहा, 'रोजेस आर रेड, वायलेट्स आर ब्लू आई डोन्ट केयर, आई लव यू।' इससे चुम शरमा गईं और बाद में लोगों को लगा कि दोनों डेट कर रहे हैं।





# मीना कुमारी की काबिलियत न समझनेवाले लोगों पर कंगना रनौत ने कसा तंज

कंगना रनौत को बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग के अलावा बेबाक अंदाज के लिए भी जाना जाता है। एक्ट्रेस किसी भी मुद्दे पर बेधड़क अपनी राय रखती हैं। कंगना अपने मन में कुछ भी नहीं रखतीं। वो जैसी सामने हैं वैसे ही बाहर भी हैं।

## कंगना ने की मीना कुमारी की तारीफ

अब अपने एक नए पोस्ट में कंगना ने दिग्गज अदाकारा मीना कुमारी को लेकर कुछ बोला है। कमाल अमरोही की क्लासिक ड्रामा ₹पाकीजा₹ से एक किस्सा शेयर करते हुए, कंगना ने बताया कि मीना कुमारी ने फिल्म में जो गहने और कपड़े पहने थे वो उन्होंने खुद ही डिजाइन किए थे।

ड्रामा से मीना कुमारी के लुक की कुछ झलकियां कंगना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज में शेयर की हैं।

इंस्टाग्राम स्टोरीज में शेयर किया पोस्ट कंगना ने लिखा, 'पाकीजा में मीना कुमारी के कॉस्ट्यूम किसने डिजाइन किए थे? खुद मीना कुमारी ने अपने लिए आइकॉनिक कॉस्ट्यूम डिजाइन किया था।' इसके आगे उन्होंने लिखा, ₹शुद्ध सोने की कढ़ाई वाला उनका हरा आउटफिट आज भी उनके प्रशंसकों को याद है। कंगना ने कहा, ₹उनका पहनावा किरदार के प्रति उनकी गहरी समझ को दर्शाता है। उन्होंने खुद ही अपने लुक को तैयार किया और अपने आभूषण खुद खरीदे।

## महिलाओं को वस्तु मानते हैं

कंगना ने आगे एक बहुत ही महत्वपूर्ण बिंदु उठाया कि कैसे हमारा समाज महिलाओं को वस्तु के रूप में देखने का आदी है और उनकी बुद्धि को पूरी तरह से अनदेखा करता है। अभिनेत्री ने शेयर किया, क्या हम यह जानते हैं? साथ ही, क्या हम यह भी जानते हैं कि वह एक महान कवि और गीतकार भी थीं? एक खूबसूरत महिला की प्रतिभा को हमेशा कम आंका जाता है, ताकि उसे आसानी से सेक्सुअलाइज किया जा सके। उसकी बुद्धि की कभी तारीफ नहीं की जाती।

कंगना आने वाले समय में आर माधवन के साथ एक फिल्म में नजर आएंगी। ये एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी जिसका टाइटल अभी तय नहीं हुआ है। इस फिल्म का निर्देशन एएल विजय ने किया है। इसके अलावा, अपकमिंग फिल्मों में उनकी 2019 की फिल्म मणिकर्णिकाः द क्वीन ऑफ़ झांसी का बहुप्रतीक्षित सीक्वल द लीजेंड ऑफ दिद्दा भी शामिल है।